www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, मंगलवार, 21 नवम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -226 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





कांग्रेस के शासनकाल में किसान कर्ज में डूबे 02
■ राजधानी दिल्ली में दस हजार से अधिक होम गार्ड की...
■ रेरा अधिसूचना से व्यक्तिगत संपत्ति मालिकों के हितों ... 03
■ गजा में तलाशी और बचाव अभियान में शामिल हुईं...
■ गजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 13,000 ... 07
'बन टिक्की' से बॉलीवुड में कमबैक करेंगी जीनत... 10

## सार संक्षेप

### पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत अस्पताल में भर्ती



**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को अचानक मैक्स अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनकी स्थिति सामान्य है। डॉक्टर ने हरीश रावत को पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत बताई है। उनके अस्पताल में भर्ती होने की खबर के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा उनसे मिलते पहुंचे है। पिछले दिनों हादसे में घायल होने के बाद से ही पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को कुछ दिक्कत हो रही थी। कुछ दिन पहले भी हरीश रावत की तबीयत बिगड़ी थी।

### फर्जी खबरें रोकने के लिए फैक्ट चेक यूनिट बनाएगी सरकार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने झूठी खबरों और सूचना प्रचार का मुकाबला करने के लिए फैक्ट चेक यूनिट स्थापित करने का फैसला किया है। राज्य मंत्री प्रियांक खड़गे ने सोमवार को घोषणा की। राज्य के आईटी मंत्री के मुताबिक, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने इस संबंध में एक टेंडर जारी किया है और पांच कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया है। सोमवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि एक बार इन कंपनियों की सत्यापन प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, कंपनियों के नामों की घोषणा की जाएगी।

### राष्ट्रीय फार्मेसी आयोग विधेयक पर जनता से मांगी राय




**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय फार्मेसी आयोग विधेयक, 2023 के प्रारुप पर आम जनता से राय मांगी है। मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि विधेयक के प्रारुप पर 14 दिसंबर तक अपनी राय, सुझाव या आपत्ति मंत्रालय को भेजी जा सकती हैं। राष्ट्रीय फार्मेसी आयोग विधेयक 2023 का प्रारुप तैयार किया गया है।

### भारत में बनेंगे लड़ाकू विमान तेजस-मार्क 2 के इंजन



**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी कंपनी जीई के इंजन बनेंगे। इंजन बनाने के लिए अमेरिका की मंजूरी मिल गई हैं। यह भारत के अगले हल्के लड़ाकू विमान तेजस-मार्क 2 के इंजन होंगे। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के प्रमुख डॉ. समीर वी. कामत ने यह जानकारी दी।

### तेलंगाना में निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम ढहने से 2 की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार को एक निर्माणाधीन इनडोर स्टेडियम का एक हिस्सा गिरने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। छह कर्मचारियों को मामूली चोटें आईं। मृतकों की पहचान बिहार के बब्लू और पश्चिम बंगाल के सुनील के रूप में हुई।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा

# जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंद ठीक नहीं

**सर्वोच्च अदालत ने कहा ये अच्छे संकेत नहीं, इससे देश में गलत संदेश जाता है**

- जजों की नियुक्ति में हो रही देरी पर जताई नाराजगी
- सरकार को पहले भी आगाह कर चुका है सुप्रीम कोर्ट



'दोबारा भेजे गए नामों पर नियुक्ति नहीं करना परेशान करने वाला है। हाईकोर्ट में जजों के तबादले की सिफारिश वाली फाइल भी सरकार ने लटका रखी है।'



**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम की सिफारिश के बावजूद जजों की नियुक्ति में हो रही देरी पर केंद्र सरकार से नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंद की नीति ठीक नहीं है। ये अच्छे संकेत नहीं हैं। यह देश में गलत संदेश देता है।

जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की बेंच ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा- जजों की नियुक्ति और तबादले भी सरकार अपनी पसंद नापसंद के मुताबिक कर रही है। हमने इसके लिए सरकार को पहले भी आगाह किया है। बेंच ने कहा कि अभी भी इलाहाबाद, दिल्ली, पंजाब और गुजरात हाईकोर्ट में जजों के तबादले की सिफारिश वाली फाइल सरकार ने लटका रखी है। गुजरात हाईकोर्ट में तो चार जजों के तबादले पेंडिंग हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोबारा भेजे गए नामों पर नियुक्ति नहीं करना परेशान करने वाला है।

**5 को होगी अगली सुनवाई**

कॉलेजियम की सिफारिशों पर अमल करने के लिए और वक्त देते हुए कोर्ट ने कहा कि केंद्र इसका समाधान लेकर आए। 5 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। बेंगलुरु एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से जजों की नियुक्ति को लेकर यह याचिका लगाई गई है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि विधानसभा चुनावों में व्यस्तता की वजह से देरी हुई है। सरकार की ऐसी कोई मंशा नहीं थी। हमने सरकार को सूचित कर रखा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा हमने हाईकोर्ट्स में 14 जजों की नियुक्ति की सिफारिश की है, लेकिन नियुक्ति सिर्फ गुवाहाटी हाईकोर्ट में हुई। सरकार की इस पसंद-नापसंद से जजों के वरिष्ठता के क्रम पर असर पड़ता है।

**आधे से ज्यादा नाम लटका रखे**

पिछली बार हमने जो नाम दोहराए थे, उनमें से 8 अब तक पेंडिंग हैं। हमें पता है वे नाम क्यों लटकाए गए हैं। हमें सरकार की चिंता भी मालूम है। आधे से ज्यादा नाम सरकार ने क्लियर नहीं किए। हमारी जानकारी के अनुसार, आपने 5 लोगों के लिए तबादला आदेश जारी किए हैं, लेकिन 6 अन्य के लिए नहीं, उनमें से 4 गुजरात से हैं। यह अच्छा संकेत नहीं है। इस पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी थोड़ा और वक्त मांगा।

### केंद्र व केरल राज्यपाल कार्यालय को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केरल विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी देने में अनिश्चितकालीन देरी के मामले में सोमवार को वहां के राज्यपाल कार्यालय और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केरल सरकार की ओर से दायर रिट याचिका पर केंद्र सरकार और राज्यपाल के प्रधान सचिव को जवाब-तलब किया। पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से भी अदालत की सहायता करने को कहा।

### अलग राज्यों में एफआईआर के बावजूद दी जा सकती है जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय और सत्र न्यायालय आरोपी को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे सकते हैं, भले ही एफआईआर किसी दूसरे राज्य में ही क्यों न दर्ज हो। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्वल भुइयां की पीठ राजस्थान में एक महिला द्वारा दायर दहेज की मांग की शिकायत से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें पति को बेंगलुरु जिला अदालत द्वारा अग्रिम जमानत दी गई थी।

प्रियंका ने राजस्थान में भाजपा को घेरा, बोली

# यह सिर्फ हिन्दुस्तान पकिस्तान करते हैं



**केकड़ी,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी राजस्थान में भाजपा के मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर लगातार हमलावर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की नीति केवल लोगों को धर्म जाति के नाम पर लड़ाना है। सदा हिंदुस्तान और पाकिस्तान की बातें कर लोगों को भटकाती रहती है। इस दौरान प्रियंका गांधी ने सोमवार को वसुंधरा का नाम लिए बगैर उनके प्रति अपनी हमदर्दी जताई। प्रियंका गांधी ने राजस्थान की केकड़ी विधानसभा में प्रत्याशी रघु शर्मा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस सभा में भी प्रियंका गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जमकर घेरती हुई नजर आईं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जनता सोच समझकर आकलन करें, कि किस सरकार ने उन्हें राहत दी है और किस सरकार ने उन्हें नुकसान।आपकी एक बड़ी गलती आने वाले 5 सालों में बड़ा नुकसान कर सकती है। प्रियंका ने अपने भाषण की प्रधानमंत्री मोदी को घेरते हुए शुरू की। उन्होंने कहा कि मोदी जी राजस्थान में लगातार जो भाषण दे रहे हैं। उनमें जो आरोप और बातें कर रहे हैं। उनका मैंने आकलन किया तो, मुझे महसूस हुआ कि पीएम मोदी के आरोपों और उनकी बातों में कोई वजन नहीं है।

**प्रधानमंत्री मोदी के आरोपों और बातों में कोई वजन नहीं**

### राजस्थान में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा : मोदी

**पाली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजस्थान में चुनावी दौरा जारी है। पाली के जाडन और पीलीबंगा में सभा को संबोधित कर मोदी ने कहा कि राजस्थान में महिला अत्याचार बढ़ा है और यहां के मुख्यमंत्री सर्टिफिकेट देते हैं कि वे फर्जी शिकायत दर्ज करवाती हैं। यह महिलाओं का अपमान है। नशे की तस्करी को कांग्रेस बढ़ावा दे रही है। हम तस्करों पर ऐसी कार्रवाई करेंगे कि लोग देखकर कांप जाएंगे।

# मप्र में मतदान के बाद सियासी दलों के निशाने पर नौकरशाह



- सत्ता में आने पर सबक सिखाने तक की बात कही जा रही है

**भोपाल,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में मतदान होने के बाद दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के निशाने पर नौकरशाह आ गए हैं। दोनों ही ओर से अधिकारियों को हिदायत दी जा रही है और सत्ता में आने पर सबक सिखाने तक की बात कही जा रही है। राज्य की 230 विधानसभा सीटों पर 17 नवंबर को मतदान हुआ है। मतदान के दौरान कई स्थानों पर छिटपुट हिंसा की घटनाएं हुई। छतरपुर जिले के राजनगर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस समर्थक सलमान खान की वाहन से कुचलकर मौत हो गई। कांग्रेस के उम्मीदवार विक्रम सिंह नाती राजा ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कर भाजपा उम्मीदवार अरविंद पटेरिया सहित अन्य लोगों पर हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया। गिरफ्तारी न होने पर कांग्रेस आक्रामक हुई और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह राजनगर पहुंच गए और उन्होंने थाने के सामने धरना दिया। इतना ही नहीं वह खटोली पर रात भर वहीं सोए भी। इस मामले में भाजपा ने भी कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नेतृत्व में भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग और पुलिस महानिदेशक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। भाजपा ने छतरपुर के एसपी अमित सांघी और राजनगर के थानेदार पर बगैर जांच के मामला दर्ज करने का आरोप लगाया। दोनों अधिकारियों के निलंबन तक की मांग कर डाली। कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सैयद जाफर ने तो उन अधिकारियों का ब्योरा मांगा है, जिन्होंने बीजेपी के लिए काम किया है।

# अब मजदूरों को बचाने में रोबोट की ली जाएगी मदद



- पिछले नौ दिनों से सुरंग में फंसे हैं 41 मजदूर
- बचाव अभियान में लग सकते हैं 30 से 40 घंटे

**देहरादून,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। सुरंग के अंदर पिछले नौ दिनों से फंसे 41 की जिंदगियों को बचाने के लिए अब रोबोट की मदद ली जाएगी। अभी अभियान में 30 से 40 घंटे और लग सकते हैं। सिलक्यारा सुरंग हादसे में फंसे 41 मजदूरों की जिंदगी बचाने के लिए रोबोट के जरिए दूसरी तरफ पाइप डालने समेत अन्य संभावनाएं तलाशी जाएंगी। यह रोबोट सुरंग के अंदर आए मलबे के ऊपर बची थोड़ी सी जगह से दूसरी तरफ जाएगा। यह जानकारी सचिव आपदा प्रबंधन डॉ.रंजीत कुमार सिन्हा ने दी।

**छह एजेंसियां काम कर रही**

वर्तमान में मजदूरों को बचाने के लिए पांच प्लान पर केंद्र व राज्य की करीब छह एजेंसियां काम कर रही हैं। जिसमें सिलक्यारा सुरंग के मुहाने से ऑगर मशीन से ड्रिलिंग, बड़कोट छोर से ड्रिलिंग, सुरंग के ऊपर और दाएं व बाएं तरफ से ड्रिलिंग की तैयारी हो चुकी है। सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग के लिए अस्थायी सड़क का निर्माण भी किया जा रहा है। लेकिन, अब इन पांच प्लान के साथ छठा प्लान भी तैयार किया जा रहा है। छोटा रोबोट ही जा सकता है। सुरंग के अंदर भूस्खलन के कारण जो मलबा आया है उसके और सुरंग की ऊपरी छत के बीच थोड़ी जगह है। जिससे एक रोबोट को भेजकर देखा जाएगा कि दूसकी तरफ कितनी जगह है। ताकि दूसरी तरफ पाइप डाला जा सके।

### करीब 400 मीटर सुरंग की खुदाई शेष

बड़कोट छोर से अभी करीब 400 मीटर सुरंग की खुदाई शेष है। अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए बड़कोट छोर से भी खोदाई शुरू करवाई जा रही है। हालांकि अभी उस छोर से पूरी खोदाई की जगह केवल दो से ढाई मीटर व्यास की सुरंग तैयार की जाएगी।

# गोवा में 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरू




- महोत्सव के दौरान 270 से अधिक फिल्में दिखाई जाएगी
- इंडियन पैनोरमा' में भारत की 25 फीचर, व 20 गैर-फीचर फिल्में

**गोवा,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। गोवा में सोमवार से 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-आईएफएफआई शुरू हो गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव फिल्म पृथुल कुमार के अनुसार महोत्सव के दौरान 270 से अधिक फिल्में 4 स्थानों आईनॉक्स पंजिम, माक्विनेज पैलेस, आईनॉक्स पोरवोरिम और जेड स्क्वायर सम्राट अशोक पर प्रदर्शित की जाएंगी। 54वें आईएफएफआई के 'अंतरराष्ट्रीय खंड' में 198 फिल्में होंगी, जो 53वें आईएफएफआई से 18 अधिक हैं।

इसमें 13 विश्व प्रीमियर, 18 अंतर्राष्ट्रीय प्रीमियर, 62 एशिया प्रीमियर और 89 भारत प्रीमियर होंगे। पृथुल कुमार ने कहा, इस वर्ष आईएफएफआई को 105 देशों से रिकॉर्ड संख्या में 2,926 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जो पिछले वर्ष की तुलना में अंतरराष्ट्रीय प्रविष्टियों से तीन गुना अधिक है। 'इंडियन पैनोरमा' अनुभाग में भारत की 25 फीचर फिल्में और 20 गैर-फीचर फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। फीचर सेक्शन में ओपनिंग फिल्म मलयालम फिल्म 'अट्टम' है, और गैर-फीचर सेक्शन में मणिपुर की 'एंड्रो ड्रीम्स' है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज (ओटीटी) पुरस्कार की शुरुआत ओटीटी प्लेटफार्मों की समृद्ध सामग्री और इसके रचनाकारों को स्वीकार करने, प्रोत्साहित करने और सम्मानित करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा, 15 ओटीटी प्लेटफार्मों से 10 भाषाओं में 32 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं।

# कश्मीर में 'चिल्लेकला' से पहले ही भयानक सर्दी

■ सुरेश एस डुग्गर

- आगे और भी भयानक सर्दी का पड़ने का है अनुमान

**जम्मू,** 20 नवम्बर(देशबन्धु)। कश्मीर में चिल्लेकलां (भयानक सर्दी का मौसम) का आगमन अभी एक माह दूर है पर कश्मीरी अभी से ठंड से चिल्लाने लगे हैं। ऐसे में उन्हें चिंता है कि इस बार चिल्लेकलां के दौरान कितनी भयानक सर्दी पड़ेगी।

कश्मीर में 21 और 22 दिसम्बर की रात से सर्दी के मौसम की शरु आत मानी जाती है। करीब 40 दिनों तक के मौसम को चिल्लेकलां कहा जाता है। और इस दिन हुई बर्फबारी कई सालों के बाद सही समय पर हुई है। नतीजतन कुदरत का समय चक्र सुधरा तो कश्मीरियों की परेशानियां बढ़ गई क्योंकि पिछले कई सालों से बर्फबारी के समय पर न होने के कारण वे चिल्लेकलां को ही भुला बैठे थे। चिल्लेकलां करीब 40 दिनों तक चलता है और उसके बाद चिल्ले खुर्द और फिर चिल्ले बच्चा का मौसम आ जाता है। अभी तक चिल्लेकलां के दौरान 1986 में कश्मीर में तापमान शून्य ये 9 डिग्री नीचे गया था जब विश्व प्रसिद्ध डल झील दूसरी बार जम गई थी। वैसे चिल्लेकलां के दौरान कश्मीर के तापमान में जो गिरावट देखी गई है उसके मुताबिक तापमान शून्य से 5 व 7 डिग्री ही नीचे जाता है। हालांकि समय चक्र के सुधार से कश्मीर में पानी की किल्लत और बिजली की कमी जैसी परेशानियों से निजात मिलने की उम्मीद हर साल जगती है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न



**जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा**

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ सोमवार को छठ महापर्व संपन्न हो गया। चार दिन चले इस पर्व के दौरान जगह-जगह पर छठ पूजा का आयोजन किया गया था। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने परिवार जनों के साथ उगते सूर्य को अर्घ्य देने पहुंची थी। भीड़ को देखते हुए शांति व्यवस्था के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। कई जगह पर रूट डायवर्जन भी किए गए थे। सोमवार को अंतिम दिन प्रातः काल उगते सूर्य को जल देने के साथ यह संपन्न हो गया।

**जानकारी** *2018 विधानसभा चुनाव में हुई बरामदगी का 7 गुना है यह आंकड़ा*

# चुनाव वाले 5 राज्यों से 1760 करोड़ की शराब-नकदी जब्त

**नई दिल्ली, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने सोमवार 20 नवंबर को कहा कि चुनाव वाले पांच राज्यों से 1760 करोड़ की शराब, ड्रग्स, कैश और महंगी धातु बरामद की गईं। ये सब चीजें वोटरों को रिझाने के लिए बांटी गई थीं। इन चीजों की बरामदगी 9 अक्टूबर से हो रही थी। इसी दिन इलेक्शन कमीशन ने पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था।**

आयोग ने यह भी बताया कि आंकड़ा 1760 करोड़ इन राज्यों में 2018 विधानसभा चुनाव के दौरान हुई बरामदगी का 7 गुना है। पिछली बार 239.15 करोड़ की चीजें जब्त की गई थीं। अभी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव चल रहे हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में वोटिंग हो चुकी है। राजस्थान में 25 तो तेलंगाना में 30 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। आयोग ने पांच राज्यों में चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए 228 पर्यवेक्षक तैनात किए थे। साथ ही 194 विधानसभा सीटों को चुनावी खर्च के लिहाज से संवेदनशील बताया था।

**194 सीटों को चुनावी खर्च के लिहाज से बताया था संवेदनशील**




आयोग के मुताबिक, इससे पहले जिन 6 राज्यों गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नगालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और कर्नाटक में चुनाव हुए थे, वहां से 1400 करोड़ की चीजें बरामद की गई थीं। यह इन राज्यों में पिछले चुनाव के दौरान हुई बरामदगी का 11 गुना था।

**मिजोरम, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में हो चुका है अब तक मतदान**

मिजोरम, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मतदान कराए जा चुके हैं। राजस्थान और तेलंगाना में क्रमशः 25 और 30 नवंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती तीन दिसंबर को करायी जाएगी।

उल्टा पुल्टा

पिता ने बेटे से कहा : लड़की वालों के सामने बड़ी-बड़ी बातें करना, लड़की वालों के आते ही बेटे ने पिता से कहा : पापा चाबी देना वो ट्रेन धूप में खड़ी है, उसे अंदर कर दूं...

# राजधानी दिल्ली में दस हजार से अधिक होम गार्ड की होगी भर्ती

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली में भर्ती होने वाले होम गार्ड में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही चयन प्रक्रिया में इन्हें अतिरिक्त क्रेडिट का लाभ भी मिलेगा। इस भर्ती प्रक्रिया को जल्द करने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को भर्ती को मंजूरी दे दी। इसे लेकर जल्द ही विज्ञापन जारी होगा। शारीरिक माप और दक्षता परीक्षण (पीएमईटी) फरवरी, 2024 के पहले सप्ताह में शुरू होगा। पीएमईटी के बाद सीबीटी पूरा किया जाएगा। इनकी भर्ती प्रक्रिया मार्च 2024 तक पूरी हो जाएगी।

**कर्मियों को प्रति माह दिया जाएगा 25 हजार रुपए का वेतन**

उपराज्यपाल कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली में भर्ती होने वाले होम गार्ड में 10 हजार से अधिक कर्मियों को प्रति माह 25 हजार रुपए का वेतन दिया जाएगा। इन प्रक्रिया में सीडीवी दी जाएगी। इनकी भर्ती को एलजी ने मंजूरी दे दी। सोमवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 10285 नए होम गार्ड वॉलेंटियर्स की भर्ती की समीक्षा की। इसमें अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया की समयसीमा को जून 2024 से घटाकर मार्च 2024 करने, चयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, पूर्व-सीडीवी को 10 बोनस अंक प्रदान करने, शारीरिक परीक्षण प्रक्रिया को अधिक स्थानों और अधिक टीमों की निगरानी में त्वरित तौर पर करवा कर संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया को तेज गति से पूरा करने का निर्देश दिए। उपराज्यपाल ने निर्देश दिया कि होम गार्ड में भर्ती के लिए आयु सीमा को अन्य राज्यों में अधिकतम आयु सीमा के अनुरूप, मौजूदा 60 वर्ष से घटाकर 45 वर्ष किया जाए। साथ ही कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि भर्ती कर्मी नियमित पुलिस बल के सहायक बल के अनुरूप हों। दिल्ली पुलिस में कांस्टेबलों की नियुक्ति के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता के अनुरूप भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता भी दसवीं कक्षा से बढ़ाकर बारहवीं कक्षा कर दी गई है।



- उपराज्यपाल ने दी मंजूरी
- नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को तरजीह देने के निर्देश
- 2024 तक पूरी हो जाएगी भर्ती प्रक्रिया

### दस जगहों पर होगा आंकलन

जिला प्रशासन, दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के एक-एक वरिष्ठ अधिकारी की 15 टीमें 10 स्थानों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता का आकलन करने के लिए बोर्ड के रूप में काम करेंगी। पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इस पूरी प्रक्रिया की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से वीडियोग्राफी की जाएगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने के बाद ये कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा (सीबीटी) के लिए पात्र होंगे।

## विजय गोयल ने मजदूरों की सलामती के लिए किया हवन

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को बचाने के लिए भाजपा नेता विजय गोयल ने सोमवार को दिल्ली के हनुमान मंदिर में हवन किया। उत्तरकाशी जिले के सिलक्यारा में नौ दिन से सुरंग 41 मजदूर फंसे हुए हैं। मजदूरों को रेस्क्यू करने में अभी समय लग सकता है। सुरंग निर्माण विशेषज्ञ के मुताबिक, सुरंग के ढहने के बाद दो दिन मलबा हटाने की गलती के चलते रेस्क्यू का समय बढ़ गया है। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने में अभी पांच दिन से एक सप्ताह का समय और लग सकता है।

वहीं, सुरंग के भीतर और ऊपर से रास्ता (ड्रिफ्ट) बनाना रेस्क्यू के लिए सबसे कारगर तरीके हैं। कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन, नवी मुंबई के सेवानिवृत अधिशासी निदेशक, परियोजना और टनलिंग इंजीनियर विनोद कुमार सिलक्यारा टनल रेस्क्यू अभियान पर लगातार नजर बनाए हैं। उन्होंने बताया कि उनको सुरंग की खोदाई और रेस्क्यू अभियान का करीब 51 साल का अनुभव है। रेस्क्यू ऑपरेशन युद्धस्तर पर जारी है।

## रेरा अधिसूचना से व्यक्तिगत संपत्ति मालिकों के हितों को नुकसान पहुंचेगा : सचदेवा

### दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने दिल्ली सरकार की रेरा अधिसूचना की निंदा की



**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि संपत्ति खरीदारों के हितों की रक्षा के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय की चिंता का दुरुपयोग करते हुए दिल्ली सरकार एक रेरा अधिसूचना लाई है जिसके बाद दिल्ली में आज से सम्पति पंजीकरण रूक गया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि केजरीवाल सरकार का रेरा नोटिफिकेशन कहता है कि 50 मीटर तक के प्लॉट पर केवल 3 आवासीय इकाइयों की अनुमति होगी यानी 50 मीटर के प्लॉट पर केवल 3 मंजिल का निर्माण या बिक्री की जा सकती है, जबकि दिल्ली में 50 मीटर तक के छोटे प्लॉटों की भरमार है जिनमे 4 से 5 आवास इकाइयां हैं।

इसी तरह आदेश में कहा गया है कि 50 से 250 मीटर के भूखंडों पर केवल 4 आवास इकाइयों की अनुमति दी जाएगी, जबकि दिल्ली 6 से 8 आवास इकाइयों के साथ 100 मीटर से 250 मीटर तक की संपत्तियों से भरी हुई है। सचदेवा ने कहा कि यह जानकर हैरानी होती है कि एक ऐसे शहर में जहां एक आम मध्यम वर्ग का आदमी 50 मीटर से 250 मीटर के फ्लैट का विकल्प चुनता है, केजरीवाल सरकार की रेरा अधिसूचना इन आवासों को प्रतिबंधित करती है लेकिन 250 से 3750 मीटर तक के अमीर आदमी के भूखंडों पर बढ़ी हुई एफएआर और आवास इकाइयों की अनुमति देती है। दिल्ली में लाखों इकाइयों वाली 1671 अनधिकृत कॉलोनियां हैं जहां आज तक कोई भवन योजना स्वीकृत नहीं हुई है और इसलिए कोई यह नहीं समझ पा रहा है कि इन क्षेत्रों में संपत्ति बिक्री खरीद कैसे होगी। अनधिकृत कॉलोनियों में 200 मीटर के घरों में आम तौर पर 8 से 10 आवास इकाइयां होती हैं और लोग अरविंद केजरीवाल से जानना चाहते हैं कि उनके घरों का भविष्य क्या होगा क्योंकि इस रेरा अधिसूचना के बाद ये घर अवैध हो जाएंगे और उनकी बिक्री और खरीद संभव नहीं होगी। पूरे चारदीवारी वाले शहर और पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली के कुछ हिस्सों में वाणिज्यिक और मिश्रित उपयोग वाली इमारतें हैं और अगर दिल्ली सरकार की रेरा अधिसूचना लागू होती है तो इन मिश्रित उपयोग अथवा व्यापारिक क्षेत्रों का भविष्य नष्ट हो जाएगा। मिश्रित भूमि उपयोग वाले चांदनी चौक, चावड़ी बाजार गांधी नगर, शाहदरा, राजौरी गार्डन, उत्तम नगर, कमला नगर, कोटला मुबारकपुर, लाजपत नगर जैसे क्षेत्रों में संपत्ति पर रहने वालों को यह समझ में नहीं आ रहा है कि जरूरत के समय वे संपत्ति कैसे बेचेंगे।

## सार संक्षेप

### डब्ल्यूसीए ने अपने नए लोगो का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** 38 सालों के बाद वर्ल्ड कोल एसोसिएशन डब्ल्यूसीए नई ब्रांडिंग फ्यूचर कोल-द ग्लोबल अलायन्स फॉर सस्टेनेबल कोल के साथ नए दौर में प्रवेश करने जा रहा है। दिल्ली में आयोजित एक प्रेस सम्मेलन के दौरान ब्राण्ड के नए लोगों और नई पहचान का अनावरण किया गया। इस मौके पर फ्यूचर कोल की चीफ़ एक्ज़क्टिव मिशेल मनूक ने कहा कि कोयला एवं कोयला सम्बद्ध क्षेत्रों से आधुनिकीकरण के आह्वान के मद्देनजर यह कदम बढ़ाया गया है। फ्यूचर कोल ओर्गेनाइजेशन अब सम्पूर्ण कोयला मूल्य श्रृंखला में प्रमुख प्लेयर्स के प्रतिनिधित्व के मार्ग प्रशस्त करेगा। संगठन सभी कोयला उत्पादक एवं उपभोग करने वाले देशों और उन्हें समर्थन देने वाले देशों एवं हितधारकों के संप्रभु अधिकारों को सहयोग प्रदान करने के लिए ऑल फ्यूल्स एण्ड ऑल टेक्नोलॉजीज़ इंटरनेशनल पॉलिसी के पक्ष में हैं। फ्यूचर कोल के चेयरमैन जूनी एंडलोवु ने कहा कि आपने कहा और हमने प्रतिक्रिया दी। हमारे विश्वस्तरीय समुदाय के हितों में आपसी सहयोग का मंच अब फ्यूचर कोल में उपलब्ध है। इस नए मंच के लीडर भविष्य के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझते हैं। यह भविष्य जो हमारे सामने है, और हमें आज से ही इसकी दिशा में काम करना है।

### सीमित अवसरों के कारण आजीविका पर संकट : वर्क इंडिया


**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी ब्लू-कॉलर रिक्रूटमेंट प्लेटफॉर्म वर्क इंडिया ने जॉब मार्केट को लेकर महत्वपूर्ण डाटा साझा किया है। आंकड़ों में सामने आया है कि रोजगार चाहने वालों और रोजगार के उपलब्ध अवसरों के बीच बहुत अंतर है। नौकरी चाहने वालों की तुलना में ओपनिंग्स कम हैं। आंकड़ों के मुताबिक, रोजगार चाहने वालों की संख्या 67 प्रतिशत बढ़ी है, जबकि रोजगार के अवसर 61 प्रतिशत बढ़े हैं। इस अंतर के कारण लोगों के लिए नौकरी पाना मुश्किल हो रहा है। नए लोगों के लिए मुश्किल ज्यादा है। पहली बार नौकरी की तलाश में निकले लोगों की संख्या 80 प्रतिशत बढ़ी है, लेकिन जॉब ओपनिंग्स केवल 66 प्रतिशत बढ़ी हैं। वर्क इंडिया के सह-संस्थापक एवं सीईओ नीलेश डुंगरवाल ने कहा कि भारत में ब्लू-कॉलर वर्क फोर्स को अर्थपूर्ण आजीविका के अवसर प्रदान करना हमारा मिशन है। इस चुनौतीपूर्ण समय में हम रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को सशक्त करने में सहायक हो सकते हैं, जिससे स्थिति को बेहतर करने में मदद मिलेगी।

### स्मैश ने नए मनोरंजन केंद्र की लांचिंग के साथ रोमांच का किया विस्तार

**नई दिल्ली।** मनोरंजन अनुभवों में अग्रणी स्मैश ने केडब्लू दिल्ली-6 में अपने नवीनतम मनोरंजन केंद्र के लॉन्च की घोषणा की है। इसके साथ ही स्मैश ने मनोरंजन एवं रोमांच को पुनर्परिभाषित करते हुए इस केंद्र के अत्याधुनिक तकनीक और रोमांचक आकर्षणों के शानदार मिश्रण का वादा करता है। स्मैश कंसल्टिंग सीएमओ अवनीश अग्रवाल ने कहा कि इस साहसिक रोमांचक यात्रा पर निकलते समय हमारे साथ आइए, हम स्मैश में केवल एक नया केंद्र नहीं, बल्कि पूरी तरह से पुनर्कल्पित मनोरंजन परिदृश्य पेश कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य एक ऐसी व्यवस्था स्थापित करना है, जहां प्रत्येक यात्रा यादगार बन जाए। स्मैश केडब्लू दिल्ली-6 गाजियाबाद खुशी और उत्सव का केंद्र बनने की स्थिति में है क्योंकि इसमें उत्साह और प्रौद्योगिकी का जबरदस्त संतुलन है। स्मैश के इस सेंटर में बॉलिंग, 9 डी सिनेमा, बम्पर कारें, और वीआर एक्स्ट्रावैगेंजा जैसे मनोरंजन के साधन हैं। स्थानीय लोगों के लिए इस केंद्र पर विशेष छूट भी दी जा रही है।

## जापान के फुकुओका सिटी व दिल्ली के बीच फ्रेंडशिप एक्सचेंज एग्रीमेंट तीन साल के लिए बढ़ा

### पर्यावरण क्षेत्र में और संभावनाएं तलाशने की भी परिकल्पना की गई



**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मिलने सोमवार को जापान के फुकुओका प्रीफेक्चरलए गवर्नमेंट का 35 सदस्यीय डेलीगेशन दिल्ली सचिवालय पहुंचा। यह डेलीगेशन फुकुओका प्रीफेक्चरल गवर्नमेंट की वाइस गवर्नर आकिए ओमगारी के नेतृत्व में यहां आया था। डेलीगेशन में फुकुओका प्रीफेक्चरल असेंबली के वाइस चेयरपर्सन माकोतो सासाकि समेत अन्य सदस्य शामिल थे। यह डेलीगेशन दिल्ली सरकार और फुकुओका प्रीफेक्चरल गवर्नमेंट एफपीजी के बीच ट्विनिंग समझौते की 15वीं वर्षगांठ मनाने के लिए दिल्ली आया है। 5 मार्च 2007 को दोनों के बीच पहली बार यह एमओयू हस्ताक्षर किए गए थे और अभी भी जारी है। 15वीं वर्षगांठ समारोह के दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल और फुकुओका प्रान्त की वाइस गवर्नर आकिए ओमागारी के

**फुकुओका व दिल्ली कर रहे एक-दूसरे का सहयोग : केजरीवाल**

इस अवसर पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 2007 से ही फुकुओका और दिल्ली एक-दूसरे का सहयोग करते आ रहे हैं। 5 मार्च 2007 से दिल्ली और फुकुओका के बीच 'फ्रेंडशिप एग्रीमेंट' है। यह बेहद खुशी की बात है कि इस एग्रीमेंट को तीन साल के लिए और बढ़ाया जा रहा है और अब यह 31 मार्च 2026 तक प्रभावी होगा। सीएम ने कहा कि यह केवल दो शहरों के बीच एक समझौता भर नहीं है, बल्कि दोनों ही आध्यात्मिक और सांस्कृतिक तौर पर आपस में मजबूती से जुड़े भी हैं। इसलिए हमारा संबंध समय के साथ और मजबूत ही हुआ है।



■ सोमवार को नई दिल्ली के सिंधिया मार्ग स्थित भारतीय विद्या भवन स्कूल से बाहर निकलते बच्चे। राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण के चलते सरकार के आदेश के बाद पिछले दो सप्ताह से स्कूल बंद थे। फोटो इम्तियाज खान

## चुनाव आयोग से हमें न्याय की उम्मीद : राघव चड्ढा

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी की ओर से एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की है। मीडिया से बातचीत के दौरान चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि पहला दरवाजा चुनाव आयोग का होता है। हमें पूरा विश्वास है कि चुनाव आयोग हमारी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उचित से उचित कार्रवाई करेगा। चड्ढा ने आगे कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, आईपीसी की धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम का उल्लंघन हुआ है। इस उल्लंघन के संदर्भ में आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

बीते सप्ताह राघव चड्ढा ने एक प्रेस वार्ता में बताया था कि वह भाजपा के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत करेंगे। आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा था कि सीएम केजरीवाल की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा था कि भाजपा पिछले कुछ दिनों से कैंपेन चला रही है। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा की ओर से षड्यंत्र रचा जा रहा है। उनकी छवि को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

## पाक में गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब में निरादर की घटना शर्मनाक : एसजीपीसी

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने पाकिस्तान में ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब में निरादर की घटना के खिलाफ पाकिस्तान उच्चायोग के समक्ष कड़ा विरोध जताया है और इस मामले को तुरंत पाकिस्तानी सरकार के समक्ष उठाने के लिए कहा है ताकि इस घिनौने अपराध के लिए दोषियों को सजा दी जा सके तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।

पाकिस्तान उच्चायोग में प्रभारी अजीज खान को लिखे एक पत्र में, दिल्ली गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब परिसर में हुई पार्टी के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज किया है। सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि पाकिस्तान में ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब में निरादर की घटना का शर्मनाक वीडियो संज्ञान में आया है जिसमें शराब और मांस परोसा जा रहा है तथा पृष्ठभूमि में तेज संगीत बज रहा है। उन्होंने कहा कि इस घटना से दुनिया भर में सिखों की भावनाएं आहत हुई हैं जिसके कारण सिख समुदाय में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब में इस प्रकार की घटना पहले भी हुई हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

उन्होंने कहा कि ईशनिंदा की इन घटनाओं के लिए गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब का मौजूदा प्रबंधन जिम्मेदार है, जो एक गैर-सिख के हाथ में है, जिसे गुरु मर्यादा का कोई ज्ञान नहीं है।

- करतारपुर साहिब के निरादर पर दर्ज कराया कड़ा विरोध

## अज्ञात वाहन से टकराया ऑटो चालक की मौत

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के वेलकम इलाके में एक ऑटो अज्ञात वाहन से टकरा गया। हादसे में ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद फौरन ऑटो चालक व उसमें बैठी सवारी को नजदीकी जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां से दोनों को जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में ऑटो चालक को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की शिनाख्त मोहम्मद अकरम के रूप में हुई है। हादसे में घायल आमिर का अस्पताल में इलाज जारी है।

**पर्व** *सूर्य नारायण को अर्घ्य देने के साथ महापर्व छठ संपन्न*

## ठेकुआ की मिठास के साथ छठ प्रसाद वितरित

नई दिल्ली, 20 नवम्बर (देशबन्धु)। गैर पूर्वांचली लोगों को भी भा रहा है छठ का प्रसाद और विशेषकर ठेकुआ का स्वाद। सोमवार को छठ पर्व के आखिरी दिन उदित सूर्य नारायण को अर्घ्य देने के बाद प्रदेश भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नीरज तिवारी की विशेष पहल पर भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय एवं दिल्ली प्रदेश कार्यालय में छठ पूजा का प्रसाद सभी लोगों को वितरित किया गया। नीरज तिवारी ने कहा कि हिंदू धर्म के व्रत-त्योहारों में छठ पूजा का खास महत्व है। भगवान सूर्य और छठी मैया की उपासना का सबसे बड़ा महापर्व छठ ही है। पौराणिक मान्यता है कि छठ व्रत रखने और विधिवत पूजन करने से जीवन में सुख-समृद्धि और सौभाग्य का आगमन होता है।

इसके अलावा सूर्यदेव की उपासना से रोग-शोक दूर होते हैं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा में प्रसाद का खास महत्व है। छठ पूजा में प्रसाद के रूप में ठेकुआ, सिघाड़ा, केला, संतरा, गन्ना आदि वितरित किया गया। छठ पूजा के प्रसाद को एक दूसरे से मांग कर खाने को लेकर यह मान्यता है छठ का प्रसाद मांग कर खाने से भगवान सूर्य देव और छठी मैया के प्रति भक्तों की आस्था प्रकट होती है।

प्रसाद मांग कर खाने से छठी मैया और सूर्य देव का मान सम्मान बढ़ता है। इस मौके पर मोर्चा के उपाध्यक्ष जगदंबा सिंह, अनिल उपाध्याय, महामंत्री संतोष ओझा, प्रदेश मंत्री व सोशल मीडिया प्रभारी एस राहुल, मीडिया प्रमुख संजय तिवारी, संजीव झा, विनोद साव, पूर्णानंद, दयाशंकर ओझा, अमित मिश्रा आदि मौजूद रहे। प्रात: काल में मोर्चा द्वारा घाटों पर नमो टी वितरण व वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।



- दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश भाजपा कार्यालय के साथ कई घाटों पर किया प्रसाद का वितरण
- हिंदू धर्म के व्रत-त्योहारों में छठ पूजा का है खास महत्व

## देश में गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दे सरकार : अविमुक्तेश्वरानंद



**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित गौमाता राष्ट्रमाता प्रतिष्ठा आंदोलन के विशाल महासम्मेलन को संबोधित करते हुए ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गौमाता की रक्षा धर्म रक्षा है और गौमाता की हत्या धर्म हत्या है। अगर धर्म का रक्षण और पोषण करना है तो गाय का रक्षण और पोषण करना शुरू कर दें, धर्म का रक्षण और पोषण अपने आप हो जाएगा। जगतगुरु शंकराचार्य शंकराचार्य ने कहा कि यह अफसोस की बात है कि गौमाता के प्रति हमारी भावना को सत्ता में बैठे लोग नहीं समझ रहे हैं। वहीं, भारतीय गौ क्रांति मंच के संस्थापक और महासम्मेलन के आयोजक गोपालमणि महाराज ने बताया कि अन्य तीन पीठों के शंकराचार्य ने वीडियो संदेश भेजकर इस आंदोलन को अपना समर्थन और आशीर्वाद दिया है।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

GEM's के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | | |
|---|---|---|---|
| एनआईटी | 05/22-23 दिनांक: 20.11.2023 GEM Bid No. GEM/2023/B/4199512 | | |
| कार्य का नाम व स्थान | सेवा के लिए कस्टम बोली – एनआरसीएच के लिए व्यापक हाउसकीपिंग जिसमें निदेशक/प्रशासन/एनआरसीएच के तहत एडीईएन/एनआरसीएच के अनुभाग में 12 महीने के लिए रखरखाव और स्वच्छता कार्य और रिसेप्शनिस्ट और डेटा लॉगर्स आदि की तैनाती शामिल है। | | |
| काम की अनुमानित लागत(₹) | ₹6,31,86,234.80 | अग्रिम राशि(₹) | ₹4,66,000/- |
| काम की समाप्ति अवधि | 12 महीने | | |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 13.12.2023 को 15:00 बजे तक तथा 13.12.2023 को 15:30 बजे निविदा खोलना | | |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है | यह निविदा IREPS वेबसाइट अर्थात् www.gem.gov.in पर उपलब्ध है। | | |

नं.: 128-W/269/OET/22-23/NRCH/NIT 05

GEM Bid No. GEM/2023/B/4199512 दिनांक: 20.11.2023 3635/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में 15 नवम्बर से 26 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य अभियान रहेगा। जिसकी तैयारी जोरों से चल रही है। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत कई स्थानों पर कैंप भी लगाए जाएंगे।

**अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त**

## नोएडा में अतीक की प्रॉपर्टी की तलाश करेगा प्राधिकरण

**नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। माफिया अतीक अहमद ने कितनी प्रॉपर्टी बनाई थी? ये सवाल अब भी कायम है। बताते हैं कि पिछले सरकार की तमाम नाकाबंदी, बुलडोजर एक्शन और जब्ती के बावजूद अब भी अतीक की करोड़ों की नामी-बेनामी संपत्तियां हैं। पता चला है कि इसकी और इसके परिवार के नाम कई और संपत्तियां

**■ एसीईओ ने प्रॉपर्टी से संबंधित विभागों को निर्देशित किया**

नोएडा में भी है। इस संपत्ति की तलाश के लिए कमिश्नरेट प्रयागराज की ओर से नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपलक अधिकारी को एक पत्र भेजा गया है। इस पर अमल करते हुए एसीईओ संजय खत्री ने प्राधिकरण के सभी विभागों को निर्देशित किया कि सात दिनों के अंदर अतीक अहमद से जुड़ी सभी प्रार्पटी की डिटेल निकाली जाए। इस साल अप्रैल में भाई अशरफ संग अतीक के मारे जाने के बाद अतीक का परिवार इन बची हुई संपत्तियों को मैनेज करने



के लिए परेशान है। पता चला है कि पिछले कुछ समय से परिवार नोएडा की प्रॉपर्टी बेचने की फिराक में है। अतीक के बेटों के दोस्त सौदा तय कर रहे हैं। कई रिश्तेदार भी इसमें लगे हैं। उधर, पुलिस अवैध रूप से अर्जित करोड़ों की जमीन की तलाश में है। इस क्रम में ये पत्र नोएडा प्राधिकरण को भेजा गया। पत्र में स्पष्ट है कि अतीक समेत कुल 9 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर 14 (आई) एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में अतीक अहमद, अशरफ अतीक की पत्नी शाइस्ता, अशरफ की पत्नी जैनम और अतीक के पुत्र अली, उमर, असद, एहजम और आबान की संपत्ति का विवरण तलाशने के लिए कहा गया है।

**लैंड, ग्रुप हाउसिंग, कामर्शियल, इंडस्ट्री में तलाशी जा रही जमीन**

एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि नोएडा में लैंड, ग्रुप हाउसिंग, इंडस्ट्री, कामर्शियल के अधिकारी डीजीएम, एजीएम को पत्र से अवगत करा दिया गया है। निर्देशित किया गया है कि सात दिनों में अतीक और उसके परिवार से जुड़ी संपत्ति का विवरण तलाश कर बताया जाए। विवरण मिलते ही इसकी जानकारी कमिश्नरेट प्रयागराज को दी जाएगी। बता दे अतीक और उसके गैंग आईएस-227 से जुड़े गैंग मेंबरों की अवैध तरीके से अर्जित नामी-बेनामी संपत्ति जब्त करने का सिलसिला जारी है। पुलिस, ईडी ने अब तक अतीक, अशरफ और उसके परिवार की 12 हजार करोड़ की संपत्ति को चिन्हित कर कार्रवाई की है। अतीक की ज्यादातर संपत्ति दूसरे के नामों पर रही हैं। अब परिवार के लोग चुपके से उस जमीन को बेच रुपए अर्जित करने में लगे हैं ताकि करोड़ों की इस जमीन को भी कुर्क न कर लिया जाए।

## विदेशों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए बच्चों के लिए करियर मेला आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। रेयान ग्रुप लीवरेज एजुकेशन फेयर का आयोजन एट्रियन इंटरनेशनल स्कूल, रेयान ग्रुप ने रेयान इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा में

**■ बारहवीं के बाद बच्चों में विदेश में शिक्षा ग्रहण करने के लिए रहती है कौतुहल**

लिवरेज एजुकेशन फेयर का आयोजन किया गया। यह कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मेगा अंतरराष्ट्रीय शिक्षा करियर मेला का आयोजन किया गया। शिक्षा मेला छात्रों के लिए दुनिया भर के देशों जैसे-विश्वविद्यालय जैसे विभिन्न अध्ययन विकल्पों और पाठ्यक्रमों का पता लगाने के लिए एक उत्कृष्ट अवसर के रूप में कार्य करता है। मेले में माता-पिता और छात्रों को लीवरेज एजुकेशन विशेषज्ञों से मिलने का मौका मिला। उन्होंने शॉर्ट लिस्टिंग और काउंसलिंग, आवेदन जमा करने, वीजा सहायता, शिक्षा ऋण, धन




हस्तांतरण, आवास और उड़ान और यात्रा के संबंध में अपने प्रश्नों का भी समाधान किया। एनसीआर के रयान इंटरनेशनल स्कूलों के लगभग 2000 छात्रों ने उत्साहपूर्वक मेले में भाग लिया। छात्रों और अभिभावकों को इस अवसर का लाभ उठाने में खुशी हुई, जो उनके लिए उन विश्वविद्यालयों के बारे में जानकारी प्राप्त करने की आसान पहुंच थी जहां वे अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते थे। यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल यूनाइटेड किंगडम, एस्टन यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंगडम, ग्लोबल बिजनेस स्कूल दुबई और माल्टा यूनाइटेड जैसे विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि अरब अमीरात और माल्टा, यूनिवर्सिटी ऑफ एसेक्स, यूनाइटेड किंगडम, उल्स्टर यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंगडम, बॉन्ड यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया, यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ यूनाइटेड किंगडम, यूनिवर्सिटी ऑफ सफ़ोल्क यूनाइटेड किंगडम जैसे कुछ नाम मौजूद थे। प्रधानाचार्य सुधा सिंह का मानना है कि उनके मार्गदर्शन में स्कूल ने ऐसी पहल की है। रेयान ग्रुप के चेयरमैन डॉ. ए.एफ पिंटो जागरूकता पैदा करते हैं और छात्रों को एक्सपोजर देते हैं और उन्हें अपने करियर के बारे में बेहतर निर्णय लेने में सहायता कर सकते हैं। यह डॉक्टर और इंजीनियर के पेशे को एकमात्र आकर्षक करियर मानने के मिथक को भी तोड़ता है, अन्य करियर विकल्पों के बारे में सोचने और विश्लेषण करने का व्यापक अवसर प्रदान करता है।

### सार संक्षेप

#### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकसित भद्र यात्रा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक

**बुलन्दशहर।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य



विकास अधिकारी कुलदीप मीना की अध्यक्षता में विकसित भारत यात्रा को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में अंतर्विभागीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना ने भारत विकसित यात्रा के आयोजन के बारे में शासन द्वारा दिये गए निर्देशों का अनुपालन में समस्त विभागों द्वारा कार्य योजना बनाकर यात्रा को सफल बनाये जाने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुभाष नेमा, सीएमओ डॉ. विनय सिंह, डीपीआरओ प्रीतम सिंह सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

#### पैदल जा रहे व्यक्ति का आईफोन लूटा

**नोएडा।** पैदल जा रहे व्यक्ति का मोबाइल लूटकर बाइक सवार बदमाश फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-20 थाने में की है। शिकायत में सेक्टर-30 निवासी तुषार भाटिया ने बताया कि बीते दिनों वह रात में अपने घर पैदल जा रहे थे। साढ़े आठ बजे के करीब सी-3 के पास पीछे से एक बाइक पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने शिकायतकर्ता का आइफोन लूट लिया। बदमाशों ने शिकायतकर्ता को नीचे गिरा भी दिया। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाल रही है ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके। तुषार ने कुछ समय पहले ही आईफोन खरीदा था।

#### लेखपाल की बर्खास्तगी को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन



**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण में तैनात लेखपाल के खिलाफ किसानों का विरोध प्रदर्शन सोमवार को दिन भर प्राधिकरण के गेट पर रहा। इस दौरान किसी को अंदर जाने नहीं दिया गया। किसानों ने पास गेट को बंद कर दिया था। किसानों को हटाने के लिए प्राधिकरण पुलिस ने मशक्कत की लेकिन उन्होंने किसी भी आंगतुक का पास बनने नहीं दिया। बता दे लेखपाल का घूस लेते हुए कई बार वीडियो वायरल हो चुका है। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने जांच के लिए एक कमेटी गठित की है। जिसे तीन कार्यदिवस में अपनी रिपोर्ट देनी है। भारतीय किसान यूनियन मंच के अशोक ने बताया कि आज प्राधिकरण के सभी अधिकारी एनएमआरसी में बैठक में व्यवस्था थे। इसलिए इसलिए उनको ज्ञापन नहीं दिया जा सका। मंगलवार को भी धरना जारी रहेगा। इसके अलावा जब तक लेखपाल के खिलाफ एक्शन नहीं लिया जाएगा प्रदर्शन जारी रहेगा और गेट को बंद रखा जाएगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर नगर आयुक्त ने की अधिकारियों के साथ बैठक, बनाई कार्य योजना

**गाजियाबाद,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए अधिकारियों की बैठक ली और कार्य योजना बनाई।

नगर आयुक्त ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए कार्य योजना बनाई। जिसमें अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त को नोडल प्रभारी बनाया गया समस्त जोन में कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित होना है इसके लिए जोनल प्रभारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। नगर आयुक्त ने बताया पीएम स्वनिधि, पीएम आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम मुद्र लोन, स्टार्ट ऑफ इंडिया स्टैंड ऑफ इंडिया, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान, सौभाग्य योजना, उजाला योजना, खेलो इंडिया व अन्य योजनाओं के लिए जन जागरूकता अभियान करने के निर्देश दिए।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में 15 नवम्बर से 26 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य अभियान रहेगा। जिसकी तैयारी जोरों से चल रही है। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत कई स्थानों पर कैंप



भी लगाए जाएंगे। लाभार्थियों का परिचय भी होगा तथा योजनाओं के बारे में जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे भारत सरकार से आने वाली वैन के माध्यम से निगम सीमा अंतर्गत क्षेत्र में प्रचार प्रसार का कार्य भी किया जाएगा। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नगर आयुक्त के नेतृत्व में पांचो जोनों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रम में स्थान का चैनीकरण का कार्य चल रहा है भव्य रूप से फोटोग्राफी तथा वीडियोग्राफी भी होगी। डॉक्यूमेंटेशन का कार्य भी जोरों पर रहेगा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं जिसमें पी ओ डूडा विभाग की टीम भी सहयोग करेगी।

## श्रीजी गौ सदन में बनाई गई गोपाष्टमी

**नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। नोएडा सेक्टर-94 में स्थित श्रीजी गौसदन ने गोपाष्टमी का उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गौशाला में हवन के साथ ही राम दरबार, मां दुर्गा और हनुमान जी की मूर्तियों की स्थापना की गई। इस अवसर पर महेंद्र, क्षेत्र प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। महेंद्र ने कहा कि गाय के गोबर से प्राकृतिक खेती की जा सकती है। इससे पैदा होने वाले अनाज को खाने से कई घातक बीमारियों से बचा जा सकता है। गाय के पंचगव्य से हाई बीपी, टेंशन, कैंसर से भी बचाव किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज लोग गाय से दूर हो गए हैं। गाय की रक्षा करने के लिए हम सबको पहले गायों के महत्व को समझाना पड़ेगा। आयुर्वेद में गौ माता का एक विशिष्ट स्थान है उनके पंचगव्य से कई आयुर्वेदिक दवाइयां का निर्माण होता है




**■ गायों के साथ, आयुर्वेद का विकास**

जो समाज हित के लिए सर्वोपरि मानी गई हैं। गोपाष्टमी के उत्सव पर साध्वी समाहिता दीदी ने गौ सेवकों को अपने आशीर्वचन दिए और कहा कि सनातन धर्म में पूजी जाने वाली गौ माता की रक्षा और सेवा की जाए। राष्ट्र धर्म के प्रति समर्पित रहना चाहिए। वहीं जिला अधिकारी गौतमबुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि, गौ रक्षा के लिए सरकार की तरफ से जो संभव मदद और सहायता होगी उसे उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर गौतमबुद्ध नगर सांसद डॉ. महेश शर्मा, नवाब सिंह नागर, अध्यक्ष, गन्ना उत्पाद बोर्ड, बिमला बाथम, अध्यक्ष, महिला आयोग, उत्तर प्रदेश। मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## वीके सिंह ने की गौसेवा

**गाजियाबाद,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्य मंत्री जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह सोमवार को गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र में आयोजित अनेकों कार्यक्रम में उपस्थित हुए।



सबसे पहले सांसद अजय कुमार इंजीनियरिंग कॉलेज में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में 'अमृत काल-विमर्श' विकसित भारत पर चर्चा में उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित किया और आने वाले भारत 2047 की भूमिका के बारे में सरकार के विजन को रखा। इस कार्यक्रम में मंत्री जनरल डॉ. वी.के. सिंह ने पौधारोपण कर नई पीढ़ी को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करने का भी संदेश दिया।

इसके बाद सिंह का श्री कृष्ण गौशाला के द्वारा गोपाष्टमी के पावन पर्व पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पहुंचकर मंत्री ने गौ सेवा की। इसके साथ ही गौ सेवकों को रजाई आदि विस्तृत कर उन्हें इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान निभाने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में एमएलसी दिनेश गोयल भी मंत्री के साथ रहे।

## वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई के जन्मदिवस पर कवि सम्मेलन का आयोजन

**नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई के जन्मदिवस के अवसर पर अपना बुंदेलखंड संस्थान द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन ईशान म्यूजिक कॉलेज सेक्टर-12 नोएडा के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीके मिश्रा, आईएएस (रि) पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश, सदस्य संघ लोक सेवा आयोग ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि आरके तिवारी पूर्व आईएएस अधिकारी पूर्व मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश कार्यक्रम में सभी कवियों ने रानी झांसी रानी लक्ष्मीबाई की वीरता की कविताएं सुनाएं और उनकी वीरता को का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। रानी परिणीता सिंह राजे दतिया ने बुंदेलखंड के राज परिवारों की धर्म निष्ठा राष्ट्र के प्रति समर्पण और न्याय की धारणा को स्थापित करने के संकल्प को बहुत सुंदर उद्बोधन में प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि आर के तिवारी ने बहुत प्रभावी उद्बोधन में



बुंदेलखंड वासियों को क्षेत्र के विकास के लिए सदैव ईमानदारी से समर्पित रहने की अपील की। मुख्य अतिथि बुंदेलखंड के विकास दूत जनप्रिय राजा बुंदेला ने नोएडा लोकमंच के प्रयासों की सराहना करते हुए बुंदेलखंड के विकास की रफ्तार बढ़ाने के लिए आभार प्रकट किया।

## 21 से 25 दिसम्बर तक आयोजित होगा महाकौथिग

**नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। पर्वतीय सांस्कृतिक संस्था (रजि0) नोएडा स्टेडियम में 13 महाकौथिग की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तय किया गया कि महाकौथिग 5 दिवसीय कार्यक्रम 21 से 25 दिसम्बर 2023 तक नोएडा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक राजेन्द्र चौहान ने बताया कि इस बार के महाकौथिग में उत्तराखंड की लोक संस्कृति रीति रिवाज औद्योगिक विकास एवं धार्मिक परम्पराओं व प्रगति का अद्भुत संगम आप सभी को पुन: नए रूप में एक ही जगह देखने को मिलेगी। यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में उत्तराखंड वासियों का सबसे विराट पारम्परिक लोक कला एवं हस्तशिल्प महाकौथिग (मेला) है। जहां सुबह के सत्र में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चे, महिलाएं, प्रतिभाग करेंगे वही उत्तराखंड के पारंपरिक पांडव नृत्य का भी सुबह के सत्र में आयोजन किया जाएगा। वही शाम के




**■ नोएडा स्टेडियम में किया जाएगा आयोजन**

सत्र में लोक कलाकारों की शानदार प्रस्तुति का आनंद सभी लोग ले सकेंगे। इस बार युवाओं को जोड़ने की रूपरेखा पर विशेष कार्य किया जा रहा है। जिसका पूर्ण विवरण 3 दिसंबर की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर मंचासिन मुख्य संयोजक राजेंद्र चौहान, अध्यक्ष आदित्य घिल्डियाल, महासचिव लक्ष्मण रावत, मीडिया प्रभारी रजनी जोशी ,सुबोध थपलियाल, इंदिरा चौधरी,देवेन्द्र सिंह रावत,विकास, तान्या आर्य, खोड़ा सभासद दीवान लटवाल आदि मौदूज रहे।

## जीबीयू में 74वां संविधान दिवस समारोह का हुआ आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। 74वां संविधान दिवस के अवसर पर स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एण्ड गवर्नेंस, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव अध्यक्ष उत्तर प्रदेश लॉ कमीशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपास्थित रहे। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय



**■ भारतीय संविधान ही एकमात्र ऐसा संविधान है जो एक सामाजिक दस्तावेज है**

के कुलपति प्रोफेसर रविन्द्र कुमार सिन्हा ने अंगवस्त्र, कुलसचिव डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने मोमेंटो देकर मुख्य अतिथि का स्वागत और अभिनंदन विश्वविद्यालय की ओर से किया। कार्यक्रम में विधि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. कृष्ण कांत द्विवेदी ने स्वागत भाषण के साथ सभी अतिथियों, सभी सदस्यों, विद्यार्थियों का स्वागत किया साथ ही साथ संविधान के महत्व एवं संविधान दिवस को मनाने की महत्वा को भी समझाया। 74वें संविधान दिवस के अवसर पर विषय रखते हुए न्यायमूर्ति ने न्यायिक समीक्षा के महत्व को समझाया और संविधान के निर्माण, इसमें शामिल प्रयासों और संविधान निर्माताओं के दृष्टिकोण के बारे में उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान ही एकमात्र ऐसा संविधान है जो एक सामाजिक दस्तावेज है। भारत में लंबित कानूनी मुकदमों पर भी जोर दिया और कहा कि इसके समाधान में न्यायपालिका के साथ-साथ वकीलों और संकायों की भी इसमें भूमिका है। अंत में न्यायमूर्ति ने जिज्ञासु प्रश्नों के उत्तर भी दिए जिसमे गरीबों तक न्याय कैसे पहुंचे, किस प्रकार न्यायालय और प्रशासन के मध्य समन्वय बनाया जा सकता है इस पर भी अपने विचार रखें। स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एण्ड गवर्नेंस में प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ, जिसमें इंट्रा यूनिवर्सिटी संसदीय बहस प्रतियोगिता, इंट्रा यूनिवर्सिटी क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता रही। जिनका विषय भारतीय संविधान दिवस से सम्बंधित रहा। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. रमा शर्मा ने धन्यवाद दिया, संचालन विधि की छात्रा अभिलाषा ने किया।

## सड़क पर नील गाय आने से अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, एक की मौत, एक गंभीर

**जेवर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। खुर्जा रोड पर रविवार देर शाम गांव दस्तमपुर के समीप सड़क पर अचानक कार के सामने नील गाय आने पर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको परिवार के लोगों ने कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे का गंभीर अवस्था में उपचार जारी है। मौत की सूचना पर स्वजनों में कोहराम मच गया। स्वजनों की मांग पर पुलिस ने बगैर पोस्टमार्टम के शव उन्हें सौंप दिया। सोमवार को गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया। थोरा के रहने वाले भोजराज सिंह भारतीय सेना में तैनात हैं। उनके बड़े बेटे गोविंदा की करीब 4 साल पहले शादी हुई थी जिस पर एक बेटा व एक बेटी है। गोविंदा जेवर की आर एंड आर कॉलोनी में फास्ट फूड की दुकान चलता था। रविवार शाम को गोविंदा के जहांगीरपुर निवासी दोस्त का रविवार को बर्थडे था। जिसमें शामिल होने के लिए वह रविवार की शाम अपने दोस्त रोहित 28 के साथ वेगनार कार से थोरा से कस्बा जहांगीरपुर जा रहा था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्वजनों को सूचना देने के बाद राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को कार से निकालकर जेवर स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान गोविन्दा छौंकर 30 की मौत हो गई तथा रोहित का उपचार जारी है।






## मेवाड़ में प्लेसमेंट विभाग की सेमिनार आयोजित

**गाजियाबाद,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में आयोजित सेमिनार में बीबीए और बीकॉम के विद्यार्थियों को बताया गया कि बेहतर कम्युनिकेशन स्किल से बड़ी कंपनियों में बेहतर जॉब के अवसर प्राप्त किये जा सकते हैं। 'करियर इन सेल्स मार्केटिंग एंड फार्मा कंपनी' विषय पर प्लेसमेंट विभाग की ओर से आयोजित सेमिनार में इंस्टीट्यूएंडी ग्रेजुएटी कंपनी के दो निदेशकों सुरोजित घोषाल और देबज्योति दत्ता ने यह जानकारी विद्यार्थियों को दी। उन्होंने यह भी बताया कि हमें स्वयं में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच की क्षमता विकसित करनी होगी। इसी की बदौलत हम अपने लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सकते हैं। दोनों निदेशकों ने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर में बताया कि वे करियर फार्मा और एफएमसीजी कंपनी में कैसे करियर बनाएं। उन्होंने सीवी बनाने के बारे में भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। सेमिनार में मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने बताया कि मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस अपने विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ-साथ उनकी करियर काउंसलिंग भी बेहतर तरीके से करता है। यह मुहिम पिछले कई सालों से जारी है। इस मौके पर बीबीए के विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मिश्रा, बीकॉम की विभागाध्यक्ष निधि बंसल, प्लेसमेंट हैड हर्षवर्द्धन शर्मा आदि मौजूद थे।

**कम्युनिकेशन स्किल से मिलेगा बड़ी कंपनियों में बेहतर जॉब**

उवाच

"अभी केवल इतनी सूचना मिली है कि प्राधिकरण द्वारा वेतन में वृद्धि की जाएगी। लिखित में कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ है। जब तक प्राधिकरण से लिखित में आश्वासन नहीं मिलेगा। हमारी हड़ताल जारी रहेगी।"

**मोहित मेहरा, उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ नगर अध्यक्ष**

# कैपिटल ज़ोन

## यमुना प्राधिकरण में विवादित दो प्रबंधकों पर गिरी गाज, संपत्ति विभाग से हटाए गए

**ग्रेटर नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के संपत्ति विभाग तैनात दो प्रबंधक के खिलाफ लगातार शिकायत मिल रही थी। दोनों प्रबंधक को सीईओ ने कई बार चेतावनी दी लेकिन उनकी कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया। सोमवार को सीईओ कड़ा फैसला लेते हुए दोनों प्रबंधक को संपत्ति विभाग से हटाकर सीआर से संबद्ध कर दिया है। राजनीतिक पहुंच रखने वाले दोनों प्रबंधको हटाए जाने से पूरे प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मची हुई है। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरूणवीर सिंह ने सोमवार को सभी विभाग की समीक्षा को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक की। बैठक शुरू होते ही सीईओ ने ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों पर तुरंत एक्शन लेते हुए

■ **प्राधिकरण के सीईओ डा. अरूणवीर सिंह ने स्टाफ मीटिंग में प्राधिकरण की छवि खराब करने वालों को लगाई फटकार**

जिनके कारण प्राधिकरण की छवि खराब हो रही है। सीईओ ने ऐसे अधिकारी और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा जिनके खिलाफ लगातार शिकायत मिल रही है। शिकायतों की जांच भी कराई गई जिसमें पाया गया कि संपत्ति विभाग जितनी शिकायत मिली वह सही पाया गया। सीईओ ने तुरंत संपत्ति विभाग में तैनात योगेश भाटी और संदीप तिवारी को तुरंत हटाने का आदेश जारी किया। दोनों प्रबंधक को संपत्ति विभाग से हटाकर सीआर सेल से संबद्ध कर दिया गया है। हटाए गए दोनों प्रबंध एजेंसी के माध्यम से प्राधिकरण में लंबे समय से तैनात है। दोनों भाजपा के दो नेताओं के परिवार से संबंध रखते है। समीक्षा के दौरान सीईओ ने सभी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी दी कि अगर किसी के खिलाफकोई शिकायत मिलती है उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कई अधिकारियों और कर्मचारियों को एक सप्ताह के अंदर कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी है। प्राधिकरण के इस फैसले से प्राधिकरण के अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मची हुई है।

## ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे यमुना प्राधिकरण के सेक्टरों से जुड़ेगा

**ग्रेटर नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। यमुना और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए जगनपुर अफजलपुर के पास बनने वाले इंटरचेंज से अब यमुना के सेक्टर भी जुड़ेंगे। इसके लिए उतार-चढ़ाव 60 मीटर और 30 मीटर चौड़ी सर्विस रोड पर बनाए जाएंगे। इस काम में करीब 59 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जबकि दोनों एक्सप्रेसए को जोड़ने में करीब 122 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के जगनपुर अफजलपुर के पास यमुना एक्सप्रेस वे और ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए इंटरचेंज बनना है। इसको बनाने के लिए 2018 में कंपनी का चयन हो गया था। किसानों की मांगों के चलते काम नहीं शुरू हो पाया। अब काम शुरू होने की उम्मीद है। अब इसके निर्माण पर 122.89 करोड़ रुपए खर्च होंगे। एनएचएआई ने भी बढ़ी रकम देने के लिए हामी भर ली है। अभी तक दोनों इंटरचेंज को जोड़ा जाना था। यानी यमुना का वाहन ईस्टर्न और ईस्टर्न का वाहन यमुना आ-जा सकेगा। इसमें यमुना प्राधिकरण के सेक्टर नहीं जुड़ रहे थे। अब यमुना प्राधिकरण के सेक्टर को भी जोड़ा जाएगा।

**सेक्टर से जोड़ने के लिए जगनपुर अफजलपुर के पास इंटरचेंज से उतार-चढ़ाव पर 60 और 30 मीटर चौड़ी सर्विस रोड पर बनाएं जाएंगे**

प्राधिकरण ने इसकी डिजाइन में परिवर्तन करा लिया है। इंटरजेंच के उतार और चढ़ाव प्राधिकरण की 30 और 60 मीटर चौड़ी सर्विस रोड पर भी उतरेंगे। इससे प्राधिकरण के सेक्टर जुड़ जाएंगे। इस पर करीब 59 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह पैसा प्राधिकरण वहन करेगा। यमुना प्राधिकरण किसानों को मुआवजे के लिए पहले ही सहमत कर चुका है। मुआवजे के लिए प्राधिकरण ने एडीएम एलए को करीब 22 करोड़ रुपए दे दिए हैं। प्राधिकरण किसानों को सेक्टर 17 बी और सेक्टर 25 में भूखंड देंगे। इसके लिए करीब 250 भूखंड की जरूरत होगी। मुआवजा, आबादी के लिए भूखंड और सेक्टर को जोड़ने के लिए आने वाली लागत का प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।

## ग्रेनो प्राधिकरण के तुगलकी फरमान के खिलाफसफाई कर्मियों ने निकाला जुलूस

**ग्रेटर नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण कार्यालय के बाहर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। सोमवार को सफाई कर्मचारियों ने प्राधिकरण के खिलाफ मोर्चा खोला। सफाई कर्मचारियों ने प्राधिकरण के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए शहर के मुख्य इलाकों से होते हुए रैली निकाली। उनका कहना है कि अगर प्राधिकरण ने मांगे पूरी नहीं की तो डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के बाहर करीब 14 दिनों से सफाई कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हुए हैं। धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन, भाई दूज और छठ पूजा का त्यौहार भी बीत गया, लेकिन सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही। अब सफाई कर्मचारियों ने परेशान होकर प्राधिकरण के खिलाफ मोर्चा खोला। सभी सफाई कर्मचारी प्राधिकरण कार्यालय के बारे इकट्ठा हुए। इसके बाद वह रैली निकलते हुए परी चौक पहुंचे और परी चौक से वापस प्राधिकरण कार्यालय आए। इस दौरान सभी सफाई कर्मचारियों ने जमकर प्राधिकरण के विरुद्ध नारे बजे की और अपने मांगों को पूरा करने की मांग की। सफाई कर्मचारियों के हड़ताल से सेक्टर वासियों को परेशानी हो रही है।सेक्टर गमा 1 गामा 2, बीटा 1, बीटा 2, डेल्टा 2 सहित अन्य सेक्टर में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।



■ **सफाई कर्मचारियों ने प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर के मुख्य इलाकों से निकाली रैली**

■ **सफाई कर्मचारियों ने कहा मांग पूरी न हुई तो डीएम कार्यालय पर करेंगे प्रदर्शन**

प्राधिकरण द्वारा निजी कंपनी से कचरा भी उठाया जा रहा है, लेकिन उससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ रहा। पार्क सड़क और अन्य स्थानों पर कचरा पड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के नगर अध्यक्ष मोहित मेहरा ने बताया कि अभी केवल इतनी सूचना मिली है कि प्राधिकरण द्वारा वेतन में वृद्धि की जाएगी। लिखित में कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ है। जब तक प्राधिकरण से लिखित में आश्वासन नहीं मिलेगा। हमारी हड़ताल जारी रहेगी। अगर मांगे नहीं मानी गई तो इस बार प्राधिकरण कार्यालय से डीएम कार्यालय तक रैली निकाली जाएगी और वहां पर प्रदर्शन किया जाएगा।

## बिल्डर-बायर्स समस्या सुलझाने के लिए जल्द शासन स्तर पर पॉलिसी होगी तैयार

**ग्रेटर नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। बिल्डर-बायर्स समस्या सुलझाने के लिए गठित अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को आगामी कैबिनेट बैठक में रखे जाने की उम्मीद है। शासन ने इसको लेकर विभागों के आपत्तियों और सिफारिशों के साथ कैबिनेट नोट तैयार कर लिया है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा ग्रेटर नोएडा में बिल्डर-बायर्स बड़ा मुद्दा है। इस समस्या के समाधान के लिए केंद्र सरकार ने अमिताभ कांत समिति गठित की थी।

समिति ने कई सिफारिशें की हैं। इन सिफारिशों को लागू करने की तैयारी है। बताया जाता है कि शासन ने इन सिफारिशों को लागू करने के लिए कैबिनेट नोट तैयार कर लिया है।

■ **समस्या सुलझाने के लिए अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों को आगामी कैबिनेट में रखा जाएगा**

कैबिनेट नोट से पहले शासन ने विभागों के इनपुट, आपत्तियों और सिफारिशों को लिया था। आगामी कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जाएगा। इसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। इसमें परियोजनाओं को लेकर पूरी जानकारी दी गई थी। प्राधिकरण को होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया गया था। इससे 1.67 लाख खरीदारों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## आम आदमी पार्टी ने किया किसान प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा

**ग्रेटर नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी किसान प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा सोमवार को ग्रैंड हेरीटेज होटल में स्थित प्रकोष्ठ की संगठन विस्तार बैठक में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने की। प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमांडो अशोक ने महासचिव नीरज छोंकर फौजी व प्रदेश मीडिया प्रभारी ऋषि सारस्वत के साथ, 8 प्रांत प्रभारी, 9 प्रांत सह प्रभारी 13 मंडल प्रभारी, 5 मंडल सह प्रभारी, 54 जिला अध्यक्ष 6 महानगर अध्यक्ष की




सूची जारी की। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसानों की आवाज बुलंद करने के लिए सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथी कमर कस कसने के लिए कहा ताकि किसानों की मांगों को मानने के लिए सरकार बाध्य हो और किसानों की समस्याओं का अतिशीघ्र निदान हो, साथ में सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को बधाइयां एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पार्टी किसान प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारीयों के अलावा गौतम बुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता राम गुप्ता के साथ अधिकारी मौजूद रहे कई समाजसेवी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## अभियान चलाकर रेरा की आरसी की वसूली की जाए : जिलाधिकारी

**ग्रेटर नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में बिल्डरों से रेरा की बकाया राशि को वसूल करने को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रेरा से संबंधित वसूली मांग पत्रों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप जिलाधिकारी गण, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अमीनो को निर्देश दिए कि जिले में जिन बिल्डरों पर उत्तर प्रदेश भू संपदा विनियामक प्राधिकरण रेरा की बकाया राशि है, उसकी वसूली के लिए वृहद स्तर पर अभियान संचालित कर अधिक से अधिक रेरा की बकाया धनराशि वसूल करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि जिन बकाएदारों ने अपनी आर.सी. की धनराशि जमा नहीं कराई है, ऐसे बकाएदारों के निवास स्थान पर पहुंचकर मुनादी के माध्यम से उनको सचेत किया जाए कि यदि उनके द्वारा बकाया धनराशि अदा नहीं की गई तो आपके विरुद्ध

■ **जिलाधिकारी ने रेरा से सम्बन्धित वसूली मांग पत्रों को लेकर की समीक्षा बैठक**

नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि प्रतिदिन अमीनों द्वारा की गई वसूली की मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी आलोक कुमार गुप्ता, सदर अंकित कुमार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीआरए कुलदीप खन्ना तथा तहसीलों से अमीन उपस्थित रहे।

## इन-स्पेस, इसरो और एईसीटीई ने कृषि क्षेत्र के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के लिए मिलाया हाथ

**ग्रेटर नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) ने कृषि क्षेत्र में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों के उपयोग के संबंध में एक नवोन्मेषी अल्पकालिक कार्यक्रम, 'प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करें' का आयोजन किया है। कृषि क्षेत्र के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग विषय से जुड़े पांच दिवसीय पाठ्यक्रम को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) मेरठ, विभिन्न गैर-सरकारी इकाइयों (एनजीई) और शिक्षाविदों के सहयोग से डिज़ाइन किया गया है। इन-स्पेस के संवर्धन निदेशालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि नया पाठ्यक्रम, कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी क्षमता के इस्तेमाल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य है, लोगों को कृषि क्षेत्र में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों के सैद्धांतिक और व्यवहारिक ज्ञान से लैस करना। यह पहल आम आदमी को लाभ पहुंचाने के व्यापक लक्ष्य, अंत्योदय की भावना के साथ-साथ अपनी कृषि पद्धतियों की बेहतरी के लिए और खाद्य सुरक्षा तथा वहनीयता सुनिश्चित करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इस पाठ्यक्रम में कृषि भूमि निगरानी, कीट/बीमारी का पता लगाना तथा पूर्वानुमान, फसल क्षेत्र का अनुमान तथा उत्पादन का पूर्वानुमान, फसल प्रणाली विश्लेषण, मृदा मानचित्रण एवं निगरानी, और कृषि सूखा आकलन तथा निगरानी संबंधी मॉड्यूल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, बागवानी से जुड़ी फसलों के क्षेत्र का आकलन एवं निगरानी और कमांड क्षेत्र और जल संसाधन निगरानी पर भी सत्र होंगे। इसमें कृषि के व्यवहारिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें मिट्टी का नमूना लेना, मिट्टी का प्रसंस्करण, ड्रोन और रोबोट प्रदर्शन और मिट्टी के विश्लेषण के तरीके शामिल हैं। अन्य व्यवहारिक पहलुओं में वृद्धि के माध्यमों की तैयारी, बीज अंकुरण का परीक्षण, आर्द्रता की माप तथा प्रबंधन, और रोशनी के गुणात्मक तथा मात्रात्मक जोखिम का आकलन



■ **कृषि क्षेत्र में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों के उपयोग के सिद्धांत और व्यावहारिक पहलू है शामिल**

शामिल है। प्रतिभागियों को इसरो विभिन्न पोर्टल जैसे, भूनिधि, भुवन, वेदाज़ और मॉसडैक से भी परिचित कराया जाएगा, जो व्यापक कृषि प्रबंधन के लिए एआई और एमएल के साथ अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को जोड़ता है। 20 से 24 नवम्बर तक आईआईटी रूड़की के ग्रेटर नोएडा में आयोजित हुआ है। पाठ्यक्रम के निदेशकों में डॉ. वीएम चौधरी, समूह निदेशक, एनआरएससी/इसरो, ब्रिजेश कुमार सोनी, उप निदेशक, आईएन-स्पेस और डॉ. राजेंद्र सिंह, निदेशक शोध एवं विकास, एमआईटी, मेरठ (पूर्व वैज्ञानिक आईएआरआई/आईसीएआर) शामिल हैं।



## भाकियू ने यमुना प्राधिकरण को दिया नौ सूत्री मांग, खत्म हो ठेकेदारी प्रथा

**दनकौर,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। भाकियू महात्मा टिकैत संगठन के पदाधिकारियों की सोमवार को किसानों की समस्याओं को लेकर यमुना प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह से मुलाकात कर नौ सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। किसानों ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में तैनात सुरक्षाकर्मियों का वेतन सीधे प्राधिकरण की ओर से किया जाए। अभी तक कर्मियों का वेतन ठेकेदार के जरिये भेजा जा रहा है। अधिकारी ने भी किसानों की मांग को सही बताते हुए ठेकेदारी प्रथा को खत्म करने का आश्वासन दिया है। संगठन के जिलाध्यक्ष श्यामवीर नागर ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस वे पर चपरगढ़ व दनकौर टोल पर वाहनों की पर्ची नहीं दी जाती है, जिससे अधिक टोल वसूला जा रहा है। किसानों को अतिरिक्त मुआवजा व आवासीय भूखंड नही दिए गए है। स्थानीय युवाओं को कंपनियों में रोजगार नहीं दिया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तर्ज पर ही यमुना प्राधिकरण के जमीन के रेट किये जाएं। ऐसे 9 मामलों पर अधिकारी से वार्ता हुई। अधिकारी ने सभी समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल तालान, बॉबी नागर, अनूप व वेदपाल आदि मौजूद रहे।

## लोक आस्था का महापर्व छठ उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ हुआ सम्पन्न

**ग्रेटर नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। लोक आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय पर्व छठ आज सुबह उगते सूर्य के अर्घ्य के साथ ही संपन्न हो गया। चार दिवसीय इस अनुष्ठान के चौथे दिन अर्घ्य के बाद व्रतियों ने अन्न-जल ग्रहण कर 'पारण' किया। सोमवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए आस्था का ज्वार उमड़ा। बड़ी संख्या में छठ व्रती बांस की टोकरी, सुप में फल, खजूर आदि लाएं और सूर्य, छठ माता को प्रसाद चढ़ाया गया और जल में उतरकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया है। सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ यह महापर्व संपन्न हो गया। चार दिन तक चलने वाले इस त्योहार में भगवान सूर्य की आराधना की जाती हैं। ग्रेटर



**छठ घाटों व पार्कों में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब**

नोएडा में अल्फा-दो, डेल्टा-एक, नवादा शिवमंदिर, ओमीक्रोन, आईईसी कॉलेज पार्क, दिल्ली वर्ड पब्लिक स्कूल, सेक्टर ईटा-एक, सेक्टर-36 में बड़ी संख्या में लोग जमा हुए और उगते हुए सूरज को अर्घ्य दिया ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चेरी काउंटी के पास भी कृत्रिम रूप से बनाए गए तालाब में हजारों की संख्या में लोग जमा हुए और सूर्य को अर्घ्य देकर छठ का समापन किया। छठ महापर्व को लेकर लोगों में बड़ा उत्साह देखने को मिला, सोमवार को सुबह छठ घाटों में लोगों की भीड़ उमड़ी, इस दौरान आयोजन मण्डल की तरफसे पूरी व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालु राम सुजान सिंह, अल्फा-दो निवासी ने बताया कि लोग सुबह 4 बजे से ही अपने परिवार के साथ पहुंचना शुरु कर दिए थे। इस दौरान पुरोहित ने मंत्रोचारण के साथ लोगों को उगते सूर्य को अर्घ्य दिलाया, इस पर्व पर पूरा परिवार एकजुट होता है, जिसमें आपसी सौहार्द बढ़ता है। इस दौरान घाट पहुंचे बच्चों ने पटाखे आतिशबाजी का भी आनन्द उठाया और प्रसाद ग्रहण किया।

## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नं0-01, सैक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्धनगर

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Prasar Kunj Sahkari Awas Samiti Ltd. के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या B-505, 5th Floor, Sector-Pi-1, Greater Noida क्षेत्रफल-134.881 वर्ग मीटर Mr. Ahmad Ali S/o Late Shri Rahmat Ilahi Barq के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Mr. Ahmd Ali की मृत्यु दिनांक-05.12.2022 को हो जाने के उपरान्त उनके स्थान पर उनकी पुत्र Mr. Faraz Alam S/o Late Ahmad Ali ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में आवंटी Mr. Ahmad Ali के स्थान पर उनकी पुत्र Mr. Faraz Alam S/o Late Ahmad Ali के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## नवोन्मेष के लिए उद्योग और शिक्षा जगत को साथ आना जरुरी : टीजी सीताराम

**ग्रेटर नोएडा,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने आर्म एजुकेशन और एसटी माइक्रोइलेक्ट्रोनिक्स के साथ मिलकर इन्वेंटर्स

■ **सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एआईसीटीई ने इन्वेंटर्स चैलेंज आयोजित**

■ **प्रतियोगिता में आए 1370 आइडिया, आठ टीमें विजेता घोषित**

चैलेंज का आयोजन किया। रविवार को कार्यक्रम के समापन के अवसर पर एआईसीटीई के चेयरमैन टीजी सीताराम ने कहा कि उद्योग और शिक्षा जगत के विशेषज्ञों के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान बहुत जरूरी है। इस



तरह ज्ञान साझा किए जाने से तकनीकी शिक्षा ले रहे छात्र छात्राओं को नवाचार के प्रति प्रोत्साहन मिलता है। इससे उद्योग जगत को भी काफी लाभ मिलेगा। यह कार्यक्रम नोएडा के इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी में आयोजित किया गया था। टीजी सीताराम ने कहा कि सेमीकंडक्टर के मामले में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत ने कदम बढ़ा लिए हैं। इसमें एआईसीटीई महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत सरकार देश में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकीतंत्र विकसित करने पर ज़ोर दे रही है। इन्वेंटर्स चैलेंज में प्रतिभागियों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया इस बात का संकेत है कि देश के छात्र और उद्योग जगत के इस लक्ष्य को हासिल करने में सरकार के साथ हैं। इन्वेंटर्स चैलेंज- 2023 में संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक लक्ष्यों के आधार पर 1,370 आइडिया प्रस्तुत किए गए थे। इनमें 80 से अधिक टीमों को अपने आइडिया को प्रोटोटाइप करने के लिए एसटी माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक से डेवलपर बोर्ड प्राप्त हुए। आठ टीमें विजेता घोषित की गई हैं। आर्म इंडिया के अध्यक्ष गुरु गणेसन ने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम में तकनीकी नवोन्मेष लाने में उच्च शिक्षा की अहम भूमिका होगी। एसटी माइक्रोइलेक्ट्रोनिक्स के प्रबंध निदेशक विवेक शर्मा ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से तकनीकी नवोन्मेष के लिए लोकल ईकोसिस्टम को समृद्ध किया जा सकेगा।

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर, 201308 (उ.प.)
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

**सार्वजनिक सूचना**

पत्रांक: वाई.ई.ए./भूलेख/63/2023 दिनांक: 20.11.2023

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी सहमति के आधार पर काश्तकारों से कम किया जाना प्रस्तावित है:-

**ग्राम-कुरैब, सैक्टर 29, के 24 मीटर रोड व सैक्टर 32 चंक 02 के अन्तर्गत**

| क्रमांक | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे.में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा (हे.में) | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे.में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 235 | 409 | 1.0010 | जयनारायन शर्मा शिवदत्त शर्मा निवासी मौहल्ला सरायनैन सिंह जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर। | 0.1155 | 0.1155 |
| 2 | 490 | 84 | 0.6770 | मौहम्मद उमर पुत्र दलशेर खाँ निवासी नगला हाण्डा, माजरा कुरैब, जनपद गौतमबुद्धनगर। | 0.1354 | 0.1354 |
| 3 | 005 | 414/2 | 0.1840 | मुदित कौशिक पुत्र देवदत्त शर्मा निवासी ज्ञानलोक कॉलोनी, कस्बा खुर्जा, जनपद बुलन्दशहर। | 0.0368 | 0.0368 |

पत्रांक: वाई.ई.ए./भूलेख/60/2023 ग्राम-फलैदा खादर दिनांक: 17.11.2023

| ग्राम का नाम | नोएडा इन्टरनेशनल ऐयरपोर्ट पर जल आपूर्ति हेतु गाटा संख्या | |
|---|---|---|
| फलैदा खादर | गाटा संख्या | 327/3 |

प्रश्नगत/उपरोक्त भूमि को क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर सी.आर.सेल/तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। **डिप्टी कलेक्टर, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 21 नवम्बर 2023

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

## नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में टीम इंडिया और खेल भावना की हार

रविवार 19 नवंबर 2023 का दिन भारत के लिए ऐतिहासिक हो सकता था। 1983 और 2011 की तरह टीम इंडिया क्रिकेट विश्वकप तीसरी बार जीत सकती थी। लेकिन खेल है तो हार-जीत लगी रहती है। और इस बार टीम इंडिया सभी मैचों में अपराजेय रहने के बावजूद फाइनल का मुकाबला हार गई। इसका मतलब यही है कि भारतीय टीम मजबूत है, उसके पास बेहतरीन खिलाड़ी हैं, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पास अकूत धन-संपत्ति है, जिससे वो सभी तरह की सुविधाएं और साधन खिलाड़ियों को मुहैया करा सकती है। यह सब होने के बावजूद भारतीय टीम ठीक-ठाक स्कोर बनाकर भी हार गई, तो इस हार को गरिमा के साथ स्वीकार करने में ही क्रिकेट की शोभा है, जिसे भद्रजनों का खेल भी कहा जाता है। लेकिन अफसोस कि इस बार क्रिकेट विश्वकप की मेजबानी करते हुए भारत में न केवल भारतीय टीम हारी, बल्कि खेल भावना भी नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में बुरी तरह मात खाती नजर आई।

दरअसल खेल भावना की हार की पटकथा तो उसी दिन से लिखनी शुरु हो गई थी, जब सरदार पटेल के नाम पर बने स्टेडियम को मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर किया गया। इतने बड़े देश में कई और नए स्टेडियम बनाए जा सकते हैं और इनमें से किसी का भी नाम प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर हो सकता था, लेकिन तुच्छ राजनैतिक सोच के कारण नाम बदलने का जो सिलसिला शुरु हुआ है, उसका एक और उदाहरण नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में देखने मिला। 1 लाख 32 हजार लोगों को बिठाने की क्षमता वाले स्टेडियम का जब फिर से उद्घाटन हुआ था, तो यहां कोई खेल प्रतियोगिता आयोजित न होकर नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम किया गया। खेल और राजनीति के घालमेल का यह मोदीयुगीन उदाहरण था। इसके बाद ऐसी कई और मिसालें देखने मिली हैं।

महिला पहलवानों ने अपने साथ हुए यौन शोषण की न केवल शिकायत की, बल्कि इसके लिए अदालत तक से गुहार लगा दी, जंतर-मंतर पर लंबा धरना-प्रदर्शन किया। लेकिन जिस ब्रजभूषण शरण सिंह पर मुख्यत: आरोप हैं, वो आज भी संसद में मौजूद है और पीड़ित खिलाड़ी इंसाफ की बाट जोह रहे हैं। इन खिलाड़ियों के समर्थन में संसद में ही मौजूद नामचीन खिलाड़ी पी टी उषा ने कोई आवाज नहीं उठाई, उल्टा उन्हें नसीहत दे दी। लेकिन भारत को पहला विश्वकप दिलाने वाले कपिल देव ने महिला खिलाड़ियों के हक में आवाज उठाई थी, तो वे इस बार नरेन्द्र मोदी स्टेडियम नहीं पहुंच पाए। कपिल देव ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि वे तो चाहते थे कि उनके साथ पहली बार विश्वकप उठाने वाली पूरी टीम फाइनल मुकाबला देखने पहुंचती, लेकिन बीसीसीआई शायद इतने जरूरी कामों में व्यस्त है कि उन्हें फाइनल मुकाबला देखने के लिए आमंत्रित ही नहीं किया गया। वैसे ये देखना रोचक है कि कपिल देव के किरदार को सिनेमा में उतारने वाले रणवीर सिंह अपनी पत्नी दीपिका पादुकोण के साथ नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में मौजूद थे। फिल्मी, उद्योग और आध्यात्मिक व्यापार से जुड़े कई नामी लोग स्टेडियम में टीम इंडिया का हौसला बढ़ाने के लिए मौजूद थे। भारत रत्न सचिन तेंदुलकर और जग्गी वासुदेव अगल-बगल ही बैठे थे और उन दोनों को आपस में बात करते हुए देखा गया। हालांकि सचिन के आखिर विश्वकप में उन्हें जीत का तोहफा देने वाले कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी भी इस फाइनल मुकाबले में नहीं रहे। शायद बीसीसीआई के लिए क्रिकेट के अहम हस्ताक्षरों से कहीं जरूरी उन लोगों की मौजूदगी थी, जिनके कारण यह खेल सोने का अंडा देने वाली मुर्गी की तरह बना हुआ है। खेल भावना में हार का यह एक और उदाहरण है।

विश्वकप मुकाबले में भारत की जीत की उम्मीदें लगाए दर्शकों को काफी मायूसी हुई और यह जायज भी है। लेकिन इसके लिए बहुत से लोगों ने, जिनमें कई राजनेता भी शामिल हैं, नरेन्द्र मोदी को जिम्मेदार ठहराना शुरु कर दिया। अगर इस हार का ठीकरा मोदी सरकार की खेल नीति की वजह से फोड़ा जाता, तब भी बात समझ में आती। मगर कई लोगों ने नरेन्द्र मोदी के लिए पनौती शब्द का इस्तेमाल किया, सोशल मीडिया पर भी यह शब्द ट्रेंड करने लगा। यह सरासर खेल भावना के विरुद्ध बात है। खेल से तो शारीरिक और मानसिक तंदरुस्ती अच्छी होती है, इसमें अंधविश्वास जैसी बीमारी की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी शिकायत का कारण हो सकती है, क्योंकि जब देश में मणिपुर की गंभीर समस्या है, जब उत्तरकाशी की सुरंग में आठ दिनों से मजदूर फंसे हुए हैं, ऐसे संकटों के बीच प्रधानमंत्री मोदी खेल का आनंद लेने के लिए पहुंचे, यह सही बात नहीं है। श्री मोदी से इस बात की भी शिकायत की जा सकती है कि उनके शासन में देश ये कैसे मुकाम पर आ पहुंचा है, जहां धर्म और राष्ट्रवाद के उन्माद में हम मेहमाननवाजी और सामान्य शिष्टाचार भी भूलते जा रहे हैं। इसी स्टेडियम में पिछले महीने पाकिस्तान के साथ हुए मुकाबले में दर्शकों ने जय श्री राम के नारे लगाकर भारत की अतिथि परंपरा को ठेस पहुंचाई थी। उसके बाद रविवार को आस्ट्रेलियाई टीम के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया गया। उनकी जीत और अच्छे प्रदर्शन पर वाहवाही की जगह सन्नाटा पसरा रहा। लाख की क्षमता वाले स्टेडियम में जब विजेता टीम विश्वकप उठा रही थी तो उसकी हौसलाअफजाई के लिए उंगलियों पर गिने जाने लायक दर्शक मौजूद थे, खुद प्रधानमंत्री आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को मंच पर ट्राफी के साथ अकेले छोड़कर चले गए। श्री मोदी के गृहराज्य और उनके नाम पर बने स्टेडियम में विजेता टीम के साथ यह अफसोसनाक व्यवहार हुआ, इसकी शिकायत होनी चाहिए। पनौती जैसे शब्दों के साथ विरोध करने वाले अपने पक्ष को ही कमजोर कर रहे हैं।

आखिरी बात, नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत विश्वकप जीतता तो भाजपा इसे भी चुनावी मुद्दे की तरह इस्तेमाल करती। एक टीवी चैनल ने तो शीर्षक ही लगा दिया था कि मोदी पहुंचे स्टेडियम, अब भारत की जीत पक्की। मोदी राजनीति के धुरंधर खिलाड़ी हो सकते हैं, लेकिन क्या बचपन से उन्होंने क्रिकेट की दीक्षा भी ली है, इस तथ्य का खुलासा होना अभी बाकी है। बहरहाल, आस्ट्रेलिया की लगातार छठवीं जीत और भारतीय टीम की हार के बीच भारत में खेल भावना क्यों हारती जा रही है, इसकी समीक्षा जरूरी है। आस्ट्रेलिया के अखबार तो हमारे इस रवैये की समीक्षा कर ही रहे हैं।

# क्या भाजपा लोकप्रियतावाद के रास्ते पर बढ़ रही है ?

विधानसभाई चुनाव के मौजूदा चक्र में पांच में से तीन राज्यों—मिजोरम, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश— में वोट डाले जा चुके हैं और चौथे राज्य—राजस्थान—में इसी हफ्ते के आखिर में वोट पड़ जाएंगे। उसके बाद, इस चक्र में से तेलंगाना ही बचेगा, जहां मतदान इस महीने के आखिरी दिन, 30 नवंबर को होना है। लेकिन, तेलंगाना का मामला वैसे भी इस चक्र में कुछ अलग सा है। विधानसभाई चुनावों के इस चक्र में शामिल यह इकलौता दक्षिणी राज्य, ऐसा इकलौता राज्य भी है जहां एक क्षेत्रीय पार्टी— बीआरएस (पहले तेलंगाना राष्ट्र समिति )—सत्ता में है। दूसरी तरफ, मिजोरम की तरह, इस चक्र का यह एक और ऐसा चुनाव मुकाबला है, जहां केंद्र में सत्ताधारी भाजपा, अपनी सारी कोशिशों तथा सारे पैंतरों के बावजूद, चुनावी हाशिए पर ही है। प्राय: सभी चुनावी रिपोर्टें और चुनाव-पूर्व सर्वे इस पर एकमत हैं कि तेलंगाना में वास्तविक चुनावी मुकाबला बीआरएस और कांग्रेस के बीच ही है, जबकि भाजपा काफी पीछे तीसरे स्थान के लिए होड़ कर रही है। इस माने में तेलंगाना के विधानसभाई चुनाव की कहानी के संकेत, मिजोरम की तरह, चुनाव के इस चक्र की मुख्य कहानी से अलग ही रहने जा रहे हैं। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि अब तक बाकायदा इसकी चर्चाएं भी शुरू हो गयी हैं कि चुनाव के इस चक्र के मोटे तौर उत्तरी भारत के लिए क्या संकेत हैं और विशेष रूप से आगामी आम चुनाव के लिए, सीधे चुनावी नतीजों के अलावा क्या संकेत नजर आते हैं।

इस सिलसिले में एक स्वत: स्पष्ट रुझान की ओर स्वाभाविक रूप से अनेक टिप्पणीकारों का ध्यान गया है। विशेष रूप से उत्तरी भारत के तीनों राज्यों—छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश तथा राजस्थान—में, इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच जिस तरह कल्याणकारी कदमों के वादों की होड़ लगी हुई है, इससे पहले कम से कम हिंदीभाषी इलाके में शायद ही कभी देखने को मिली हो। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में, जहां कांग्रेस सत्ता में है, कांग्रेसी सरकारों में इन कल्याणकारी कदमों के वादों को और बढ़ाने की और भाजपा की ओर से, उनसे बढ़कर वादे करने की होड़ लगी हुई है। इसी प्रकार, मध्य प्रदेश में जहां भाजपा सरकार में रही है, उसकी ओर से बढ़-चढ़कर वादे करने की कोशिश की गई है और उसे चुनौती दे रही कांग्रेस ने भी उसके एक-एक वादे का मुकाबला करने की कोशिश की है। इस कोशिश में दोनों ओर के चुनाव घोषणापत्रों में जैसे सभी संभव तबकों के लिए रियायतों के वादों को समेट लिया गया है।

विभिन्न तबकों के लिए रियायतों के वादों की इस होड़ में, जिसमें एक प्रकार से दोनों पक्ष एक जैसे ही वादे करते नजर आते हैं, एक दिलचस्प मुकाबला और जुड़ गया है। यह मुकाबला है, अपने इन वादों की विश्वसनीयता का भरोसा दिलाने और प्रतिद्वंद्वी के वादों को हवा-हवाई साबित करने के मुकाबले का। जाहिर है कि इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान में कांग्रेस और मध्य प्रदेश में भाजपा, अपनी पिछली सरकार के रिकार्ड के आधार पर, अपने वादों की विश्वसनीयता साबित करने में लगी हुई हैं और दूसरी ओर, जो पार्टियां सत्ता में नहीं हैं, वे संबंधित राज्यों की पिछली सरकारों के रिकार्ड के दावों पर भी सवालिया निशान लगाने में जुटी हुई हैं। इस सब के बीच भाजपा ने, जो कि इन तीनों हिंदीभाषी राज्यों में एक प्रकार से प्रधानमंत्री मोदी के ही नाम पर चुनाव लड़ रही है और जिसने इस चक्र में अपने इकलौते मुख्यमंत्री, शिवराज चौहान तक की मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पर खुद ही संदेह खड़े कर दिए हैं, फिर पूर्व-मुख्यमंत्रियों—वसुंधरा राजे और रमन सिंह—की तो बात ही क्या करना, एक नया काम यह किया है कि इन सारे वादों को बाकायदा 'मोदी की गारंटियां' का नाम दे दिया है। यह दूसरी बात है कि इस संदर्भ में 'गारंटियां' शब्द के उपयोग को, कांग्रेस अपनी शब्दावली में से बौद्धिक चोरी का मामला बता रही है।



राजेन्द्र शर्मा

> मुद्दा सिर्फ विभिन्न तबकों के लिए रियायतों की इन घोषणाओं के मामले में मुख्य प्रतिद्वंद्वियों के रूप में कांग्रेस और भाजपा के बीच होड़ होने का ही नहीं है। अव्वल तो यह नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा इस होड़ में कोई स्वेच्छा से शामिल नहीं हुई है। उसका स्वाभाविक रुख तो, जिसे उसके शीर्ष सिद्धांतकारों ने फिलहाल ताक पर भले रख दिया हो, पर त्यागा अब भी नहीं है।

इस सबसे कुछ टिप्पणीकारों ने यह कहना शुरू कर दिया है कि अब इन चुनावों में मुकाबला, जनता के लिए रियायतों के वादों के बीच हो चला है। इसके साथ उसी सांस में यह भी जोड़ दिया जाता है कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के मुद्दे और प्रयास, पीछे पड़ गए लगते हैं! लेकिन, ऐसा कोई निष्कर्ष निकालना सही नहीं होगा। बेशक, इसमें कोई शक नहीं है कि एक बार फिर चुनाव सामने देखकर, प्रधानमंत्री मोदी ने और जाहिर है कि उनसे संकेत ग्रहण कर संघ-भाजपा के समूचे नेतृत्व ने, कथित 'मुफ्त की रेवड़ियों' के प्रति अपनी हिकारत को अचानक सिर्फ त्याग ही नहीं दिया है, जोर-शोर से खुद भी अपनी ओर से इस तरह की रियायतें देने की कसमें खाने में लगे हुए हैं। यह दूसरी बात है कि 'मोदी की गारंटी' की शब्दावली का सहारा लेने के बावजूद, अपने वादों को विश्वसनीय बनाने के लिए उन्हें 'मुफ्त की रेवड़ियों' के प्रति हिकारत के अपने सुप्रीमो के रिकार्ड के चलते, कुछ न कुछ अतिरिक्त मेहनत भी करनी पड़ रही है।

फिर भी मुद्दा सिर्फ विभिन्न तबकों के लिए रियायतों की इन घोषणाओं के मामले में मुख्य प्रतिद्वंद्वियों के रूप में कांग्रेस और भाजपा के बीच होड़ होने का ही नहीं है। अव्वल तो यह नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा इस होड़ में कोई स्वेच्छा से शामिल नहीं हुई है। उसका स्वाभाविक रुख तो, जिसे उसके शीर्ष सिद्धांतकारों ने फिलहाल ताक पर भले रख दिया हो, पर त्यागा अब भी नहीं है, इस सब को ज्यादा से ज्यादा एक जरूरी भटकाव मानने का ही है। बेशक, इसके बावजूद विपक्ष के ज्यादा से ज्यादा असरदार होते दबाव में, संघ-भाजपा को इसके आरोपों का खंडन करने के लिए कि उसके पास 'हिंदू-मुस्लिम करने' के सिवा, जनता को देने के लिए कुछ है ही नहीं, जनता को देने के लिए अपनी ओर से पेशकशें करनी जरूर पड़ रही हैं, लेकिन उसकी यह मुद्रा चुनावी-कार्यनीतिक मुद्रा ही है। इससे भी महत्वपूर्ण यह कि इस तरह की चुनावी कार्यनीतिक मुद्रा के अपनाए जाने में, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के पैंतरों को पीछे रखे जाना खोजना सही नहीं होगा। यह ज्यादा से ज्यादा इतना दिखाता है कि संघ-भाजपा खांटी सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के नारे पर चुनाव नहीं लड़ने जा रहे हैं बल्कि जनहितकारी वादों का भी सहारा लेने जा रहे हैं। लेकिन, खांटी सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के नारे पर चुनाव लड़ने की कल्पना तो वास्तविकता न होकर, बहस में या आलोचना में पेश किया जाने वाला एक कैरीकेचर भर ही हो सकती है। जनतांत्रिक चुनाव में लोगों को उनके हितों का ख्याल रखने का भरोसा तो किसी भी राजनीतिक पार्टी को दिलाना ही होता है।

तो क्या हम जो देख रहे हैं, उसे सांप्रदायिक और लोकप्रिय, इन दो अलग-अलग तत्वों के मिश्रण के रूप में देखा जाना सही होगा ? पहली नजर में जरूर यह इस प्रकार के मिश्रण का मामला लग सकता है और इस मिश्रण में कोई लोकप्रिय तत्व की अधिकता या प्रमुखता भी खोज सकता है। लेकिन, संघ-भाजपा के मामले में इन दो प्रकार के तत्वों की उपस्थिति को इस तरह से देखना भ्रामक होगा। असल में इस मामले में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का आवेग, एक बुनियादी खाके का काम करता है और इस बुनियादी खाके में ही लोकप्रिय तत्व समेत दूसरे सभी तत्व संयोजित हो जाते हैं। इसके लिए संघ-भाजपा अपने लिए, चुनाव प्रचार के दौरान ही नहीं बल्कि उससे आगे-पीछे, एक प्रकार से समग्रता में अपनी गतिविधियों के जरिए, एक धार्मिक-राजनीतिक यानी बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक पहचान बनाती है। और यही पहचान, उनके लोकप्रियतावाद को भी परिभाषित करती है। जैसे वे आदिवासियों के हित की दुहाई तो देंगे, लेकिन उसके साथ ही उसमें ईसाई-आदिवासीविरोधी तत्व जोड़ देंगे। वे रोजगार की बात तो करेंगे, लेकिन फौरन उसके साथ अनारक्षण का आग्रह या अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण पिछड़े गैर-हिंदुओं को बाहर करने का आग्रह ले आएंगे। जनतंत्र की दुहाई देंगे और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का छीनने के जतन कर रहे होंगे।

इस सिलसिले में विधानसभाई चुनाव के इस चक्र में ही तथाकथित 'तुष्टीकरण' विरोध को, भाजपा के बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक संदेश का मुख्य वाहक बना दिया गया है, उसे याद रखना जरूरी है। इस बार के अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण से शुरू कर के मोदी ने, बार-बार प्रयोग कर 'तुष्टीकरण' विरोध को, अपने अल्पंख्यक और विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकविरोधी मंतव्यों का संकेतक बना दिया है। सबसे बढ़कर राजस्थान में कन्हैयालाल टेलर की हत्या के प्रसंग के बहाने से, जाहिर है कि बिना किसी ठोस आधार के प्रधानमंत्री मोदी से लेकर नीचे तक, संघ-भाजपा की सेनाएं जिस तरह 'तुष्टीकरण' का शोर मचाती मिल जाएंगी, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की ही पुकार है। यह उनके लिए अयोध्या में राम मंदिर की दुहाई से भी ज्यादा असरदार पुकार है।

हैरानी की बात नहीं होगी कि विधानसभाई चुनावों के मौजूदा चक्र के नतीजों के बाद, संघ-भाजपा को विभिन्न तबकों के लिए रियायतों के वादों के रूप में और भी ज्यादा लोकप्रियतावाद की मिलावट करनी पड़े। लेकिन, यह मिलावट सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खाके में अन्य तत्वों के संयोजन के रूप में की जा रही होगी। और राम मंदिर की दुहाई से भी बढ़कर, 'तुष्टीकरण' विरोध का शोर, इस सांप्रदायिक ध्रुवीकरण औजार बनाया जाएगा।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# युद्धविराम ही रोक सकता है इस मानवीय त्रासदी को

■ नित्य चक्रवर्ती

इजरायल-हमास युद्ध सोमवार को 45वें दिन में प्रवेश कर गया। लड़ाई अब एकतरफा हो गयी है। इजरायली रक्षा बल हमास आतंकवादियों द्वारा 7 अक्तूबर को इजरायलियों पर 'आतंकी' हमले के जवाब में आतंकियों को खत्म करने के नाम पर नागरिक क्षेत्रों और अस्पतालों सहित गाजा पट्टी पर बमबारी कर रहे हैं। 18 नवंबर तक, फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 13,000 से अधिक था और30,000से अधिक घायल हुए थे।

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के स्पष्ट समर्थन से समर्थित इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुले तौर पर घोषणा की है कि हमासबलों के पूर्ण उन्मूलन तक इजरायली हमलों पर कोई रोक नहीं लगेगी। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुसार, इस प्रक्रिया में, नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की हत्याएं हुई हैं, जो मरने वालों की संख्या का 70प्रतिशत है। गाजा पट्टी के 28 अस्पतालों में से 18 को दवाओं की अभूतपूर्व कमी और बिजली और पानी की कटौती के कारण बंद कर दिया गया है, जबकि दस अस्पताल ऑक्सीजनसिलेंडर सहित न्यूनतम आवश्यकता के बिना ही छोटे पैमाने पर काम कर रहे हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक शुक्रवार को टीवी पर उस समय लगभग रो पड़े जब उन्होंने कहा कि जब तक युद्धविराम लागू नहीं होता और सामान्य चिकित्सा आपूर्ति गाजा के कब्जे वाले निवासियों तक नहीं पहुंचती, हजारों लोग इलाज के बिना मर जायेंगे। , के कारण अत्याधुनिक रॉकेट सहित हमास के बहुत हथियार नष्ट हो गये, लेकिन मारे गये हमास सैनिकों की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि नहीं हुई। एक सैन्य अनुमान में छह सौ से कम हमास सैनिकों के मारे जाने की बात कही गयी है।

> दक्षिण अफ्रीकी सांसदों ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों के विपक्षी दल द्वारा पेश किए गये एक प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की और सत्तारूढ़ अफ़्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा दक्षिण अफ़्रीका में इज़रायली दूतावास को बंद करने और देश के साथ सभी राजनयिक संबंधों को तब तक ख़त्म करने की मांग की, जब तक कि वह गाजा में युद्धविराम पर सहमत न हो जाये।

प्रधान मंत्री नेतन्याहू के लिए, 7 अक्टूबर के हमले ने उन्हें फिलिस्तीन को इज़राइल के जागीरदार राज्य में बदलने का अवसर दिया। सुदूर दक्षिणपंथी नेता ने एक संगीत हॉल में एक कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों सहित नागरिकों की भयानक हत्या के बाद अपने लोगों की भावनाओं का पूरा फायदा उठाया और हमास आतंकवादियों के पूर्ण पैमाने पर विनाश कार्यक्रम को लागू करने का विकल्प चुना। सुरक्षा परिषद को छोड़कर संयुक्त राष्ट्र निकायों ने युद्धविराम के लिए प्रस्ताव पारित किये हैं। डब्ल्यूएचओ और अन्य निकाय केवल नागरिकों के संहार को समाप्त करने के लिए रो रहे हैं, लेकिन किसे परवाह है। संयुक्त राष्ट्र हमेशा की तरह दंतहीन है। चूंकि अमेरिका समर्थन कर रहा है इसलिए इजराइल संयुक्त राष्ट्र के उपदेशों की बहुत कम परवाह कर रहा है।

जहां तक चीन और रूस का संबंध है, दोनों के अपने-अपने भू-राजनीतिक खेल हैं जहां फिलिस्तीनी त्रासदी को संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ उनके संबंधित द्विपक्षीय संबंधों की तुलना में पिछवाड़े जैसा व्यवहार मिलता है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 15 नवंबर को सैनफ्रांसिस्को में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ चार घंटे की बैठक की। चीनी नेता इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे कि यह ग्रह दो महाशक्तियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त बड़ा है। शी ने इजराइल-हमास युद्ध के बारे में सामान्य शब्दों में बात की। ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं थी कि चीनी राष्ट्रपति ने नेतन्याहू को तत्काल युद्धविराम घोषित करने के लिए मनाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति पर बहुत दबाव डाला हो।

गौरतलब है कि 7 अक्टूबर को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का 71वां जन्मदिन था। दिन भर वह अपने उत्सवों में व्यस्त रहे। उन्होंने तीन दिन बाद प्रतिक्रिया दी लेकिन यह इजराइल के बजाय संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ अधिक था। राष्ट्रपति पुतिन पश्चिम एशियाई क्षेत्र में अमेरिका की विफलता और रूस द्वारा इस अंतर को भरने की संभावना पर विचार कर रहे हैं। रूस हाल के वर्षों में इज़राइल के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने की प्रक्रिया में है। वह इज़राइल के साथ अपने संबंधों में अचानक किसी भी गिरावट का स्वागत नहीं करता है। रूस से हमास को सीधे तौर पर कोई सहायता देने की उम्मीद नहीं है। जरूरत पड़ने पर पुतिन कुछ मदद के लिए ईरान का इस्तेमाल कर सकते हैं।

कुल मिलाकर, फ़िलिस्तीनियों को दो बड़ी शक्तियों सहित हमास और उनके मित्र राष्ट्रों द्वारा अधर में छोड़ दिया गया है। गाजा की आबादी 23 लाख है। इसमें से 12 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं। यदि इजरायलीबलों को गाजा पट्टी में काम करने की खुली छूट दी गयी तो शेष आबादी को इजरायली हमलों का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। अब तक, फिलिस्तीन के लोगों ने हमास आतंकवादियों की घोर गलती की भारी कीमत चुकायी है। हत्याओं के मामले में इजरायलियों की ओर से जवाबी कार्रवाई कहीं अधिक रही है।

वैश्विक दक्षिण के केवल कुछ देशों ने ही इजरायल सरकार के खिलाफ कुछ कार्रवाई करने की हिम्मत दिखायी है। राष्ट्रपति सिरिलरामफोसा ने गुरुवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका ने गाजा में इजरायल द्वारा किये गये कथित युद्ध अपराधों की जांच के लिए प्रस्ताव अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) में भेजा है। महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक महत्व का यह बयान तब आया जब गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर अवैध इजरायली हमला हुआ था। इज़रायल ने कहा कि कमांड सेंटर अस्पताल परिसर में स्थित था लेकिन अभी तक आईडीएफ को ऐसी कोई जगह नहीं मिली है। यह एक तरह से उस परिदृश्य की पुनरावृत्ति थी जो 2003 में बगदाद पर अमेरिकी बमबारी के साथ हुआ था, इस दलील पर कि परमाणु बम सामग्री एक विशिष्ट स्थान पर छिपी हुई थी। आखरि़कार, अमेरिकी सैनिकों को ऐसी कोई चीज़ नहीं मिली लेकिन जनसंहारतो पहले ही हो चुका था।

दक्षिण अफ्रीकी सांसदों ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों के विपक्षी दल द्वारा पेश किए गये एक प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की और सत्तारूढ़ अफ़्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा दक्षिण अफ़्रीका में इज़रायली दूतावास को बंद करने और देश के साथ सभी राजनयिक संबंधों को तब तक ख़त्म करने की मांग की, जब तक कि वह गाजा में युद्ध विराम पर सहमत न हो जाये।

ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला ने भी इज़रायल को कड़ी चेतावनी दी और तत्काल युद्धविराम का जोरदार आह्वान किया। मेक्सिको, होंडुरास, कोलंबिया, बोलीविया, ग्वाटेमाला और चिली सहित अन्य वामपंथी लैटिन अमेरिकी शासनों ने संयुक्त राष्ट्र में अपने संबंधित राजदूतों को तत्काल युद्धविराम के लिए काम करने का निर्देश दिया है। वैश्विक दक्षिण के कुछ देशों के इस कड़े कदम के विपरीत, भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ग्लोबल साउथ बैठक में अपने आखिरी बयान में भी नागरिक की हत्या को रोकने की बात की, लेकिन यह उल्लेख नहीं किया कि नागरिक हत्याओं के लिए मुख्य रूप से इज़रायल जिम्मेदार था, जिसमें मरीजों से भरे अस्पतालों पर बमबारी भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों अमेरिका के पूर्ण सहयोगी के रूप में काम कर रहे हैं।

फिलहाल, युद्धविराम में हर दिन की देरी का मतलब है कुछ और सैकड़ों फिलिस्तीनियों की मौत। नेतन्याहू राष्ट्रपति बाइडेन के अलावा किसी की भी नहीं सुनेंगे। अगर अगले कुछ दिनों में युद्धविराम नहीं हुआ तो यह पूरी तरह से मानवीय आपदा होगी।

## पावन प्रसंग

### मनो अवसाद व चिंता का उपचार आध्यात्मिकता

पिछले दशक से लेकर अब तक यदि देखा जाए तो भारत सहित पूरी दुनिया में इंटरनेट के उपयोग में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। शिक्षा संचार-व्यवसाय, प्रबंधन, शोध अनुसंधान के क्षेत्र व ज्ञान विज्ञान की सुलभ जानकारी की दृष्टि से इंटरनेट का महत्व भी अत्यधिक हो गया है, परंतु इसके दुरुपयोग ने अनेक तरह के समस्याओं को भी उत्पन्न कर दिया है। व्यक्ति किसी आवश्यकता की दृष्टि से इंटरनेट आदत व्यसन का रूप लेकर समस्या कब बन जाती है, यह समझ पाना मुश्किल है। इंटरनेट का व्यसन बच्चों से लेकर हर आयु वर्ग के लोगों में सहज देखा जा सकता है।

यह हमारे आधुनिक समाज की एक विकट समस्या बन चुकी है। मनोवैज्ञानिकों ने इस समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए तथ्यात्मक रूप से यह समझाने का प्रयास किया है कि इंटरनेट पर अधिक समय बिताना अनेक प्रकार की मनोशारीरिक समस्याओं को जन्म दे रहा है। सोशल मीडिया का अधिक प्रयोग भी व्यक्ति के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है।

इंटरनेट के बेतहाशा उपयोग और इससे उत्पन्न समस्याओं को लेकर विश्व भर में अनेक शोधकार्य किए जा रहे हैं विशेषज्ञों की मान्यता है कि इंटरनेट की आभासी दुनिया मनुष्य को उसके जीवन की वास्तविक स्थिति से भटका देती है, जिसके फलस्वरूप उसके निजी और सामाजिक जीवन में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। तनाव, चिंता, असुरक्षा, अवसाद, निराशा, आत्मसम्मान की कमी और कुसमायोजन जैसे मनोवैज्ञानिक समस्याओं का एक बड़ा कारण इंटरनेट का ज्यादा प्रयोग करना है। यह समस्या और ज्यादा गंभीर तब हो जाती है, जब बच्चे और युवाओं को बुरी तरह इसकी गिरफ्त में देखते हैं। विडंबना यह है कि किसी भी स्तर पर ऐसा कोई तंत्र अभी नहीं है, जो इंटरनेट का उपयोग कब, कैसे कितना करना है, इस बात का प्रशिक्षण देता हो। साथ ही इंटरनेटजनित अर्थात साइबर उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान की कोई समुचित उपचार विधि भी मौजूद नहीं है। ऐसे में आवश्यकता है कि इंटरनेट की आभासी दुनिया का व्यसन न विकसित हो, इसके प्रति सजगता और जो समस्या उत्पन्न हो चुकी है, उसकी जीवनशैली में आवश्यक सुधार कर समाधान प्राप्त करना। सजगता और समाधान के इन दोनों पहलुओं को समाहित करते हुए एक विशिष्ट शोधकार्य योग विज्ञान विभाग के अंतर्गत संपन्न किया गया है।

इसके लिए सर्वसुलभ विधि है- योग, साधना आदि की दृष्टि से तो इसका महत्व है ही, साथ ही सामान्य जीवन में भी प्रत्येक दिन को अधिक सार्थकता, सजगता और कर्तव्यनिष्ठ होकर जीने तथा तनावमुक्त बने रहने में भी आत्मबोध, तत्वबोध साधना का नियमित अभ्यास अत्यन्त सहायक होता है। अपने एक दिन के जीवन का श्रेष्ठतम व सार्थक उपयोग ही इस साधना का मर्म है। आत्मबोध, तत्वबोध का साधक भविष्य की चिंता से मुक्त हो जाता है, क्योंकि वह अपने दैनिक कार्यों-कर्तव्यों को सम्यक व कुशलतापूर्वक करने में विश्वास करता है साथ ही स्वयं व परिस्थितियों के प्रति सजग बना रहता है। उसमें सहज आत्मविश्वास और सकारात्मक जैसे गुण विकसित हो उठते हैं। फलस्वरूप वह जीवन के अंत:बाह्य पक्षों में आसानी से समायोजन कर पाता है।

दूसरा उपाय है-प्रार्थना। प्रार्थना चिंतामुक्त जीवन जीने में सहायक एक प्रभावी एवं सर्वसुलभ साधना है। प्रार्थना में व्यक्ति अपने मनोभावों को पूर्ण समर्पण के साथ परमात्मा के समक्ष बड़ी ही सहजता से प्रकट कर देता है। प्रार्थना की तकनीक में आंतरिक भावनाओं की प्रबलता होती है। भावनात्मक परिष्कार से चिंतन भी शुद्ध और सकारात्मक बनता है, जिसका सीधा प्रभाव व्यक्ति के कर्म, व्यवहार और आचरण पर पड़ता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### पलायन के दर्द से गुज़रता गांव

देश का दूर दराज़ ग्रामीण क्षेत्र आज भी बिजली, पानी, सड़क, अस्पताल और शिक्षा जैसी कई बुनियादी ज़रूरतों से जूझ रहा है। इसमें रोज़गार प्रमुख है जो ग्रामीणों को पलायन के लिए मजबूर करती है। परिवार के लिए दो वक़्त की रोटी की व्यवस्था करने के लिए लोग अपने गांव से निकल कर दूसरे शहरों और राज्यों का रुख करते हैं। जहां वह खेतों, फैक्ट्रियों और दिहाड़ी मज़दूर के रूप में 16 से 17 घंटे कड़ी मेहनत करते हैं। जिसके बाद भी वह मुश्किल से 15 से 20 हज़ार रुपए महीना कमा पाते हैं। पलायन का आंकड़ा सबसे अधिक उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड में देखने को मिलता है, जहां प्रति वर्ष लाखों लोग रोज़गार की खातिर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, सूरत, मुंबई और कोलकाता का रुख करते हैं। गांव में रोज़गार का कोई साधन उपलब्ध नहीं होने की वजह से लोग पलायन करने को मजबूर हो जाते हैं और पीछे छोड़ जाते हैं परिवार वालों से बिछड़ने का दर्द।

बिहार के कई ऐसे गांव हैं जहां प्रति वर्ष ग्रामीणों की एक बड़ी आबादी रोज़गार के लिए पलायन करती है। इनमें अधिकतर संख्या अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और पसमांदा तबके की है। जो आर्थिक रूप से काफी कमज़ोर होते हैं। इन्हीं में एक उचला गांव भी है। बुद्ध की धरती बोध गया से करीब 54 किमी दूर बांकेबाज़ार ब्लॉक के रौशनगंज पंचायत स्थित इस गांव के अधिकतर परिवार का कोई एक सदस्य रोज़गार के बेहतर ख्वाब के साथ महानगरों की ओर पलायन करता है। करीब 350 परिवारों वाले इस गांव में उच्च वर्ग और अनुसूचित जाति की मिश्रित आबादी निवास करती है। उच्च वर्ग जहां खेती के लिए पर्याप्त ज़मीन और रोज़गार के स्थानीय साधन के साथ आर्थिक रूप से संपन्न है तो वहीं अनुसूचित जाति के अधिकतर परिवारों के पास कृषि योग्य उतनी ज़मीन नहीं है कि उनके परिवार की आजीविका चल सके। जिसकी वजह से इस समुदाय के ज़्यादातर पुरुष गांव से निकल कर महानगरों का रुख करते हैं और कामगार या दैनिक मज़दूर के रूप में काम करते हैं।

हाल ही में पंजाब से मज़दूरी करके गांव लौटे 47 वर्षीय संजय कुमार बताते हैं कि गांव में अनुसूचित जाति के लगभग 60 प्रतिशत पुरुष बाहर जाकर कमाते हैं। यह सभी कृषि या कारखानों में मज़दूर के रूप में काम करते हैं। जहां आमदनी कम और काम के घंटे ज़्यादा होते हैं। छोटे उद्योगों में फैक्ट्री मालिकों द्वारा उनका आर्थिक शोषण भी किया जाता है। लेकिन काम का दूसरा विकल्प नहीं होने के कारण वह इसे सहने को मजबूर होते हैं। संजय बताते हैं कि कई बार उन्हें तीन महीने तक वेतन नहीं मिलता है, ऐसे में न केवल घर वालों बल्कि स्वयं उनकी आर्थिक स्थिति भी डगमगा जाती है। वह कहते हैं कि अगर गांव में रहकर रोज़गार मिल जाए तो पलायन की समस्या खुद ही ख़त्म हो जायेगी।

इस संबंध में गांव के वार्ड न. 8 की पंच शकुंतला देवी कहती हैं कि जाति भेदभाव के कारण गांव के गरीब लोगों को घर पर ही रहकर काम नहीं मिल पाता है और वह पलायन को मजबूर होते हैं। वह आरोप लगाती हैं कि अक्सर संबंधित अधिकारी अथवा जनप्रतिनिधि अपनी ही जाति के लोगों या करीबियों को बेरोज़गारी भत्ता या रोज़गार का लाभ दिलवा देते हैं। जिससे ज़रूरतमंद वंचित रह जाते हैं और उन्हें मजबूरन पलायन करनी पड़ती है। बहरहाल, पलायन रोकने के लिए बिहार सरकार उद्यमी योजना सहित अन्य कई योजनाएं चला रही हैं। इसका प्रभाव भी दिखने लगा है और पिछले कुछ वर्षों में पलायन की संख्या घटी भी है। लेकिन सवाल यह उठता है कि उचला गांव के इन अनुसूचित जाति परिवारों तक इसका लाभ क्यों नहीं पहुंच रहा है ? केवल योजनाओं के बनाने से समस्या का हल मुमकिन नहीं है। ज़रूरत है ऐसे तंत्र विकसित करने की जिससे योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मिल सके।

**यशोदा कुमारी, बिहार**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन यूक्रेन पहुंचे

**कीव।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सोमवार को कहा कि वह यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंच गये हैं। श्री ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखेगा। श्री ऑस्टिन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, मैं अभी यूक्रेन के नेताओं से मिलने के लिए कीव पहुंचा हूं। मैं आज यहां एक महत्वपूर्ण संदेश देने आया हूं कि अमेरिका रूस के आक्रामक रुख के खिलाफ इस जंग में वर्तमान और भविष्य में भी यूक्रेन के साथ खड़ा रहेगा।

# गजा में तलाशी और बचाव अभियान में शामिल हुईं इजरायली महिला सैनिक

**तेल अवीव, 20 नवंबर (एजेंसियां)।** इजरायली सेना द्वारा 27 अक्टूबर को गाजा में जमीनी आक्रमण शुरू करने के बाद पहली बार, महिला सैनिक हमास-नियंत्रित क्षेत्र में तलाशी और बचाव कार्यों में शामिल हुई हैं। होम फ्रंट कमांड के सर्च और रेस्क्यू ब्रिगेड के तहत मिक्स्ड-जेंडर वाली शचर बटालियन की महिला लड़ाकू सैनिक मैदान पर बलों के नेतृत्व में ऑपरेशन में शामिल हुईं। बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल यार्डन ने कहा, शचर बटालियन के पुरुष और महिला सैनिक जीत हासिल करने के लिए सब कुछ करेंगे और हम इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमें इसी के लिए प्रशिक्षित किया गया है और हम यही करेंगे। बटालियन सर्च और रेस्क्यू ब्रिगेड से जुड़ी हुई है, जो ऑपरेशन से संबंधित आवश्यकताओं के अनुसार संरचनाओं और इमारतों से निकासी और बचाव प्रयासों का नेतृत्व करती है। अपने बयान में, लेफ्टिनेंट कर्नल यार्डन ने आगे कहा कि यूनिट वर्तमान में 162 डिवीजनों की सेनाओं के प्रबंधन में मदद करने में एक प्रमुख भूमिका निभा रही हैं और मुख्य मिशन इमारतों को तोड़ने में ब्रिगेड और बटालियनों की सहायता करना और आवश्यकता पड़ने पर एक महत्वपूर्ण बचाव बल के रूप में काम करना है।

**सेनाओं के प्रबंधन में मदद करने में प्रमुख भूमिका निभा रही**



## यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में इजरायली मालवाहक जहाज पर किया कब्जा



**सना।** यमन के हूती विद्रोहियों ने पुष्टि की है कि उन्होंने लाल सागर में एक इजरायली मालवाहक जहाज का अपहरण कर लिया है। हौथी सैन्य प्रवक्ता येह्या सरिया ने रविवार को समूह के अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में कहा, %%हूती ने लाल सागर में एक सैन्य अभियान के कार्यान्वयन की घोषणा की, जिसके परिणामों में एक इजरायली जहाज की जब्ती भी शामिल थी।%% समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा कि समूह इजरायल के खिलाफ सैन्य अभियान तब तक जारी रखेगा जब तक कि गाजा पट्टी के खिलाफ उनकी आक्रामकता बंद नहीं हो जाती।

## गजा में फिलीस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 13,000 पार



**गजा।** गाजा के सरकारी मीडिया कार्यालय ने घोषणा की है कि 7 अक्टूबर को इजरायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में फिलीस्तीनी मरने वालों की संख्या 13,000 से अधिक हो गई है। मीडिया कार्यालय के महानिदेशक इस्माइल अल-थवाब्ता ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मृतकों में 5,500 बच्चे और 3,500 महिलाएं थीं, जबकि 30,000 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अल-थवाब्ता ने कहा कि लापता लोगों की संख्या 6,000 से ज्यादा हो गई है, जिनमें 4,000 बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं, जो अभी भी इजरायली हमलों से नष्ट हुई इमारतों के मलबे में दबे हुए हैं। 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल पर हमास के अचानक हुए हमले का बदला लेने के लिए इजरायल पिछले कुछ हफ्तों से गाजा पर हमले कर रहा है, जिसके दौरान हमास के आतंकवादियों ने लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था।

# टेक्सास के गवर्नर ने 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रंप का किया समर्थन

**ह्यूस्टन, 20 नवम्बर (एजेंसियां)।** अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर एक सीमावर्ती शहर की यात्रा के दौरान टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया। उन्होंने आप्रवासन (इमीग्रेशन) से निपटने के तरीके को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन की आलोचना की। सीएनएन ने रविवार को टेक्सास के एडिनबर्ग में पूर्व राष्ट्रपति के साथ एक कार्यक्रम में रिपब्लिकन गवर्नर के हवाले से कहा, हमें संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में



डोनाल्ड जे. ट्रम्प की वापसी की जरूरत है। भीड़ को संबोधित करते हुए, ट्रम्प ने सीमा से निपटने के तरीके को लेकर बिडेन की आलोचना की और तर्क दिया कि अमेरिका के पास अब इतिहास की सबसे असुरक्षित सीमा है, मेरा मानना है कि, वास्तव में, दुनिया की।

## बाइडेन की उम्र मतदाताओं के लिए चिंता का सबब

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 81 वर्ष के हो गये हैं और उनकी उम्र देश के मतदाताओं के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। उनका जन्मदिन इस तथ्य पर सुर्खियों में हैं कि अगर श्री बाइडेन अगले साल दोबारा राष्ट्रपति निर्वाचित होते हैं तो वह अमेरिकी इतिहास में सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति होंगे क्योंकि उनका कार्यकाल पूरा होने तक वह 86 वर्ष के हो जाएंगे। दूसरी तरफ पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, जिनसे अगले साल श्री बाइडेन का सामना होने की संभावना है, इस तथ्य के बावजूद कि वह 77 वर्ष के हैं, अभी तक मतदाताओं के बीच उम्र को लेकर चिंता की वजह नहीं बने हैं।


# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2023

दीपावली व छठ त्यौहारों के उपरांत यात्रा करने वाले रेलयात्रियों की भारी संख्या के सुगम आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | शुक्रवार, सोमवार | 24.11.2023 से 11.12.2023 |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 से 09.12.2023 |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03635 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 08.12.2023 तक |
| 03636 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | गया जं. | 20:45 | | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 21.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05557 | जयनगर | 06:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 21.11.2023 से 05.12.2023 |
| 05558 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:30 | जयनगर | 06:30 | | बुधवार | 22.11.2023 से 06.12.2023 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं. | 13:25 | पटना जं. | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04677 | पटना जं. | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं. | 22:40 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04012 | नई दिल्ली | 19:20 | दरभंगा जं. | 16:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04011 | दरभंगा जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04530 | भटिंडा जं. | 20:55 | वाराणसी जं. | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04529 | वाराणसी जं. | 20:40 | भटिंडा जं. | 19:10 | | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04488 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 04487 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01664 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01663 | सहरसा जं. | 14:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05577 | सहरसा जं. | 19:10 | अम्बाला कैंट जं. | 23:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 05578 | अम्बाला कैंट जं. | 03:40 | सहरसा जं. | 09:45 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05531 | रक्सौल जं. | 22:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05532 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:00 | रक्सौल जं. | 14:30 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05273 | मुजफ्फरपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 22.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05274 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं. | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05006 | अमृतसर जं. | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 04049 | नई दिल्ली | 23:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शनिवार | 27.11.2023 तक |
| 04050 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:30 | नई दिल्ली | 06:25 | | मंगलवार, रविवार | 28.11.2023 तक |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, गुरुवार, शनि | 30.11.2023 तक |
| 04079 | वाराणसी जं. | 18:35 | नई दिल्ली | 09:00 | | मंगल, शुक्रवार, रवि | 01.12.2023 तक |
| 01654 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:20 | वाराणसी जं. | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01653 | वाराणसी जं. | 06:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं. | 12:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04645 | बरौनी जं. | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04066 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:35 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:05 | बरौनी जं. | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.23 एवं 03, 10.12.23 |
| 04061 | बरौनी जं. | 08:00 | दिल्ली जं. | 05:50 | | सोमवार | 27.11.23 एवं 04, 12.12.23 |
| 01676 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01675 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01678 | नई दिल्ली | 08:10 | गया जं. | 00:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 24, 27.11.23 एवं 01, 04.12.23 |
| 01677 | गया जं. | 07:35 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगलवार, शनिवार | 21, 25, 28.11.23 एवं 02, 05.12.23 |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | तिथि वार | मंगल, वीर, शनि, सोम, बुध | 21, 23, 25, 27 एवं 29.11.23 |
| 02249 | पटना जं. (राजधानी स्पेशल) | 09:00 | नई दिल्ली | 21:00 | | बुध, शुक्र, रवि, मंगल, वीर | 22, 24, 26, 28 एवं 30.11.23 |
| 05283 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 18.12.2023 तक |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 19.12.2023 तक |
| 09097 | बान्द्रा टर्मिनस | 21:50 | जम्मू तवी | 08:35 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 09098 | जम्मू तवी | 23:20 | बान्द्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 10:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09524 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:30 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 21 एवं 28.11.2023 |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति स्पेशल) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | तिथि वार | प्रतिदिन | 30.11.2023 तक |
| 02245 | पटना जं. (गति शक्ति स्पेशल) | 19:00 | नई दिल्ली | 10:30 | | प्रतिदिन | 01.12.2023 तक |
| 05734 | कटिहार | 07:50 | अमृतसर | 00:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05733 | अमृतसर | 12:45 | कटिहार | 03:30 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 04527 | सहरसा जं. | 19:00 | अम्बाला कैंट | 22:20 | तिथि वार | वीर, रवि, बुध | 23, 26 एवं 29.11.2023 |
| 04528 | सरहिंद | 11:25 | सहरसा जं. | 16:00 | तिथि वार | बुध, शनि, मंगल | 22, 25 एवं 28.11.2023 |
| 04490 | नई दिल्ली | 19:35 | दरभंगा | 16:45 | तिथि वार | मंगल, शुक्र, सोम, वीर | 21, 24, 27 एवं 30.11.2023 |
| 04489 | दरभंगा | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | बुध, शनि, मंगल, शुक्र | 22, 25, 28.11.23 एवं 01.12.23 |
| 04115 | प्रयागराज जं. | 21:25 | आनन्द विहार (ट) | 08:15 | तिथि वार | मंगलवार, वीरवार | 21 एवं 23.11.2023 |
| 04116 | आनन्द विहार (ट) | 10:15 | प्रयागराज जं. | 20:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 22 एवं 24.11.2023 |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 20:55 | दिल्ली जं. | 12:30 | साप्ताहिक | रविवार | 03.12.2023 तक |
| 05024 | दिल्ली जं. | 14:30 | गोरखपुर जं. | 07:30 | | सोमवार | 04.12.2023 तक |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (ट) | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05116 | आनन्द विहार (ट) | 14:45 | छपरा | 09:30 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05306 | लाल कुँआ | 22:00 | छपरा | 07:10 | तिथि वार | मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 29.12.2023 तक |
| 05305 | छपरा | 08:55 | लाल कुँआ | 18:00 | | बुध, गुरु, शनि, सोम | 30.12.2023 तक |
| 04016 | नई दिल्ली | 14:55 | सहरसा जं. | 15:50 | तिथि वार | मंगलवार | 21.11.2023 |
| 04015 | सहरसा जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 19:20 | | बुधवार | 22.11.2023 |
| 02248 | आनंद विहार (टर्मिनल) | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | तिथि वार | वीरवार, शनिवार, वीरवार | 23, 25 एवं 30.11.2023 |
| 02247 | पटना जं. | 19:10 | आनंद विहार (टर्मिनल) | 10:50 | | वीरवार, शनिवार, वीरवार | 23, 25 एवं 30.11.2023 |
| 09129 | वडोदरा | 19:00 | हरिद्वार | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 09130 | हरिद्वार | 17:20 | वडोदरा | 11:25 | | रविवार | 26.11.2023 |
| 05065 | गोरखपुर जं. | 23:00 | नई दिल्ली | 12:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 |
| 05066 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 04:15 | | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 05069 | गोरखपुर जं. | 08:00 | नई दिल्ली | 22:05 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 05070 | नई दिल्ली | 00:30 | गोरखपुर जं. | 14:45 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05071 | गोमती नगर | 23:00 | नई दिल्ली | 08:15 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05072 | नई दिल्ली | 10:00 | छपरा जं. | 04:15 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05159 | छपरा जं. | 23:55 | नई दिल्ली | 20:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05160 | नई दिल्ली | 00:30 | छपरा जं. | 19:25 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09557 | भावनगर | 10:10 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 एवं 01.12.2023 |
| 09558 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | भावनगर | 10:00 | | शनिवार | 25.11.2023 एवं 02.12.2023 |
| 05527 | दरभंगा जं. | 13:15 | दिल्ली जं. | 13:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 23.11.2023 से 07.12.2023 |
| 05528 | दिल्ली जं. | 15:30 | दरभंगा जं. | 15:45 | | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 03227 | आरा जं. (अनारक्षित विशेष) | 15:45 | आनन्द विहार (ट) | 07:15 | तिथि वार | बुध, शनि, | 22, 25, 29.11.23 एवं 02.12.23 |
| 03228 | आनन्द विहार (ट) (अनारक्षित विशेष) | 09:30 | आरा जं. | 04:00 | | रवि, वीर | 23, 26, 30.11.23 एवं 03.12.23 |
| 04018 | नई दिल्ली | 14:55 | बापूधाम मोतिहारी | 12:15 | तिथि वार | मंगल, शुक्र, सोम | 21, 24 एवं 27.11.2023 |
| 04017 | बापूधाम मोतिहारी | 15:00 | नई दिल्ली | 13:15 | | बुध, शनि, मंगल | 22, 25 एवं 28.11.2023 |
| 04028 | आनन्द विहार (ट) | 01:00 | बापूधाम मोतिहारी | 23:30 | तिथि वार | मंगल, शुक्र, सोम | 21, 24 एवं 27.11.2023 |
| 04027 | बापूधाम मोतिहारी | 02:30 | आनन्द विहार (ट) | 23:45 | | बुध, शनि, मंगल | 22, 25 एवं 28.11.2023 |
| 04533 | सहरसा जं. | 03:00 | अम्बाला कैंट | 05:00 | तिथि वार | मंगलवार | 21.11.2023 |
| 04535 | कटिहार जं. | 07:00 | चंडीगढ़ | 12:30 | तिथि वार | मंगलवार | 21.11.2023 |
| 02351 | पटना जं. | 16:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 06:00 | तिथि वार | मंगल, वीर, शनि, सोम, बुध, शुक्र | 21, 23, 25, 27, 29.11.23 एवं 01.12.2023 |
| 02352 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | पटना जं. | 21:55 | | बुध, शुक्र, रवि, मंगल, गुरु, शनि | 22, 24, 26, 28, 30.11.23 एवं 02.12.23 |
| 05315 | छपरा जं. | 11:15 | दिल्ली जं. | 11:20 | तिथि वार | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05316 | दिल्ली जं. | 14:00 | छपरा जं. | 13:20 | | बुधवार, शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05089 | बनारस | 21:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 |
| 05090 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:15 | बनारस | 09:50 | | बुधवार | 29.11.2023 |
| 05464 | वाराणसी शहर | 10:40 | जौनपुर | 13:00 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार के अलावा | 30.11.2023 तक |
| 05463 | जौनपुर | 13:20 | वाराणसी शहर | 15:30 | | वीरवार के अलावा | 30.11.2023 तक |
| 02365 | राजगीर | 20:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार और मंगलवार | 21.11.2023 से 09.12.2023 |
| 02366 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:45 | राजगीर | 19:10 | | रविवार और बुधवार | 22.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05473 | जौनपुर जं. | 13:20 | औड़िहार जं. | 14:40 | साप्ताहिक | वीरवार | 30.11.2023 तक |
| 05474 | औड़िहार जं. | 11:35 | जौनपुर जं. | 13:00 | | शुक्रवार | 30.11.2023 तक |
| 05073 | गोरखपुर | 20:55 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 12:30 | तिथि वार | मंगलवार एवं शुक्रवार | 21 एवं 24.11.2023 |
| 05074 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:30 | गोरखपुर | 07:30 | | बुधवार एवं शनिवार | 22 एवं 25.11.2023 |
| 05075 | छपरा जं. | 17:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:00 | तिथि वार | वीरवार | 23.11.2023 |
| 05076 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 16:00 | छपरा जं. | 09:30 | | मंगलवार एवं शुक्रवार | 21 एवं 24.11.2023 |
| 05041 | छपरा कचहरी | 09:30 | अमृतसर जं. | 14:00 | तिथि वार | मंगलवार एवं शनिवार | 21 एवं 25.11.2023 |
| 05042 | अमृतसर जं. | 17:45 | छपरा कचहरी | 22:00 | | बुधवार एवं रविवार | 22 एवं 26.11.2023 |
| 05575 | सहरसा जं. | 19:10 | अम्बाला छावनी जं. | 23:15 | तिथि वार | बुधवार | 22.11.2023 |
| 05571 | जयनगर | 06:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:00 | तिथि वार | वीरवार | 23.11.2023 |
| 04002 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:55 | पटना जं. | 15:45 | तिथि वार | प्रतिदिन | 30.11.2023 तक |
| 04001 | पटना जं. | 18:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:20 | | प्रतिदिन | 01.12.2023 तक |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | तिथि वार | मंगल, शुक्र, सोम, वीर | 21, 24, 27 एवं 30.11.23 |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं. | 01:30 | | वीर, रवि, बुध, शनि | 23, 26, 29.11.23 एवं 02.12.23 |
| 04022 | नई दिल्ली | 15:30 | सहरसा जं. | 16:30 | तिथि वार | प्रतिदिन | 30.11.2023 तक |
| 04021 | सहरसा जं. | 19:00 | नई दिल्ली | 20:20 | | प्रतिदिन | 01.12.2023 तक |
| 04526 | सरहिन्द जं. | 11:25 | सहरसा जं. | 16:00 | तिथि वार | वीर, रवि, बुध | 23, 26 एवं 29.11.2023 |
| 04525 | सहरसा जं. | 19:00 | अंबाला कैंट | 22:20 | | मंगल, शुक्र, सोम, वीर | 21, 24, 27 एवं 30.11.2023 |
| 05530 | आनन्द विहार टर्मिनल | 18:30 | दरभंगा | 16:00 | तिथि वार | मंगलवार | 21.11.2023 |
| 04202 | आनन्द विहार टर्मिनल | 10:45 | लखनऊ | 20:20 | तिथि वार | मंगलवार | 21.11.2023 |

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09076 | काठगोदाम | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 07651 | जालना | 23:35 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 07652 | छपरा | 22:15 | पुणे | 04:00 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05063 | छपरा | 16:15 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 07:25 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05064 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 12:45 | सीवान जं. | 03:15 | | रविवार | 03.12.2023 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं. | 09:10 | पटना जं. | 21:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09418 | पटना जं. | 23:45 | अहमदाबाद जं. | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 05616 | गुवाहाटी | 18:00 | उदयपुर शहर | 21:05 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 05615 | उदयपुर शहर | 13:45 | गुवाहाटी | 23:30 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05537 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 05538 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:35 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 09525 | ओखा | 22:00 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | ओखा | 03:35 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 02575 | हैदराबाद | 21:05 | गोरखपुर | 06:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 02576 | गोरखपुर | 08:30 | हैदराबाद | 16:20 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01053 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 12:15 | बनारस | 16:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 23:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 01431 | पुणे | 16:15 | गोरखपुर | 21:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01432 | गोरखपुर | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05303 | गोरखपुर | 08:30 | महबूबनगर | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05304 | महबूबनगर | 18:00 | गोरखपुर | 09:00 | | सोमवार | 04.12.2023 तक |
| 05068 | गोमती नगर | 18:55 | मालतीपाटपुर | 04:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05067 | मालतीपाटपुर | 10:00 | गोमती नगर | 20:00 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | कटिहार | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 09190 | कटिहार | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09101 | वडोदरा | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09102 | गोरखपुर | 05:00 | वडोदरा | 08:35 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05522 | दरभंगा जं. | 18:15 | अहमदाबाद जं. | 17:00 | तिथि वार | मंगलवार | 21.11.2023 |

20.11.2023 तक की स्थिति

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# प्रादेशिकी

## सिरसा में पेंशन अदालत आज

सिरसा, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन संबंधित समस्याओं के निपटान के लिए सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन में प्रधान लेखाकार हरियाणा, चंडीगढ की ओर से पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। जिला खजाना अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि सेवानिवृत अधिकारियों व कर्मचारियों की पैंशन संबंधी समस्याओं के निपटान के लिए पैंशन अदालत लगाई जा रही हैं। पैंशन अदालत में प्रधान लेखाकार हरियाणा, चंडीगढ की ओर से सेवानिवृत अधिकारियों व कर्मचारियों की पैंशन संबंधी समस्याओं के निपटान किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला में भी 21 नवंबर को भी प्रात: नौ से शाम पांच बजे तक स्थानीय पंचायत भवन में पैंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय स्तर के टनल विशेषज्ञ प्रो.अर्नोल्ड डिक्स ने किय टनल का निरीक्षण



- रोबोटिक्स मशीन सिलक्यारा पहुंची
- रेस्क्यू अभियान में लाई जा रही तेजी
- बीतते वक्त के साथ बढ़ता जा रहा खतरा

**उत्तरकाशी,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तरकाशी सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के लिए रोबोटिक्स मशीन सिलक्यारा सुरंग स्थल पहुंच गई है। बीतते वक्त के साथ खतरा बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाई जा रही है। साथ ही भारत सरकार के आग्रह पर जनपद के सिलक्यारा क्षेत्र में निर्माणाधीन टनल में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए चलाये जा रहे रेस्क्यू अभियान में सहयोग करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के टनल विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स भी सिलक्यारा पहुंच गए। अर्नोल्ड डिक्स इंटरनेशनल टनलिंग एंड अंडरग्राउंड स्पेस एशोसिएशन (आईटीए) के अध्यक्ष है। दुनियाभर में भूमिगत सुरंगों के निर्माण और जोखिम से निपटने की काबलियत रखने वाले अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ प्रो अर्नोल्ड डिक्स ने सिलक्यारा पहुंचकर सुरंग के अंदर और बाहर का निरीक्षण, बचाव कार्य मे जुटी एजेंसियों से बातचीत की है। डिक्स ने भरोसा दिया कि श्रमिकों को जल्द सुरक्षित बचा लिया जाएगा। उत्तराखंड सरकार के केंद्रीय संगठनों से रेस्क्यू अभियान में समन्वय के नोडल अधिकारी और सचिव डॉ. नीरज खैरवाल, एनएचएआईडीसीएल के एमडी महमूद अहमद, निदेशक अंशु मनीष खलखो, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला ने टनल विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स के साथ विचार विमर्श कर रेस्क्यू अभियान की रणनीति पर चर्चा की।

**पीएम मोदी ने सीएम धामी से ली रेस्क्यू की जानकारी**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन कर उत्तरकाशी के सिल्क्यारा के पास टनल में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए जारी राहत और बचाव कार्यों के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आवश्यक बचाव उपकरण व संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। केंद्र और राज्य की एजेंसियों के परस्पर समन्वय से श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा। फंसे श्रमिकों का मनोबल बनाए रखने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने अद्यतन स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य और केंद्रीय एजेंसियां परस्पर समन्वय और तत्परता के साथ राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं। टनल में फंसे श्रमिक सुरक्षित हैं और ऑक्सीजन, पौष्टिक भोजन और पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। राहत और बचाव कार्यों के लिए एक्सपर्ट्स की राय लेकर एजेंसियां काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया और बचाव कार्यों पर लगातार नजर रखें हैं। मेडिकल की टीम भी वहाँ पर तैनात कर दी गई है।मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरंग के अंदर फंसे सभी मजदूर सुरक्षित हैं और उन्हें जल्द बाहर निकलने की पूरी कोशिश की जा रही है।

## टनल में फंसे श्रमिकों की सलामती के लिए कांग्रेसियों ने की पूजा अर्चना

देहरादून। सिलक्यारा में निर्माणाधीन टनल में फंसे 41 श्रमिकों की सलामती और उनकी निकासी को लेकर कांग्रेसियों ने पंचायती मन्दिर में हवन और पूजन किया। पूजा में कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा भी शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने टनल में फंसे श्रमिकों की सलामती के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दैवीय शक्तियों अराधना का अपना स्थान है लेकिन खेद की बात यह है कि टनल निर्माण में और दुर्घटना के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन में गलतियां की गई हैं। कंपनी ने न ह्यूम पाइप ही रखा गया न एस्केप टनल रखी गयी। रेस्क्यू की रणनीति को लेकर भी शासन भ्रमित दिख रहा है।



महानगर अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि इन कठिन परिस्थितियों में कांग्रेस कार्यकर्ता पीड़ित श्रमिकों और उनके परिवारों के साथ हैं। गोगी ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण कार्य वैज्ञानिक तरीके से और मानक प्रक्रियाओं का अनुपालन करते हुए होने चाहिए। इस मामले में कहीं न कहीं कुछ कमी दिख रही है। अभी समय रेस्क्यू पर ध्यान देने का है लेकिन इसके बाद घटनास्थल पर निर्माण की जांच की जानी आवश्यक है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष पूरण सिंह रावत , प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दौसोनी, प्रदेश महासचिव नवीन जोशी , शीशपाल बिरा, दर्शन लाल , सुनीता प्रकाश ,अभिषेक तिवारी , अनिल बस्नेत ,प्रमोद गुप्ता,आनंद त्यागी ,राजेश पुंडीर, शिवा वर्मा , डॉक्टर अरुण रतूड़ी,रोबिन त्यागी सहित कई लोग मौजूद रहे।



# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हुआ छठ महापर्व

- हर की पैड़ी पर की गई सुख-समृद्धि और देश की उन्नति की कामना
- हरिद्वार के गंगा घाटों पर छठ की धूम, नजर आ रहा पूर्वांचल जैसा नजारा

**हरिद्वार,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। धर्मनगरी में हर की पैड़ी पर उगते सूर्य को अघ्र्य देने के लिए छठ व्रतियों का सैलाब उमड़ पड़ा। सूर्योदय से बहुत पहले ही उत्साही व्रती हर की पैड़ी पर पहुंच गए थे। जैसे ही उगते सूर्य की लालिमा नजर आई, छठी मैया की जय और सूर्यदेव के जयकारों से हर की पैड़ी गूंज उठी। बड़ी संख्या में छठ व्रतियों ने अपने परिवार के साथ उगते सूर्य को अघ्र्य दिया। अपने परिवार, देश और समाज की सुख, समृद्धि और कुशलता की कामना की। इसी के साथ सूर्य उपासना के लिए प्रसिद्ध चार दिवसीय छठ महापर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। हर साल छठ की पूजा के लिए हरिद्वार में हर की पैड़ी पर इंतजाम किए जाते हैं। हर की पैड़ी को हरिद्वार का हृदय स्थल कहा जाता है। हर व्रत और त्यौहार पर हर की पैड़ी पर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है। कुंभ में तो हर की पैड़ी पर तिल रखने की जगह तक नहीं बचती है। ऐसा ही छठ महापर्व पर भी दिखाई दिया।

छठ पूर्वांचल खासकर बिहार और झारखंड का महापर्व है। ये सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व है। छठ महापर्व उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होता है। छठ पर व्रती अपने परिवार के साथ छठ घाटों पर पहुंचकर उगते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। सूर्यदेव और छठ माता से अपनी संतति के सुखी और समृद्ध जीवन की कामना करते हैं।

## दो वाहनों की टक्कर, चालक की मौत, हेल्पर गंभीर

**देहरादून।** सोमवार अलसुबह देवप्रयाग सड़क हादसे में वाहन चालक की मौत हो गई जबकि वाहन का हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल को नजदीकी अस्पताल में उपचार के भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब चार बजे एक वाहन गाजियाबाद से सीमेंट लेकर श्रीनगर गढ़वाल जा रहा था। जोकि चैकी बछेड़ीखाल के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े टैंकर से टकरा गया। जिसके बाद टैंकर सड़क के नीचे गहरी खाई में जा गिरा और सीमेंट लेकर जा रहा वाहन सड़क पर ही पलट गया। जिससे वाहन चालक और हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। जबकि हेल्पर की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। मृतक का नाम फिरदौस पुत्र खलील अहमद निवासी सोनभद्र उत्तर प्रदेश बताया जा रहा है।

## टिहरी में स्कूटी के साथ आग की लपटों में जिंदा जली युवती

**टिहरी।** सोमवार सुबह नगुण-भवान-उत्तरकाशी मोटर मार्ग पर चलती स्कूटी में अचानक भीषण आग लग गई। इस दौरान हादसे में जिंदा जलकर युवती की मौत हो गई। मृतक युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवती के शव का पंचायतनामा भरकर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। पूरे मामले की जांच की जा रही है। सोमवार सुबह जनपद टिहरी के उत्तरकाशी हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक स्कूटी में अचानक भीषण आग लग गयी। जिसने स्कूटी सवार युवती को अपनी चपेट में ले लिया। स्कूटी के साथ युवती की भी इस अग्निकांड में जिंदा जलकर मौत हो गयी। स्कूटी को जलते देख मौके पर भीड़ जमा हो गयी। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया।

## फायर ब्रिगेड की 40 गाड़ियों ने 16 घंटे में पाया आग पर काबू

**पिथौरागढ़।** सीमांत जनपद पिथौरागढ़ स्थित एक कबाड़ की दुकान में भीषण आग लग गई। आग के चलते कबाड़ का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग बुझाने में अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को पसीने छूट गए। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने करीब 16 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। बताया जा रहा है कि देर रात करीब 11 बजे फायर स्टेशन पिथौरागढ़ को सूचना प्राप्त हुई कि नगर क्षेत्र में बसेड़ा हॉस्पिटल के पीछे कबाड़ के गोदाम में भीषण आग लगी हुई है। आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने रातभर रेस्क्यू कार्य किया। 40 से अधिक गाड़ियों के माध्यम से घंटों की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## सुडोकू 6382 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 |

# कांग्रेस की आपसी खींचतान में प्रदेश की जनता पिस रही है : जम्वाल

**शिमला,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस की आपसी खींचतान में प्रदेश की जनता पिस रही है और कांग्रेस की खींचतान के चर्चे एवं उदाहरण जगजाहिर है। कांग्रेस मुख्यमंत्री, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस के विधायक, कांग्रेस के मंत्री, कांग्रेस के संतरी, सभी आपसी खींचतान से ग्रस्त है। जिसके कारण वह स्वयं भी परेशान है और जनता भी परेशान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने सीपीएस तो बना दिए पर मंत्री के कुछ पद अभी तक खाली है। कांग्रेस के नेताओं ने कई बार इनकी घोषणाओं की चर्चा करी, पर अभी तक कुछ नहीं हुआ। पर गौरतलब जो मंत्री बन गए हैं वह केवल नाम के है, इन मंत्रियों की पहुंचे तो बहुत बड़ी है परंतु उनके अपने जिले में भी उनकी पहुंच नहीं है। कई जगह तो ऐसा दृश्य भी सामने आया कि जो लोग जनप्रतिनिधि नहीं है वह भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में लोकार्पण कर रहे हैं और उनके नाम उद्घाटन पत्रिकाओं पर भी है। क्या यह संकेत है कि एक विधानसभा क्षेत्र में भी कांग्रेस के नेताओं में खींचतान चल रही है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व कि अपने दोस्तों के ऊपर बहुत मेहरबानियां है, पर उनका बोझ भी है। दोस्तों को बड़े-बड़े ओहदे दे दिए हैं, अनेको के पास तो बिना जीते कैबिनेट रैंक भी है पर उनका बोझ सरकार पर कितना है उससे भी कई कांग्रेस नेता परेशान है।



# राज्य सेक्टर एवं केन्द्र पोषित योजनाओं की डीएम ने ली समीक्षा बैठक

- सीएम की घोषणाओं को प्राथमिकता पर पूरा करने के दिए निर्देश

**नई टिहरी,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सोमवार को जिला सभागार नई टिहरी में जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में 30 सूत्रीय कार्यक्रम, सीएम हेल्पलाइन, सीएम घोषणा, विकसित भारत संकल्प यात्रा, निर्वाचन, एनीमिया मुक्त भारत, जल जीवन मिशन, आरटीआई, जिला सेक्टर, राज्य सेक्टर एवं केन्द्र पोषित योजनाओं, हमारा संकल्प विकसित भारत, उत्तराखण्ड राज्य सार्वजनिक सेवा प्रदान करने सहित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा उत्तराखण्ड राज्य सार्वजनिक सेवा के अन्तर्गत सार्वजनिक सम्पत्ति को कार्यालय अवधि के उपरान्त सार्वजनिक सम्पत्ति को नागरिकों द्वारा उपयोग में लाने हेतु सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये। सीएम घोषणाओं के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी घोषणाओं पर प्राथमिकता से कार्य कर पूर्ण करना सुनिश्चित करें, जनपर स्तर पर कोई घोषणा लम्बित न रहे। आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन को लेकर जिलाधिकारी ने कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने एवं मतदान के लिए दिये गये लक्ष्य को हांसिल करने के लिए स्वीप व ईएलसी गतिविधियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने एवं डाक्यूमेंटशन करने के निर्देश दिये गये। सभी एसडीएम को निर्वाचन संबंधी कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करने तथा कृत कार्यवाही की रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया। इसके साथ ही ईवीएमध्वीवीपेट डेमोस्ट्रेशन सेंटर स्थापित करने हेतु जगह चिन्हित करने कहा गया। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के कार्यों को गंभीरता से लेते हुए एफएसटीसी और सर्टिफिकेशन को बढ़ाते हुए समयान्तर्गत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। साथ ही पम्पिंग स्कीम के तहत लेबर ग्राफ बनाकर प्रतिदिन की रिपोर्ट उपलब्ध करायें। जिला सेक्टर, राज्य सेक्टर तथा केन्द्र पोषित योजनाओं के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों को विभाग आपसी समन्वय से करें, ताकि लाभार्थियों को उनका पूर्ण लाभ मिल सके। धनोल्टी बाजार के सौन्दर्यीकरण को लेकर जिलाधिकारी ने वेस्ट मैनेजमेंट हेतु कूड़ा वाहन को तत्काल एसडीएम को भेजने हेतु डीडीओ को तथा कूड़ा डम्पिंग जोन को लेकर लेंड ट्रांसफर का प्रपोजल बनान हेतु एएमए जिला पंचायत को निर्देश दिये गये।

## डीएम के जनता मिलन कार्यक्रम में दर्ज हुई 29 शिकायतें

- कंडीसौड की नकल खतौनी को कंप्यूटराइज करने जैसी समस्याओं पर लिया संज्ञान

**नई टिहरी।** जनता मिलन कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सोमवार को जिला सभागार, नई टिहरी में जनता की समस्याएं सुनी गई। इस मौके पर 29 शिकायतें व अनुरोध पत्र दर्ज किये गए, जो पुर्नवास, लोनिवि, पीएमजीएसवाई, पेयजल, खाद्य, विद्युत, समाज कल्याण आदि विभागों से संबंधित रही। जिलाधिकारी ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर शेष पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए अधिकारियों को शिकायतों पर तुरंत कारवाई करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा मकान में क्षतिग्रस्त, सड़क कटान एवं निर्माण के समीप जमीनों के दाखिल खारिज, बरसात में हुए भूस्खलन से क्षतिग्रस्त परिवारों को मुआवजा की धनराशि, इलाज हेतु आर्थिक सहायता, भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा दीवार के निर्माण, राशन कार्ड दिलवाने, टिहरी विस्थापित पुनर्वास परिवार को जमीनों की रजिस्ट्री उपलब्ध कराने, तहसील कंडीसौड की नकल खतौनी को कंप्यूटराइज करने जैसी समस्याओं पर संज्ञान लिया गया। साथ ही सभी प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करते हुए प्राथमिकता के साथ नियमानुसार जांच एवं आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# शराब घोटाले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे सरकार : तंवर

**सिरसा**, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के हरियाणा इकाई के चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने सोमवार को बयान जारी कर प्रदेश में हुए शराब घोटाले को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में ठेके के गोदामों में शराब की हेराफेरी हो रही है। जांच में खुलासा हुआ है कि 20 में से 15 जिलों में देसी और अंग्रेजी शराब की 75,250 पेटियां गायब मिली हैं। उन्होंने कहा कि हर जिले के डीईटीसी को अपने क्षेत्र के शराब ठेकों व गोदाम की जांच करनी होती है। प्रशासन दावा करता रहता है कि उनके यहां सब ठीक है, कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है। लेकिन अब प्रशासन और सरकार की पोल खुल चुकी है। श्री तंवर ने कहा कि प्रदेश में सरकार और प्रशासन की मिलीभगत से बड़े स्तर पर शराब घोटाला हो रहा है। सरकार में बैठे नेता, अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर हरियाणा के युवाओं को नशे में झोंक रहे हैं। पिछले नौ सालों में अवैध नशे में संलिप्तता के कारण 500 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। जबकि अभी हाल के जहरीली शराब के मामले में जनता के प्रतिनिधियों और अधिकारियों की सांठगांठ सामने आई थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रहे इस शराब घोटाले में अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, कैथल, करनाल, पानीपत, सिरसा और यमुनानगर में सबसे ज्यादा शराब की पेटियां गोदाम से गायब मिली हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारत में बनी विदेशी शराब की 11400, बीयर की 8180, अंग्रेजी शराब की 108 और विदेशी शराब की 73 पेटी कम मिली, जबकि एल-13 में देसी शराब की 55,240 पेटी गायब मिली। उन्होंने कहा कि एल-1 यानी अंग्रेजी शराब, फरीदाबाद में बनाई गई विदेशी शराब की 390, गुरुग्राम में 800, कैथल में 740, करनाल में 3645, पलवल में 331, पानीपत में 3010, रोहतक में 310, सिरसा में 328, सोनीपत में 68 और यमुनानगर में 2035 पेटी शराब गायब मिली।

## हर गांव, शहर के प्रत्येक वार्ड में जाएगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**सिरसा,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से आमजन को जागरूक करने के लिए प्रदेश भर में 25 नवंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जाएगी। इस यात्रा से हरियाणा के प्रत्येक जिला के हर गांव के साथ-साथ शहरों के प्रत्येक वार्ड को जोड़ा जाएगा। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सोमवार को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के उपायुक्तों की बैठक में उपरोक्त जानकारी दी। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य ध्येय विकसित भारत का निर्माण करना है जिसमें हर नागरिक को सरकार की योजनाओं के साथ जोड़ना और उन्हें लाभ पहुंचाकर सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि विकसित संकल्प भारत यात्रा से गांव व शहर के हर व्यक्ति को शामिल कर इसे महोत्सव का रूप देना है। सूचना, जनसम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक जिला के उपायुक्त इस यात्रा के ऑल ओवर इंचार्ज होंगे और अतिरिक्त उपायुक्त इस यात्रा के नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

# मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सोमवार को वापस लौटे धौनी

नैनीताल। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी बीते मंगलवार को नैनीताल पहुंचे थे। वहीं सोमवार को वापस लौट गए। बुधवार सुबह वे अपने पैतृक गांव जैंती ल्वाली अल्मोड़ा पहुंचे थे जहां पर उन्होंने गांव के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की थी। जिसके बाद अपने गांव में रह रहें अपने परिवार वालों से मुलाकात की थी। वहीं शुक्रवार को एमएस धोनी अपनी पत्नी साक्षी का जन्मदिन मनाने के लिए अपनी बेटी व मित्रों के साथ नैनीताल के एक कॉटेज में रुके थे जहं पर उन्होंने 19 नवंबर को अपनी पत्नी साक्षी का जन्मदिन मनाया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धोनी ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली से वार्ता की थी और भारत की जीत के लिए शुभकामनायें दी थी दिनभर धोनी गेस्ट हाउस में ही मैच देख रहें थे उनकी पत्नी और परिवार के लोग नैनीताल की सुंदरता का लुप्त उठा रहें थे। वहीं एमएस धोनी नैनीताल से पंतनगर के लिए रवाना हुए और विश्व कप में भारत की हार का दुरूख भी उनके चेहरे पर नजर आया हालांकि इस पर उन्होंने कुछ बोले नही। वहां मौजूद मिडियाकर्मियों ने उनसे बात करने की कोशिश की परन्तु वह बीना जवाब दिए चले गए। कॉटेज के बाहर काफी संख्या में लोग उनके साथ फोटो खींचने के लिए खड़े थे परंतु धोनी अपने प्रशसको को हाथ हिलाकर गाड़ी में बैठ गए व काफिले के साथ पंतनगर के लिए रवाना हो गए। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी अपने पांच दिन के नैनीताल प्रवास के बाद सोमवार सुबह वापस पंतनगर एयरपोर्ट की ओर रवाना हुए वहीं अपने प्रवास के दौरान उन्होंने अपने पैतृक गांव अल्मोड़ा में ईष्ट -देवों की पूजा अर्चना की जिसके बाद बाकी पांच दिन उन्होंने नैनीताल में बिताए। इस दौरान उनकी पत्नी साक्षी व बेटी जीवा सहित उनके मित्रों ने नैनीताल की सुंदरता का लुत्फ उठाया तो वहीं धोनी अधिकांश समय अपने गेस्ट हाउस में ही रहे।



# राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं के लिए ई-टैक्सी योजना का शुभारंभ

**शिमला,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने सोमवार को राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं के लिए ई-टैक्सी योजना का शुभारंभ किया। योजना के तहत ई-टैक्सी खरीद पर सरकार 50 फीसदी अनुदान देगी। इलेक्ट्रिक टैक्सी की खरीद के लिए बैंकों से लोन भी लिया जाएगा। योजना के तहत पहले चरण में 500 ई-टैक्सियां आवंटित कर इसे सरकारी विभागों के साथ लगाने का लक्ष्य रक्षा गया है। सरकार के अनुसार देश में इस तरह की योजना शुरू करने वाला हिमाचल पहला राज्य बन गया है। सरकार ने योजना को पारदर्शी व सुगम बनाने के लिए एक वेब पोर्टल भी लांच किया है। इस पोर्टल के माध्यम से 23 वर्ष से अधिक आयु के बेरोजगार युवा ई-टैक्सी योजना में आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल के साथ सभी सरकारी कार्यालयों को जोड़ा गया है। विभाग अपनी जरूरत के इसाब से ई-टैक्सी के लिए पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। इसके अलावा 12 जिलों में स्थित चुनिंदा पैट्रोल पंपों पर ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन एक-दो महीनें में स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जब हिमाचल में कांग्रेस सरकार बनी थी तो 10 गारंटियां जनता के सामने रखी थीं। पहली गारंटी थी कि सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देने की थी जो पूरी कर दी गई है। दूसरी गारंटी के तहत बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए 650 करोड़ रुपए की स्टार्टअप योजना थी जिसके पहले चरण की आज शुरुआत की है। बजट में फैसला लिया गया था कि हरित राज्य के रूप में इस योजना को शुरू किया जाएगा। इसके तहत आज ई-टैक्सी योजना शुरू की गई है। एक महीने के भीतर बेरोजगार युवा योजना के तहत आवेदन कर सकेंगे। यदि ई-टैक्सी कीमत 20 लाख रुपये है तो 10 लाख रुपए सरकार वहन करेगी। इन टैक्सियों को चरणबद्ध तरीके से सरकारी विभागों से जोड़ा जाएगा ताकि युवा अपना रोजगार चला सके।




**सोलर पावर से संबंधित स्टार्टअप योजना लाई जाएगी**

हिमाचल को हरित राज्य बनाने की दिशा में सोलर पावर से संबंधित स्टार्टअप योजना लाई जा रही है। इसके तहत लोग अपनी निजी जमीन पर सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाते हैं तो सरकार उसपर भी उपदान देगी। इसी तरह तीसरे चरण के तहत मछली पालन के लिए 90 फीसदी सब्सिडी की योजना शुरू की जाएगी।

**63 स्टोन क्रशर बिना वैध माइनिंग लीज के चल रहे**

सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में स्टोन क्रशरों की जांच के लिए हाई पावर कमेटी बनाई गई है। प्रदेश में करीब 131 स्टोन क्रशर हैं। लेकिन जब हाई पावर कमेटी ने मौके पर जाकर जांच की तो सामने आया कि 63 के पास वैध माइनिंग लीज ही नहीं थी। इसमें पूर्व भाजपा सरकार ने भी आंखें मूंद कर रखीं। कांग्रेस सरकार को बने तो 11 महीने ही हुए हैं। उद्योग मंत्री को कहा गया है कि जिनके पास वैध माइनिंग लीज है उन क्रशरों को खोल दिया जाए। वहीं, जो जनरेटर सेट से चल रहे हैं, उनको लेकर विभागीय जांच की जाए। हिमाचल प्रदेश के ट्राइबल जिला किन्नौर में ट्रैकिंग और पर्वतारोहण गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। किन्नौर के DC तोरुल एस रवीश ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिए हैं। इसके बाद जिला के किसी भी ट्रैक पर ट्रैकिंग व पर्वतारोहण की इजाजत नहीं दी जाएगी। गौरतलब है कि किन्नौर जिला में ट्रैकिंग के लिए देश व दुनिया भर से ट्रैक्टर पहुंचते हैं।

**बर्फ के बीच ट्रैकिंग करते हुए ट्रैकर**

बर्फबारी के बाद अधिक ऊंचे क्षेत्रों में कई मर्तबा ऑक्सीजन की भी कमी हो जाती है। इस तरह की अनहोनी को टालने के लिए जिला प्रशासन ने स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट (SDMA) 2005 की धारा 34 के प्रावधानों के तहत ट्रैकिंग पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। किन्नौर जिले की अधिक ऊंची चोटियों पर दो से तीन बार हिमपात हो चुका है। सर्दियों में कई बार किन्नौर के अधिक ऊंचे क्षेत्र में 5 से 7 फीट तक बर्फबारी होती है?। यहां आसमान में हल्के बादल आने के बाद सर्दियों में कभी भी हिमपात हो जाता है। ऐसे में ट्रैकरों के फंसने की संभावना बनी रहती है। इसलिए प्रशासन ने एहतियातन यह निर्णय लिया। डीसी ने इन आदेशों में स्पष्ट किया कि आगामी आदेशों तक जिला में ट्रैकिंग नहीं की जाएगी।



# प्रादेशिकी

## गोपाष्टमी पर की गोवंशों की पूजा, गोशाला में मनाया गोपाष्टमी पर्व

**मवाना,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद मवाना सीमा क्षेत्र में संचालित हस्तिनापुर रोड स्थित पिंजरापोल गौशाला में सोमवार को अनेक लोगों ने गोपाष्टमी पर गायों की पूजा की और उन्हें हरा चारा व गुड़ आदि खिलाया। गोपूजन करने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। हस्तिनापुर रोड स्थित पिंजरापोल गौशाला में गोपाष्टमी पर्व के मौके पर पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार व अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार व अन्य कर्मचारियों ने गौ पूजन कर गौवंशो को माला पहनाई और हरा चारा, गुड दाना व केला आदि खिलाया। उधर गौशाला की प्रबंध समिति के मंत्री अशोक कुमार व उप सभापति मुकेश गुप्ता उर्फ मूले ने गोपाष्टमी पर्व पर गौ माता का पूजन किया गया। गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर लोगों ने गौ माता की सेवा का महत्व बताया।

# हर पात्र जन को लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा : योगी

**लखनऊ,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत साढ़े 9 वर्ष का कालखंड एक नए भारत-समृद्ध भारत का स्वरूप गढ़ने वाला रहा है। प्रधानमंत्री ने आजादी के शताब्दी वर्ष (2047) तक

- **विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की**

भारत को विकसित राष्ट्र बनने की परिकल्पना की है। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हम सभी को इस परिकल्पना को साकार रूप देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि विगत 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। यात्रा के माध्यम से आगामी 26 जनवरी 2024 तक प्रदेश के सभी 57,709 ग्राम पंचायतों एवं 2341 नगरीय



**प्रदेश की 57,709 ग्राम पंचायतों एवं 2,341 नगरीय क्षेत्रों तक पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा : योगी आदित्यनाथ**

क्षेत्रों को कवर किया जाना है। समावेशी विकास के दृष्टिकोण पर आधारित इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ देश के हर कोने में हर पात्र जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाने की योजना है। यह यात्रा व्यापक स्तर पर पहुंच बनाने के साथ-साथ नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पीएम आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान, फसल बीमा योजना, पोषण अभियान, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनऔषधि योजना और पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं को शामिल किया जाए।

जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में स्किल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन, छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को लाभान्वित कराया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यात्रा में आमजन से सीधा संपर्क करने, उनमें जागरूकता पैदा करने और उन्हें स्वच्छता सुविधाएं, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर को सुलभ कराने, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उपयुक्त पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल इत्यादि जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए मिशन मोड में काम करने की आवश्यकता है। यात्रा के दौरान होने वाले कार्यक्रमों में उपस्थित नागरिकों को पंच प्रण की शपथ भी दिलाई जाए।

### यात्रा के दौरान लाभार्थियों के अनुभव किए जाएं प्राप्त : मुख्यमंत्री

योगी ने कहा कि यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के अनुभव प्राप्त किए जाएं। प्रगतिशील किसानों से संवाद करें, उन्हें सम्मानित करें। आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, ओडीएफ प्लस की स्थिति जैसी योजनाओं की शत-प्रतिशत परिपूर्णता प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतों की उपलब्धियों का उत्सव मनाया जाए। आयोजन स्थल पर क्विज प्रतियोगिताएं, स्थानीय खिलाड़ियों का अभिनंदन, स्वास्थ्य शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे विभिन्न जन भागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

## मांगों को लेकर किसानों ने सचिन को घेरा

**मवाना,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को किसान एकता संघर्ष संगठन के तत्वावधान में मिल द्वारा गन्ने का रेट निर्धारित न किए जाने को लेकर गन्ना समिति पर हंगामा कर सचिव को बंधक बनाया। किसानों का कहना था कि यदि जल्द ही उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो मिल प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। संघर्ष संगठन के अध्यक्ष शौकीन गुर्जर के नेता और तुम्हें आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में किसानों ने मिल द्वारा गाने का निर्धारित न किए जाने, मिल द्वारा गन्ना भुगतान 14 दिन के अंदर किए जाने के आदेश की अवहेलना करने, गन्ने के रेट 400 कुंतल निर्धारित किए जाने और किसानों के खातों को सही किए जाने आदि समस्याओं को लेकर हंगामा और धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान किसानों ने समिति सचिव को ज्ञापन देने से पूर्व बंधक बना लिया। किसानों का कहना था कि यदि जल्द ही उनकी मांगे पूरी नहीं की गई तो वह मिल के खिलाफ आंदोलन करेंगे। इस मौके पर अनेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विजय सिंह, नीलम सिंह, दारा सिंह, दीपक गोस्वामी, मिंटू बैंसला, हरिंदर आदि किसान मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश में डिजिटली होंगे परिवहन निगम के सभी अनुबंध

**लखनऊ,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। योगी सरकार प्रदेश में डिजिटलाइजेशन पर लगातार जोर दे रही है। प्रदेश के ज्यादात्तर विभागों की कार्यप्रणाली को डिजिटल कर दिया गया है। ऐसे में, अब योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा सभी अनुबंधों को डिजिटल माध्यम से निष्पादित करने का फैसला किया है। इस उद्देश्य से परिवहन निगम ने आईओयूएक्स फर्म के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। मालूम हो कि अभी तक निगम द्वारा अनुबन्धों को भौतिक रूप से डॉक्यूमेंट्स तैयार करके पूर्ण किया जाता रहा है जिससे जटिल पेपरवर्क के कारण समय और रेवन्यू का नुकसान होता था। साथ ही, एकरूपता का भी अभाव रहता था। इसी विषमता को दूर करने व आधुनिक कार्यप्रणाली को अंगिकार करने के उद्देश्य से विभाग में डिजिटलाइजेशन की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में अनुबन्धों के डिजिटल होने से इनकी समयबद्ध मॉनिटरिंग होगी। इससे निगम को होने वाले सभी प्रकार के नुकसान से बचाया जा सकता है। इस प्रक्रिया से सप्लायर्स द्वारा दी गई बैंक गारंटी, डॉक्यूमेंट्स की समाप्ति तिथि की चेकिंग, ड्राइवरों के ड्राइविंग लाइसेंस, कंडक्टर्स एवं अन्य कर्मचारियों के अन्य संबंधित डॉक्यूमेंट्स की एक्सपाइरी डेट की मॉनीटरिंग काफी आसान हो जाएगी। अभी तक इसके

- **समय व संसाधनों की होगी बचत**
- **परिवहन निगम भी डिजिटलाइजेशन पर कर रहा फोकस**
- **डिजिटलाइजेशन से पेपरवर्क के साथ रेवन्यू में होगा इजाफा**

अभाव में निगम को काफी परेशानी होती थी। नये एमओयू से निगम को अपने सभी काम करने में आसानी होगी। साथ ही ड्राइवर/कंडक्टर एवं अन्य कर्मचारियों को कांट्रैक्ट आधार पर नियुक्ति, विभिन्न ढाबा, कैन्टीन, रेस्टोरेंट्स, बस स्टेशन पर स्थित दुकानें के अनुबंध, निगम में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के साथ होने वाले अनुबन्ध, बसों एवं स्टाफ कार इत्यादि के अनुबन्ध के सभी लीगल एवं कामर्शियल कॉन्ट्रैक्ट्स को डिजिटल किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### जिला कारागार में विधिक सहायता शिविर आयोजित



**मेरठ।** शोभित सम विश्वविद्यालय के विधि संकाय, स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज, मे स्थापित विधिक सहायता प्रकोष्ठ द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ जिला कारागार मे निःशुल्क विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से सहायक प्रोफेसर व छात्रों ने विचाराधीन बन्दियों की समस्याएं सुनी और उन्हें समुचित कानूनी परामर्श प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरन प्रोफेसर प्रमोद कुमार गोयल, निदेशक, स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज हरी राम ने विभिन्न कैदियो की समस्याओं को सुना और समस्याओं के निवारण के लिए तत्काल विभिन्न कानूनी प्रावधानों के साथ उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर छात्रों ने जिला कारागार के महिला बैरक, पुरुष बैरक, पाकशाला, पुस्तकालय, अस्पताल आदि का भ्रमण कर सुधार गृह की शासकीय व्यवस्थाओ का अवलोकन किया। कार्यक्रम का संचालन बी.ए. (गवर्नमेंट एंड एडमिनिस्ट्रेशन) की प्रथम वर्ष की छात्रा वीथिका गोयल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. लेफ्टिनेंट असिस्टेंट प्रोफेसर कुलदीप कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर पवन कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पल्लवी जैन और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सीमा मोदी का विशेष योगदान रहा।

### छात्रों ने किया भ्रमण

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के नेतृत्व में वनस्पति विज्ञान, विभाग, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग,बायोटेक्नोलॉजी विभाग, एवं बीज विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर, शोध छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने नेशनल इंस्टीट्यूट आफ जिनोम रिसर्च (छप्ळळ्त) नई दिल्ली के द्वारा आयोजित एजुकेशन डे कार्यक्रम में प्रोटियोमिक्स और मेटाबॉलोमिक्स विषय पर आयोजित एक दिन की गोष्ठी प्रतिभाग किया।

### गंगा पुस्तक प्रदर्शनी को किया रवाना

**मेरठ।** गंगोत्री, उत्तराखंड से चलकर 20 नवम्बर को ऐतिहासिक शहर मेरठ पहुंची राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत की गंगा पुस्तक परिक्रमा को मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने हरी झंडी दिखाकर आगे के लिए रवाना किया। जिलाधिकारी ने एनबीटी की गंगा नदी के सामाजिक महत्व और पठन-संस्कृति के प्रति जागरूकता से जुड़ी इस योजना की सराहना करते हुए कहा, राष्ट्र की तमाम नदियों की स्वच्छता और संरक्षण के लिए किए गए इस तरह के प्रयास सराहनीय हैं, मैं एनबीटी की पूरी टीम को इसके लिए बधाई और शुभकानाएं देता हूं और गंगोत्री से गंगासागर की इस पूरी परिक्रमा में निश्चित तौर पर गंगा किनारे के निवासियों सहित शिक्षा एवं साहित्य जगत से जुड़े लोगों को कहीं न कहीं इस मुहिम में शामिल होने की प्रेरणा मिलेगी। जिलाधिकारी ने सचल गंगा पुस्तक वाहन में एनबीटी द्वारा प्रकाशित बाल साहित्य, राष्ट्रीय जीवनचरित, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार द्विभाषी पुस्तकों के साथ-साथ प्रधानमंत्री युवा पुस्तक माला की पुस्तकों की भी सराहना की।

## अयोध्या में बड़ा आंदोलन छेड़ सकती है किसान यूनियन

**अयोध्या,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। राम मंदिर निर्माण के साथ डबल इंजन की सरकार अयोध्या नगर निगम क्षेत्र के बाहर जो विकास का खाता खींच रही है उसमें 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र भी शामिल है। पंचकोसी, 14 कोसी, 84 कोसी परिक्रमा मार्ग संबंधित जमीनी अधिग्रहण को लेकर लोगों में रोष है। किसानों की आवाज उठाने के लिए किसान यूनियन बैठक कर आंदोलन की रुपरेखा तय करने जा रही है। प्रस्तावित 84 कोसी परिक्रमा राष्ट्रीय राजमार्ग 227 बी का निर्माण पारंपरिक पुराने पथ पर ही कराये जाने और जमीनों का मुआवजा आवासीय एवं कामर्शियल दर से दिए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को हनुमान मंदिर ढेमावैश्य में किसान महापंचायत की जाएगी। सरकार की ओर से 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 227 बी घोषित किया गया है। यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा का आरोप है कि व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के अधिकारी पारंपरिक मार्ग से इतर 84 कोसी परिक्रमा मार्ग निर्माण का प्रयास किया जा रहा है, जिसके चलते श्रीराम का आठवां विश्राम स्थल हनुमान मंदिर ग्राम ढेमावैश्य वैश्य परिक्रमा मार्ग से लगभग 5 किलोमीटर दूर हो जा रहा है। इतना ही नहीं व्यवसायिक होने के बावजूद अधिग्रहित जमीनों का मुआवजा कृषि भूमि में गजट कर कृषि दर पर दिया जा रहा है। किसान यूनियन इसको बर्दाश्त नहीं करेगी और पंचायत से हल न निकला तो बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा।

## उत्तर प्रदेश में 1600 मेगावॉट की नई विद्युत परियोजना स्थापित करेगी सरकार

**लखनऊ,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में विद्युत उत्पादन बढ़ाने के लिए योगी सरकार 1600 मेगावॉट की नई उत्पादन इकाई 'अनपरा-ई' का निर्माण करेगी। उत्तर प्रदेश राज्य उत्पादन निगम ने

- **विद्युत उत्पादन बढ़ाने के लिए नई उत्पादन इकाई 'अनपरा-ई' का किया जाएगा निर्माण**
- **उत्तर प्रदेश राज्य उत्पादन निगम का प्रस्ताव अनुमोदित, शासन को भेजा जाएगा**

सोमवार को निगम की बोर्ड मीटिंग में इस प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। इसकी स्वीकृति हेतु प्रस्ताव जल्द ही शासन को भेजा जाएगा। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन एवं राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष डॉ.आशीष गोयल ने बताया कि इन इकाईयों के निर्माण में लगभग 18624 करोड़ रुपए का व्यय अनुमानित है। इसे एनटीपीसी एवं उत्पादन निगम लि. के संयुक्त उपक्रम मेजा उत्पादन निगम लि. के अन्तर्गत स्थापित किया जाएगा। अभी तक अनपरा में अनपरा-अ, अनपरा-ब, अनपरा-द की कुल 2630 मेगावॉट की इकाइयां उत्पादन निगम की हैं तथा अनपरा-स 1200 मेगावाट की परियोजना है। अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम की समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने उत्पादन निगम लि. की नई तापीय परियोजनाओं ओबरा 'सी' (2×660 मेगावाट) एवं जवाहरपुर (2×660 मेगावाट) की प्रथम इकाइयों में चल रहे कोल फायरिंग ट्रायल को सम्पन्न कराते हुए इन इकाइयों से नियमित रूप से जल्द विद्युत उत्पादन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। उत्तर निगम लि. की नई तापीय परियोजना पनकी (1×660 मेवा) की इकाई के दिनांक 18 नवंबर को सम्पन्न हुए ब्वायलर लाइटअप के उपरान्त इकाई से आगामी ग्रीष्म काल तक विद्युत उत्पादन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए।

### दस अधिशासी अभियन्ताओं को सख्त चेतावनी

लखनऊ। प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबन्धन लगातार प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ.आशीष गोयल ने सोमवार को एक मुश्त समाधान योजना एवं राजस्व वसूली में बेहतर परिणाम न देने वाले अधिशासी अभियन्ताओं को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि दिसम्बर तक ओटीएस एवं विद्युत सम्बन्धी कार्यो में सुधार दिखना चाहिए अन्यथा कार्यवाही होगी।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम 23 नवम्बर को

**मेरठ,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि उप्र शासन, समाज कल्याण के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत शासनादेश 28 अगस्त 2023 में दिए गए निर्देशों एवं 2 नवम्बर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में लिए गए निर्णय के क्रम में मुख्यालय स्तर पर जिला प्रशासन के पर्यवेक्षण में उनके द्वारा 23 नवम्बर को प्रातः 9 बजे से विरासत रिसोर्ट, हसनपुर कदीम गढ रोड मेरठ में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन कर लगभग 300 जोड़ों को लाभान्वित किया जाएगा।

## डाक्टरों के गिरेबान पर हाथ उठाया तो कर लेंगे आत्महत्या : डॉ. विश्वजीत

**मेरठ,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। न्यूटिमा हास्पिटल व सपा विधायक अतुल प्रधान के बीच हुआ विवाद बढ़ता ही जा रहा है। दो पक्षों की ओर से लगातार एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। हंगामा, मारपीट, रिपोर्ट, आमरण अनशन के बाद भी सपा विधायक के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने के बाद मामला और गर्मा गया है। सोमवार को न्यूटिमा हास्पिटल में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें कैप्टेन राजीव रस्तोगी, डॉ.संदीप गर्ग, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. विश्वजीत बेम्बी, डॉ. शालीन शर्मा, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. हरिराज सिंह तोमर, डॉ. रोहित काम्बोज, डॉ. सुधि काम्बोज, डॉ. श्वेता गर्ग ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि सपा विधायक की पत्नी सीमा प्रधान ने जो आरोप लगाएं हैं वह बेबुनियाद है। एक रात का बिल 5 लाख का नहीं हैं। यह पूरी तरह झूठ बोला जा रहा है। बिल सिर्फ 1 रात का नहीं है वरन एक मरीज का भी नहीं बल्कि दो मरीजो का करीब 1 माह



- **न्यूटिमा हास्पिटल व सपा विधायक के बीच का विवाद और गर्माया**
- **एक रात का बिल पांच लाख का नहीं, बल्कि दो मरीजो पर पूरे माह का है**
- **अस्पताल का नाम खराब करने का लगाया आरोप**

का है। सपा विधायक अतुल प्रधान अस्पताल का नाम खराब करने का कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा की गई बदसुलूकी से सभी डाक्टर्स से सहमे हुए हैं। वह अपनी आवाजा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व सपा मुखिया अखिलेश यादव तक पहुंचाना चाहते हैं। डाक्टरों की टीम ने सपा विधायक की पत्नी के आमरण अनशन की चेतावनी के सवाल के जवाब में कहा कि वह भी अपनी आवाजा उठाने का कार्य करेंगे। इसके लिए वह अस्पताल में ताला भी लगाने को मजबूर होंगे। डॉ.विश्वजीत बेम्बी ने भावुक होकर कहा कि यदि वह आमरण अनशन पर बैठकर डाक्टरों के गिरेबान पर हाथ पहुंचाएंगे, गाली देंगे तो हम भी आत्मदाह करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सपा विधायक की गुंडगर्दी से वह डरे हुए हैं। वह आए दिन अस्पताल में आकर इस तरह की आराजकता फैलाई है। इससे पहले भी वह सपा विधायक के खिलाफ दर्जनों लिखित शिकायतें कर चुके हैं। बता दें कि दो दिन पूर्व विधायक अतुल प्रधान की पत्नी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा प्रधान ने आरोप लगाए थे कि पुलिस सत्ता के दबाव में कार्य कर रही है जिससे गरीबों की आवाज को उठाने वालों को ही दबाया जा रहा है। विधायक पर जो मुकदमा दर्ज हुआ था, उसमें क्लीनचिट मिलने के बाद एडीजी ने दोबारा जांच कराई। 10 दिन में ही चार्जशीट तैयार करा दी। उन्होंने चेतावनी दी कि निष्पक्ष जांच नहीं होने पर चार दिसंबर से कलक्ट्रेट में दोबारा आमरण अनशन की बात कही थी।

## सुभारती में गंगा पुस्तक परिक्रमा व्याख्यान आयोजित

**मेरठ,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गंगा पुस्तक परिक्रमा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय संस्कृति में गंगा का महत्व के विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा गंगा की सफाई एवं इसकी महत्ता के विषय पर पोस्टर व पेंटिंग प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा वैन लाइब्रेरी भी आकर्षण का केंद्र रही। शुभारंभ राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की संपादकीय सहयोगी प्रीतिका दुबे, विख्यात इतिहासकार व लेखक अनुवादक अनिल कुमार गांधी, गंगा पुस्तक परिक्रमा प्रभारी आकाश, कवयित्री कोमल रस्तोगी, सेवानिवृत्त पर्यटन अधिकारी शील वर्धन, लेखक प्रो. अशोक त्यागी, कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल, वेलनेस सेन्टर के निदेशक डॉ. राहुल बंसल, कार्यक्रम संयोजक डॉ. संदीप कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की संपादकीय सहयोगी प्रीतिका दुबे ने कहा कि नमामि गंगे के साथ मिलकर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास गंगा संरक्षण व इसके प्रति जागरूकता हेतु कार्य कर रहा है। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने राष्ट्रीय पुस्तक न्यास को धन्यवाद दिया। प्रख्यात लेखक प्रो. अशोक त्यागी ने कहा कि गंगा हमारी संस्कृति की पहचान है।

**आयोजन** | *रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में जॉब फैस्ट दिशा-2 का आयोजन कल*


## हजारों रिक्तियों के साथ शिरकत करेंगी नामचीन कंपनियां : डा. उर्मिला मोरल

**मेरठ,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। सोमवार को रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उर्मिला मोरल बताया कि रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस व क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जॉब फैस्ट दिशा 2 का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में 5 हजार से ज्यादा रिक्तियों के साथ करीब 50 नामचीन कंपनियां शिरकत करने पहुंचेंगी।

जो हाई स्कूल व इंटरमीडिएट से लेकर आईटीआई, डिप्लोमा, बीटैक, एमबीए, बीबीए, बीए, बीकॉम के छात्र व युवाओं को 10 हजार से लेकर

- **करीब चार हजार से जायदा प्रतिभागियों के पहुंचने की संभावना : शशिभूषण उपाध्याय**
- **लगभग पूरी हो चुकी हैं फैस्ट की तैयारियां : डा.मनोज कुमार**

40 हजार तक के वेतन पर चयन करेंगी।ज्उन्होंने बताया कि यह रोजगार मेला पूरी निःशुल्क रहेगा। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक शशिभूषण उपाध्याय ने बताया कि आगामी 22 नवम्बर को लगने वाले रोजगार मेले में करीब 4 हजार से जायदा प्रतिभागियों के आने की संभावना है। इस जॉब फैस्ट में



कोई भी प्रतिभागी प्रतिभाग कर सकता है उसके लिए अभ्यर्थी को इस लिंक https://sewayojan-up-nic-in/IEP/registration-asp पर अपना पंजीकरण कराना होगा। यदि किसी कारण से ऑनलाईन पंजीकरण नहीं होता तो भी अपना आवेदन कर सकता है। आवेदन के समय ही पंजीकरण करने की भी व्यवस्था की गई है। महाविद्यालय के निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि इस फैस्ट की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है।

### 60 वर्ष तक की महालाएं भी कर सकेंगी आवेदन

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक शशिभूषण उपाध्याय ने कहा कि इस रोजगार मेले का मकसद है कि ज्यादा ज्यादा संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के युवा, युवतियां व महिलाओं को रोजगार दिया जा सके। इस आयोजन में ऐसी कंपनियां भी पहुंचेंगी जो 60 वर्ष तक महिलाओं को रोजगार के अवसर देंगी। कई कंपनियां ऐसी भी होंगी जो पार्ट-टाईम, फुल-टाईम से लेकर घर बैठे भी रोजगार के मौके देंगी। मेले में मेरठ की कंपनियों की संख्या ज्यादा है। जिससे रोजगार पाने वालों खासकर युवतियों व महिलाओं को घर से कंपनी तक की लंबी दूरी तय नहीं करने पड़ेगी।

### दोबारा नौकरी पाने के भी अवसर

प्राचार्या डा. उर्मिला मोरल ने बताया कि रूद्रा पहले भी दो रोजगार मेले लगा चुका है। जिसमें करीब डेढ़ हजार युवाओं को रोजगार मिला था। इन युवाओं के फीडबैक के लिए भी कालेज की टीम कार्य कर रही है। इस फीडबैक में नौकरी छोड़ने वाले लोगों की सूची बनाई जा रही है। यदि कोई भी युवा किसी परेशानी के कारण नौकरी छोड़ने को मजबूर हुआ है तो उसे दोबारा से बलाकर नई कंपनी से साक्षात्कार कराए जाएंगे। जिससे वह अपनी समस्याओं को ध्यान में रखकर ही कंपनी का चयन कर सकें और एक बार फिर बेहतर रोजगार पा सकें।

विद्यार्थियो को काउंसलिंग कर सेवायोजन के पोर्टल के बारे में बताया तथा उनके पंजीकरण भी कराए गए। रुद्रा कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने प्राचार्य डॉ. अमित चौधरी ने बताया कि प्रतिभागी को अपने साथ 3 रिज्यूमे, 3 पासपोर्ट साइज फोटो एवं अपने सभी शैक्षणिक दस्तावेजों की फोटो कॉपी, जिसमे आधार कार्ड अति आवश्यक है, के साथ रुद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मवाना आना होगा, उन्होंने बताया कि इसके अलावा अगर कोई भी प्रतिभागी इस जॉब फैस्ट से संबंधित किसी भी प्रकार के जानकारी हासिल करना चाहे तो हेल्पलाइन नंबर 8630286566 व 9719597004 पर संपर्क कर सकता हैं।

पत्रकार वार्ता में सुमित काकरान, ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट हैड प्रवीन शर्मा एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर संजीत कुमार भी उपस्थित रहे।


## द रेलवे मेन में जगमोहन का किरदार निभाना भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण था : सनी हिंदुजा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सनी हिंदुजा का कहना है कि वेबसीरीज द रेलवे मेन में जगमोहन का किरदार निभाना उनके लिये भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण था। सनी हिंदुजा को एस्पिरेंट्स सीजन 1 और सीजन 2 के साथ-साथ स्पिन-ऑफ शो संदीप भैया में संदीप भैया के किरदार के लिए खास पहचान मिली। अब, वह यशराज फिल्म्स की शुरुआती वेब सीरीज, द रेलवे मेन में अपने परफॉर्मन्स के लिए तारीफ बटोर रहे हैं। सनी ने जगमोहन कुमावत का किरदार निभाया है, जो एक सिद्धांतवादी पत्रकार है जो वास्तविक जीवन के बराबर से प्रेरित है। शो में, वह एक बड़ी आपदा का सामना कर रहे अपने शहर की सुरक्षा के लिए न्याय की तलाश में निकलता है।

## 'बन टिक्की' से बॉलीवुड में कमबैक करेंगी जीनत अमान

**मुंबई,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। जानीमानी अभिनेत्री जीनत अमान फिल्म 'बन टिक्की' से बॉलीवुड में कमबैक करने जा रही है। जीनत अमान काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। जीनत अमान मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की फिल्म 'बन टिक्की' के साथ फिल्मों में कमबैक करने की तैयारी कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ शबाना आजमी और अभय देयोल मुख्य भूमिका में होंगे।

मनीष मल्होत्रा ने बताया कि द ग्रेट शबाना आजमी और जीनत अमान दोनों का मैं बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। उनकी फिल्मों से लेकर उनके गानों से लेकर उनके कपड़ों तक। वे एक-दूसरे से बहुत अलग हैं और दोनों के पास यादगार फिल्में हैं, जो हम सभी को पसंद हैं। यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है कि जीनत अमान और शबाना जी दशकों के बाद हमारे दूसरी प्रोडक्शन फिल्म बन टिक्की के लिए एक साथ आ रही हैं। यह एक संवेदनशील फिल्म है, जिसे फराज आरिफ अंसारी द्वारा लिखा और निर्देशित किया गया है। दोनों के साथ फिल्म में अभय देओल नजर आएंगे। शूटिंग इस महीने शुरू हो रही है और हम सभी इस अनूठी फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हैं।



'बन टिक्की' का निर्माण मनीष मल्होत्रा के बैनर, स्टेज 5 प्रोडक्शंस के तहत ज्योति देशपांडे, दिनेश मल्होत्रा और मरिजके देसूजा द्वारा किया जा रहा है।

# गर्भवती महिलाओं में एनीमिया का बढ़ रहा प्रकोप

**देहरादून,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के देहरादून स्थित संजय ऑर्थोपीडिक, स्पाइन एवं मैटरनिटी सेन्टर द्वारा सोमवार को आयोजित वेबिनार में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता संजय ने गर्भावस्था के दौरान खून की कमी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान, महिलाओं में एनीमिया की शिकायत आम हो रही है। इसलिए उन्हें नित्य प्रति आयरन की खुराक लेना चाहिए।

इस जन-जागरूकता व्याख्यान में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश एवं पंजाब राज्यों के 145 से अधिक मेडिकल नर्सिंग छात्र-छात्राओं एवं किशोरियों ने भाग लिया।

डॉ. सुजाता ने वेबिनार में बताया कि मानव शरीर में लौह तत्वों की कमी एनीमिया का मुख्य कारण है। इससे ज्यादातर महिलाएं और बच्चे पीड़ित होते हैं। इसके शिकार किसी भी मौसम में हो सकते हैं।

इसकी अनदेखी खतरनाक हो सकती है। गर्भावस्था के दौरान खून की कमी की वजह से गर्भवती महिला को समय से पहले प्रसव दर्द होना आम बात है। खून की कमी की वजह से शिशु भी कम वजन वाला और कमजोर पैदा होता है और कई बार खून की कमी की वजह से प्रसव के दौरान जच्चा-बच्चा की मौत भी हो जाती है। उन्होंने कहा कि जच्चा-बच्चा स्वस्थ्य रहे, इसके लिए गर्भावस्था में महिलाओं को आयरन, विटामिन, मिनरल की ज्यादा जरूरत होती है। भोजन में पोषक तत्वों की कमी महिलाओं को एनीमिक बना देती है। एक स्वस्थ महिला में हिमोग्लोबिन की मात्रा 12 ग्राम होनी चाहिए।

डॉ. सुजाता के अनुसार, महिलाओं को गर्भावस्था में सबसे बड़ा खतरा एनीमिया का होता है। महिलाओं को खान-पान में पोषक तत्वों का अभाव रहने की वजह से मातृ मृत्यु-दर के अधिकतर मामलों में खून की कमी प्रमुख कारण बनती हैं। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के लिए अन्य पोषक तत्वों के साथ-साथ आयरन की भी जरूरत होती है। आयरन ही हमारे शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण करता है। यह कोशिकाएं ही शरीर में हीमोग्लोबिन बनाने का काम करती हैं। हीमोग्लोबिन फेफड़ों से ऑक्सीजन लेकर रक्त में आक्सीजन पहुंचाता है। इसलिए आयरन की कमी से शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है और हीमोग्लोबिन कम होने से शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है। इसकी वजह से कमजोरी और थकान महसूस होती है, इसी स्थिति को एनीमिया कहते हैं। एक अध्ययन में यह भी देखने को मिला कि मलिन बस्तियों की महिलाओं को आयरन की गोलियां के बारे में तो जानकारी होती है, लेकिन वह एनिमिया से अंजान होती हैं। उन्हें यह भी पता होता है कि सरकार की ओर से उन्हें आयरन की गोलियां मुफ्त में दी जाती हैं। डॉ. सुजाता ने बेवीनार में यह भी बताया कि गर्भवस्था के दौरान एनीमिया की कमी जन्म लेने बच्चे के लिए काफी घातक साबित हो सकता है। जिसमें शिशु जन्म के दौरान माँ की मौत, प्रीमेच्योर बच्चा पैदा होना, जन्म के वक्त बच्चे का वजन काफी कम होना, मृत बच्चे का भी जन्म लेना और बच्चे के दिमाग पर भी असर पड़ सकता है। डॉ. सुजाता ने एनिमिया के बचाव के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि गर्भावस्था में महिलाओं को संतुलित आहार लेना आवश्यक होता है। जैसे पत्ते वाली हरी साग-सबिजयां खाना चाहिए। साथ ही मौसमी फलों के सेवन के साथ टमाटर, चुकंदर, पीन खजूर, गुड़, सेब, दूध आदि का सेवन जरूर करना चाहिए।

- मानव शरीर में लौह तत्वों की कमी एनीमिया का मुख्य कारण
- खून की कमी की वजह से शिशु का भी वजन कम



# विश्व कप के बाद आलिया, करीना ने टीम इंडिया पर बरसाया प्यार, कहा 'हमारा दिल जीत लिया'

**मुंबई,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप फाइनल मैच हारने के बाद बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट और करीना कपूर खान ने भारतीय टीम की प्रशंसा करते हुए नोट शेयर किया और खिलाड़ियों के प्रति अपना प्यार और सम्मान दिखाया। आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर टीम इंडिया की एक तस्वीर शेयर की और लिखा कि हमारा दिल आपने हमेशा के लिए जीत लिया है! अच्छा खेला टीम इंडिया ने... हमारा सिर गर्व से ऊंचा हैं।



करीना ने भी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर भारतीय टीम की एक तस्वीर साझा की और कहा कि टीम इंडिया के लिए प्यार और सम्मान, कड़ा मुकाबला, लेकिन अच्छी तरह से खेली भारतीय टीम। गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए वर्ल्ड कप 2023 के मैच में टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया ने हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी की और 240 रन पर आउट हो गया। इस बीच, वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया 'जिगरा' में नजर आएंगी। वहीं, करीना की अगली फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' और 'द क्रू' हैं।

### टीम इंडिया के लिए शाहरुख खान का संदेश, 'मैच में आपने शानदार जज्बा दिखाया'

सुपरस्टार शाहरुख खान ने वर्ल्ड कप फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद टीम इंडिया के लिए एक शानदार नोट लिखा। उन्होंने देश को गौरवान्वित करने के लिए खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया। रविवार को, ऑस्ट्रेलिया ने अहमदाबाद में फाइनल मैच में मेजबान भारत को 6 विकेट से हरा दिया। एक्स पर शाहरुख ने लिखा कि जिस तरह से भारतीय टीम ने इस पूरे टूर्नामेंट को खेला है वह सम्मान की बात है और उन्होंने शानदार भावना और दृढ़ता दिखाई है। 'यह एक खेल है और इसमें हार-जीत लगी रहती हैं... लेकिन क्रिकेट में हमें इतना गौरवान्वित करने के लिए टीम इंडिया को धन्यवाद... आप पूरे भारत में बहुत खुशी लाते हैं। प्यार और रिस्पेक्ट।

### सुनील शेट्टी ने की टीम इंडिया की सराहना, कहा कि हमारा सिर हमेशा गर्व से ऊंचा रहेगा



'मैं हूं ना', 'बॉर्डर', 'ए जेंटलमैन' और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने भारतीय क्रिकेट टीम की सराहना की है। वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम से भारत को हार मिली, जिससे क्रिकेट फैंस का दिल टूट गया हालांकि, सुनील ने टीम के प्रयासों और प्रदर्शन की सराहना की है। एक्टर ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड कप फाइनल पर जीत पर बधाई! लेकिन, पूरे टूर्नामेंट में टीम इंडिया की ताकत को नजरअंदाज न करें, जिसने लगातार 10 मैच जीते हैं। उन्होंने आगे कहा कि बल्लेबाजों और गेंदबाजों के समान रूप से शानदार परफॉर्मेंस वाली वर्ल्ड-क्लास टीम।

# उपन्यास 'फायर बर्ड' को जेसीबी साहित्य पुरस्कार

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। लेखक पेरूमल मुरूगन के उपन्यास 'फायर बर्ड' को वर्ष 2023 के जेसीबी साहित्य पुरस्कार दिया गया है। राष्ट्रीय राजधानी के ताज मानसिंह होटल में आयोजित भव्य समारोह में मुरूगन को पुरस्कारस्वरूप 25 लाख रुपए और अनुवादक जननी कन्नन को 10 लाख रुपए की नकद राशि प्रदान की गई।




समारोह में जेसीबी इंडिया लिमिटेड के सीईओ और प्रबंध निदेशक दीपक शट्टी ने मुरूगन को एक सुंदर कलाकृति 'मिरर मेल्टिंग' सम्मान के रूप में प्रदान किया। मुरुगन और कन्नन किसी कारणवश समारोह में उपस्थित नहीं हो सके जिसके कारण पुस्तक की तमिल प्रकाशक और अंग्रेजी संस्करण की संपादक मानसी सुब्रमण्यम ने ये पुरस्कार ग्रहण किये।

इस मौके पर शेट्टी ने कहा कि भारत के प्रति लॉर्ड बैमफोर्ड परिवार की प्रतिबद्धता और स्नेह के प्रतीक के रूप में साहित्य के लिए जेसीबी साहित्य पुरस्कार की शुरूआत की गई थी। मात्र छह वर्षों की अवधि में, इसने अपनी मौलिकता के कारण साहित्य जगत में अपने लिए एक विशिष्ट जगह बना ली है, जो विभिन्न संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करने वाली भारतीय भाषाओं में लेखन को पुरस्कृत करती है और उनकी सफलता के महोत्सव में शामिल होती है।

सलेम अट्टूर और नमक्कल के सरकारी आर्ट कॉलेज में तमिल भाषा के प्रोफेसर रहे मुरुगन ने 12 उपन्यास, 6 लघुकथा संग्रह, 6 कविता संग्रह, और अन्य कई नॉन फिक्शन किताबें लिखी हैं। इनमें से 10 उपन्यासों को को अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है। उनके लिखे उपन्यासों में सीजन्स ऑफ द पाम (वर्ष 2005 में किरियामा पुरस्कार के लिए चयनित), करंट शो, वन पार्ट वुमन, ए लोनली हार्वेस्ट, ट्रेल बाय साइलेंस, पूनाची या द स्टोरी ऑफ ए गोट, रिजॉल्व, एस्टुअरी, राइजिंग हीट और पायर शामिल हैं।

इन दिनों अमेरिका में निवासरत कन्नम पेशे से आर्किटेक्ट, अनुवादक, सिंगर और मैराथन रनर हैं। उन्होंने हाल ही में अपना पहला अनुवाद पेरुमल मुरुगन लिखित पहले उपन्यास 'राइजिंग हर्ट' का अनुवाद किया है। इसके अलावा तमिल संस्कृति से जुड़ी पुरानी दंतकथाओं, पाककला और वास्तुशिल्प की जानकारियों के संग्रह और प्रचार में उनकी रुचि है।

# गौमाता को सम्मान दिलाने को दिल्ली पहुंचें गौभक्त : चरणजीव मल्होत्रा



नई दिल्ली 20 नवम्बर (एजेंसियां)। गोपाष्टमी के अवसर पर रामलीला मैदान में गौमाता राष्ट्रमाता प्रतिष्ठा आंदोलन के तहत श्रद्धालुओं की हुजूम उमड़ा है। गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने के लिए लोग इकट्ठा हुए है। भारतीय गौ क्रांति मंच के चरणजीव मल्होत्रा ने बताया कि जनांदोलन में चारों पीठ के शंकराचार्य और संत गोपालमणि महाराज के सानिध्य में गौभक्त एकजुट हुए हैं। भारतीय संस्कृति की मूल आधार गौ माता को राष्ट्र माता का संवैधानिक सम्मान मिलना चाहिए। इससे राष्ट्र समृद्ध होगा। गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने के लिए 20 नवम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में महा जनांदोलन हुआ जिसमें चारों पीठ के शंकराचार्य व संत गोपालमणि महाराज के सानिध्य में लाखों गौ भक्त विशाल गौ प्रतिष्ठा आंदोलन में शिरकत की। गौमाता-राष्ट्रमाता के ध्वजवाहक गौक्रान्ति अग्रदूत संत गोपाल मणि महाराज के चरणजीव मल्होत्रा ने कहा कि इस बार चौथी बार चारों शंकराचार्यों के सानिध्य में 20 नवंबर को गोपाष्टमी को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल गौ प्रतिष्ठा आंदोलन हुआ। महाजनान्दोलन को सफल बनाने के लिए देश के सभी धर्म गुरु, संत समाज शिरकत करी। भारतीय संस्कृति की मूल आधार गौमाता को राष्ट्र माता का संवैधानिक सम्मान मिलना ही चाहिए चरणजीव मल्होत्रा तभी हिन्दू राष्ट्र की कल्पना सार्थक होगी और राष्ट्र समृद्ध होगा। गौमाता के सम्मान, संरक्षण व संवर्द्धन की सबसे पहले बात होनी चाहिए। उन्होंने सभी से इस जनांदोलन में गौ माता राष्ट्र माता प्रतिष्ठा आंदोलन गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने के लिए।

# केरल दिवस समारोह का मनमोहक म्यूजिक शो में लोगों ने उठाया लुत्फ

नई दिल्ली 20 नवम्बर (एजेंसियां)। केरल सरकार, सूचना और जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में, 14 से प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 'वसुधैव कुटुंबकम-यूनाइटेड बाय ट्रेड' थीम पर आधारित भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले के 42वें संस्करण का आयोजन किया गया। केरल से संसद सदस्य (राज्यसभा) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि बिनॉय विश्वम ने कहा, 'केरल की भागीदारी हमारे समृद्ध इतिहास को रेखांकित करती है, प्राचीन मसाला मार्गों से लेकर आधुनिक आत्मनिर्भरता तक, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' से परिपूर्ण है। यह व्यापार के माध्यम से वैश्विक एकता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' 20 नवंबर को केरल दिवस पर प्रकाश डालते हुए, प्रगति मैदान के एम्फीथिएटर में त्रिशूर अट्टम कलासमिति द्वारा प्रस्तुत एक मनमोहक 'चेंडा म्यूजिकल फ्यूजन नाइट' आयोजित की गई। यह कार्यक्रम शाम 6ः00 बजे शुरू हुआ, जिसमें बड़ी तादाद में दर्शक मौजूद थे। पर्यटक सांस्कृतिक भव्यता से मंत्रमुग्ध हो गए।

दर्शक सुदिति ने टिप्पणी की, 'केरल दिवस ने मुझे राज्य की जीवंत विरासत के केंद्र में पहुंचा दिया, जिससे मैं परंपरा और नवीनता के मिश्रण से मंत्रमुग्ध हो गई।'अनिकेत ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, 'चेंदा म्यूजिकल फ्यूजन नाइट एक बेहतरीन शो था। जो वैश्विक मंच पर केरल की सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करती है।'






# 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरू

**गोवा,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। गोवा में सोमवार से 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-आईएफएफआई शुरू हो रहा है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन और अन्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव फिल्म पृथुल कुमार के अनुसार, हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता माइकल डगलस सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार स्वीकार करेंगे।

महोत्सव के दौरान 270 से अधिक फिल्में 4 स्थानों - आईनॉक्स पंजिम, माक्विनेज पैलेस, आईनॉक्स पोरवोरिम और जेड स्क्वायर सम्राट अशोक पर प्रदर्शित की जाएंगी। 54वें आईएफएफआई के 'अंतरराष्ट्रीय खंड' में 198 फिल्में होंगी, जो 53वें आईएफएफआई से 18 अधिक हैं। इसमें 13 विश्व प्रीमियर, 18 अंतरराष्ट्रीय प्रीमियर, 62 एशिया प्रीमियर और 89 भारत प्रीमियर होंगे।

## जम्मू कश्मीर में मौसम के दो रंग

# कश्मीर में ठंड और कोहरा, जम्मू में चटक धूप

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 20 नवम्बर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में मौसम के जो दो रूप देखने को मिल रहे हैं उसने कईयों को परेशानी में डाल रखा है। अगर कश्मीर में कोहरे और सर्दी के कारण छात्र व पर्यटक परेशान हैं तो जम्मू में चटक धूप परेशान किए हुए है। कश्मीर में रात का तापमान शून्य को छू जाने के बाद स्कूलों में सर्दियों की छुट्टियां एकाध दिन में घोषित होने की उम्मीद की जा रही है।

आज सुबह तीसरे दिन श्रीनगर में घना कोहरा छाया। यहां लोगों को कड़ाके की ठंड का अहसास हुआ। वहीं, जम्मू शहर में सोमवार की शुरुआत चटक धूप के साथ हुई। श्रीनगर मौसम विभाग के अनुसार 27 से 30 नवम्बर के दौरान छिटपुट स्थानों पर बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

कई इलाकों में कोहरा छाए रहने के साथ, जम्मू कश्मीर में ठंड की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में सोमवार को मौसम का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि श्रीनगर में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई, जो पिछली रात के 0.9 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि राजधानी शहर में साल के इस समय में तापमान सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस कम था।



■ कश्मीर के स्कूलों में सर्दियों की छुट्टियां घोषित होने की उम्मीद बढ़ी

कोहरा इतना घना छाया हुआ था कि स्कूल बसों और वाहनों को इस सर्दी में भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एक छात्र ने बताया कि सुबह के शुरुआती घंटों में कोहरा बहुत घना होता है। वहीं जब भी कोई घर से बाहर निकलता है तो 50 फीट से अधिक दृश्यता नहीं होती है। यातायात के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए फ्लड लाइट को सेवा में लगाया गया है। वहीं बारिश होने पर स्थिति बदल सकती है। उन्होंने चिंता जताई कि यहां सर्दी की शुरुआत के साथ ही ठंड भी कड़ाके की पड़ने वाली है। इस बीच प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन आफ जम्मू एंड कश्मीर (पीएसएजेके) ने सरकार से शून्य से नीचे तापमान और कोहरे की स्थिति के कारण प्राथमिकता के तौर पर स्कूलों, खासकर निचली कक्षाओं के लिए शीतकालीन छुट्टियों की घोषणा करने का आग्रह किया है।

एसोसिएशन ने चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कई अभिभावकों और स्कूलों से प्रतिनिधित्व प्राप्त करने की सूचना दी। पीएसएजेके के एक प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि छोटे बच्चों को ऐसे मौसम में जल्दी उठने और स्कूल के लिए तैयारी करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। प्रवक्ता का कहना था कि हम एक विकसित राष्ट्र नहीं हैं जहां घर, बसें और स्कूल सभी केंद्रीय रूप से गर्म हैं। हमें मौसम के अनुसार समायोजन करना होगा। यहां तक कि माता-पिता के लिए भी, अपने बच्चों को स्कूलों के लिए तैयार करना एक कठिन काम है।

## सरस मेला में भाग ले रहीं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए वर्कशॉप का आयोजन



नई दिल्ली। सरस आजीविका मेला 2023 में आज स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थान तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा किया गया। इसमें पूरे देश के 28 राज्यों से आई हुईं पचास के करीब महिलाओं ने भाग लिया। आज कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन (आईआईएमसी) के सोशल मीडिया विशेषज्ञ विनोद शर्मा रहे। कार्यशाला में आज इन महिलाओं को बताया गया कि सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रामीण उत्पादों के प्रमोशन और मार्केटिंग कैसे की जाय। विनोद शर्मा ने प्रतिभागियों को बताया कि वो अपने मोबाइल फोन के जरिए कैसे फेसबूक, यू-ट्यूब जैसे तमाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए अपने उत्पादों का प्रचार-प्रसार कर सकती हैं।

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.48 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.18 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.16 प्रतिशत |
| टेक महिन्द्र | 0.61 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.48 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.11 प्रतिशत |
| एम एंड एम | 1.91 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 1.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.05 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.02 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# नवंबर में अब तक क्रिप्टो में 173 मिलियन डॉलर का नुकसान

■ साइबर अपराधियों द्वारा पोलोनिक्स के हॉट वॉलेट खत्म कर दिए जाने के बाद हैकरों ने पोलोनिक्स से 114 मिलियन डॉलर से अधिक की चोरी कर ली



**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। नवम्बर महीने में अब तक क्रिप्टोकरेंसी में 173 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है, जिसमें दो घटनाओं से 91 फीसदी नुकसान हुआ है।

ब्लॉकचेन और स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट सुरक्षा कंपनी सर्टिक के अनुसार, नवम्बर ने पहले ही 2023 में चौथा सबसे बड़ा मासिक घाटा दर्ज किया है। यह उछाल क्रिप्टोक्यूरेंसी एक्सचेंज पोलोनीक्स की हालिया हैक से प्रेरित था। साइबर अपराधियों द्वारा पोलोनिक्स के हॉट वॉलेट खत्म कर दिए जाने के बाद हैकरों ने पोलोनिक्स से 114 मिलियन डॉलर से अधिक की चोरी कर ली है। अरखाम डेटा से पता चला है कि एक एथेरियम वॉलेट, जिसे अब 'पोलोनिक्स हैकर' के रूप में टैग किया गया है, ने 357 लेनदेन में पोलोनिक्स से कुल 114 मिलियन डॉलर मूल्य के टोकन भेजे। सर्टिक अलर्ट ने एक्स पर पोस्ट किया, 'नवंबर में घाटा अब तक 173 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जिसमें दो घटनाएं 91 फीसदी नुकसान का हिस्सा हैं।' इसमें कहा गया है, 'नवंबर में पहले से ही इस साल किसी भी महीने का चौथा सबसे अधिक घाटा है।' सुरक्षा फर्म ने यह भी बताया कि फिशिंग स्कीम के चलते लगभग 27 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। इस बीच, क्रॉस-चेन क्राइम के जरिए क्रिप्टोकरेंसी में 7 बिलियन डॉलर से ज्यादा की अवैध रूप से हेराफेरी की गई है, जिसमें उत्तर कोरिया के लाजर समूह को जुलाई 2022 और इस साल जुलाई के बीच लगभग 900 मिलियन डॉलर की चोरी से जोड़ा गया है। ब्लॉकचेन एनालिटिक्स फर्म एलिप्टिक के अनुसार, विकेंद्रीकृत एक्सचेंज (डीईएक्स), क्रॉस-चेन ब्रिज और सिक्का स्वैप सर्विसेज ने 7 बिलियन डॉलर के अवैध फंड को प्रोसेस्ड किया है।

# कुछ महीनों तक काफी धीमी हो सकती है ऐप-आधारित ऋण सेवा

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक रिपोर्ट के अनुसार ऐप-आधारित ऋण सेवा में नए प्लेयर्स के आने से इसमें अब कम से कम कुछ महीनों के लिए बहुत धीमी वृद्धि देखी जा सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से पता चलता है कि व्यक्तिगत ऋण और क्रेडिट कार्ड खंड ने पिछले दो वर्षों में 22 प्रतिशत की सीएजीआर दर्ज की है।




आरबीआई यह जांचने के लिए ऋणदाताओं पर बारीकी से नजर रखता है कि क्या किसी विशेष खंड में वृद्धि अधिक हो रही है। सावधानी के तौर पर, यदि आरबीआई को चिंता महसूस होती है तो वह ऋणदाताओं को विकास को धीमा करने के लिए सूचित करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ध्यान देने योग्य बात यह है कि आरबीआई ने आवास ऋण और वाहन वित्त में उच्च वृद्धि के बारे में चेतावनी नहीं दी है क्योंकि इन ऋणों के लिए आनुषंगिक (कोलैटरल) बेहतर प्रतीत होता है, जबकि उपभोक्ता ऋण के लिए आनुषंगिक (कोलैटरल) कमजोर होता है।

आगे कहा गया, 'परिणामस्वरूप उपभोक्ता क्षेत्रों में चूक से ऋणदाताओं की लाभप्रदता में बाधा आ सकती है। इस कदम का उद्देश्य पूरे क्षेत्र में हाल ही में देखी गई तेजी से वृद्धि को रोकना है। इस कार्रवाई से एनबीएफसी और डिजिटल फिनटेक ऋणदाता काफी प्रभावित होंगे क्योंकि उनके पास विविधीकृत बैलेंस शीट नहीं है।' एनबीएफसी ग्राहकों पर लागत का बोझ डालने में सक्षम नहीं हो सकती हैं, जिससे निकट अवधि में मार्जिन पर कुछ दबाव पड़ सकता है।

# दुनिया में सबसे ज्यादा प्रॉब्लम सॉल्वर भारत में

■ कर्मचारियों के साथ भारत एआई अपनाने के मामले में सबसे आगे खड़ा

■ यूगॉव सर्वे नौ बाजारों में 15,000 डेस्क कर्मचारियों पर किया गया, जिनमें 2000 कर्मचारी भारत से थे

■ इस अध्ययन में सामने आया कि भारत में सबसे ज्यादा आम कार्यबल प्रॉब्लम सॉल्वरों का है

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। कार्यस्थल पर अलग-अलग तरह के कर्मचारियों के साथ भारत एआई अपनाने के मामले में सबसे आगे खड़ा है, जिसे सबसे ज्यादा प्रॉब्लम सॉल्वर और एक्सप्रेशनिस्ट अपना रहे हैं। प्रॉब्लम सॉल्वर और एक्सप्रेशनिस्ट भारत में एआई एडॉप्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। वर्कप्लेस प्रोडक्टिविटी प्लेटफॉर्म स्लैक ने आज अपनी नई ग्लोबल रिसर्च के परिणाम जारी किए, जिसमें भारत में कार्यस्थल पर काम करने वाले लोगों और टेक्नॉलॉजी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने पर उनके प्रभाव का अध्ययन किया गया है। यह यूगॉव सर्वे नौ बाजारों में 15,000 डेस्क कर्मचारियों पर किया गया, जिनमें 2000 कर्मचारी भारत से थे। इसमें भारतीय डेस्क कर्मचारियों की पसंद और व्यवहार के बारे में अद्वितीय जानकारी सामने आई।

इस अध्ययन में सामने आया कि भारत में सबसे ज्यादा आम कार्यबल प्रॉब्लम सॉल्वरों का है, जिसमें 23 प्रतिशत कार्यबल शामिल है। प्रॉब्लम सॉल्वर टेक और ऑटोमेशन में निपुणता रखते हैं, और एआई एवं कार्य की प्रक्रियाओं को स्ट्रीमलाईन करने के लिए अत्यधिक उत्साहित हैं। उनमें से 92 प्रतिशत अरली टेक एडॉप्टर हैं, और 77 प्रतिशत एआई की ओर उत्सुक हैं। अपने काम में एआई का उपयोग करने के लिए प्रॉब्लम सॉल्वर का उत्साह स्पष्ट दिखाई देता है। उनमें से 43 प्रतिशत प्रोडक्टिविटी बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग करना चाहते हैं। अध्ययन में सामने आया कि ये लोग 54 प्रतिशत हैं, जो भारत में एआई के सबसे ज्यादा उपयोग में अपना योगदान देते हुए एक्सटर्नल टेक प्रशिक्षण चाहते हैं, इसके बाद 34 प्रतिशत के साथ सिंगापुर का स्थान है।

एक्सप्रेशनिस्ट के पास एक मजबूत विज़्युअल कम्युनिकेशन स्टाईल होता है, जो भारत के कार्यबल में 21 प्रतिशत हैं। वो एमोजी, जीआईएफ और मेमेज़ द्वारा कार्यस्थल के संवाद को कम औपचारिक और ज्यादा दिलचस्प बनाते हैं। विश्व में 72 प्रतिशत एक्सप्रेशनिस्ट संचार बढ़ाने के लिए इन विज़्युअल टूल्स का उपयोग करते हैं, जबकि ऐसे डेस्क कर्मियों की संख्या 29 प्रतिशत है। उनका मानना है कि कार्यस्थल का संचार मनोरंजक और दिलचस्प होना चाहिए, और वर्चुअल कनेक्शन स्थापित करने और अपेक्षा के अनुरूप संदेश पहुँचाने के लिए इन विज़्युअल एलिमेंट्स का उपयोग होना चाहिए। एक्सप्रेशनिस्ट का वर्चस्व दक्षिण कोरिया (15 प्रतिशत) और सिंगापुर (12 प्रतिशत) में भी है।

दूसरी तरफ, भारत में डिटेक्टिव कम हैं। ये तफ्तीश करने वाले लोग अपनी जिज्ञासा और जानकारी साझा करने की प्रवृत्ति के लिए जाने जाते हैं। डिटेक्टिव्स सुव्यवस्थित होते हैं, और 93 प्रतिशत स्वतंत्र रूप से समस्या को हल करना पसंद करते हैं। यद्यपि फ्रांस (38 प्रतिशत), ब्रिटेन (34 प्रतिशत), अमेरिका (33 प्रतिशत), और जर्मनी (33 प्रतिशत) में डिटेक्टिव्स की संख्या ज्यादा है, लेकिन भारत में ये केवल 16 प्रतिशत हैं। अध्ययन में सामने आया कि इसका कारण भारत में तुलनात्मक रूप से ज्यादा युवा कार्यबल है, क्योंकि डिटेक्टिव ज्यादा उम्र के कार्यबल में अधिक होते हैं। रोड वॉरियर्स, जो लचीलेपन और दूरस्थ संपर्कों के साथ काम करते हैं, वो जापान (28 प्रतिशत) और सिंगापुर (26 प्रतिशत) में ज्यादा हैं। भारत के कार्यबल में उनकी संख्या केवल 18 प्रतिशत है।

## सार संक्षेप

### एडब्लूएस पर जनरेटिव एआई-पॉवर्ड चैटबॉट और वॉयसबॉट सॉल्यूशंस

**नई दिल्ली।** अमेज़न डॉटकॉम कंपनी अमेज़न वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने कन्वर्सेशनल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी यलोडॉटएआई ने अपने जनरेटिव एआई-पॉवर्ड वॉयसबॉट और चैटबॉट सॉल्यूशंस के लिए एडब्लूएस को अपना क्लाउड प्रदाता बनाया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि ये डायनामिक एआई एजेंट ग्राहकों से लक्ष्य पर केंद्रित बात करके उनका अनुभव बेहतर बनाएंगे और उनकी जरूरतों को समझकर उन्हें व्यक्तिगत समाधान प्रदान करेंगे। कंपनी के कस्टमर सर्विस डायनामिक एआई एजेंट 135 से ज्यादा भाषाओं में 35 से अधिक टेक्स्ट एवं वॉयस-आधारित चैनलों द्वारा उच्च गुणवत्ता की सपोर्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) का उपयोग करते हैं। यलोडॉटएआई ने पूरे विश्व में अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए अपना समाधान एडब्लूएस मार्केटप्लेस में उपलब्ध कराया है, जो स्वतंत्र सॉफ्टवेयर विक्रेताओं की ओर से हजारों सॉफ्टवेयर लिस्टिंग का एक डिजिटल कैटालॉग है, जिसके द्वारा एडब्लूएस पर चलने वाले सॉफ्टवेयर ढूंढना, उनका परीक्षण करना, उन्हें खरीदना और फिर स्थापित करना आसान हो जाता है।

### सुगम्य शौचालयों पर 1554 स्थानीय प्लंबर और राजमिस्त्री प्रशिक्षित

**नई दिल्ली।** सुगम्य पारिवारिक शौचालय परियोजना के तहत सुगम्य शौचालयों पर 1554 से अधिक स्थानीय प्लंबर और राजमिस्त्री को प्रशिक्षित किया गया है। विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर एक्सेसिबिलिटी/सुगम्यता संगठन स्वयं, एवं सहयोगी एजेंसी फाउंडेशन फॉर एक्सेसिबल एक्वानिर एंड सेनिटेशन के साथ मिल कर सुगम्य पारिवारिक शौचालय परियोजना के प्रमुख निष्कर्षों को जारी किया है। प्रारंभिक मूल्यांकन सर्वे से पता चला कि कम गतिशीलता वाले 76 प्रतिशत से अधिक व्यक्तियों को सुगम्यता,स्वच्छता जैसी सुविधाओं तक पहुंचने के लिए बहुत ही संघर्ष करना पड़ता है। स्वयं ने 2019 में इस परियोजना की शुरुआत की और 4 वर्षों में, 24,500 से अधिक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), संयुक्त दायित्व समूह (जेएलजी), और समुदाय-आधारित संगठनों (सीबीओ) को संवेदनशील बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 1.5 करोड़ व्यक्तियों तक पहुंचने में मदद मिली है सुगम्य शौचालयों पर 1554 से अधिक स्थानीय प्लंबर और राजमिस्त्री को प्रशिक्षित किया है। आशा और प्रगति की एक किरण के रूप में उभरते हुए, इस परियोजना के तहत स्वयं के संवेदीकरण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने ग्रामीण भारत को सुगम्य सड़कों के निर्माण के द्वारा भविष्य के लिए तैयार होने में मदद की है। हालाँकि शौचालय को एक बुनियादी आवश्यकता के रूप में मान्यता दी गई है, फिर भी वरिष्ठ नागरिक, दिव्यंगजन , गर्भवती महिलाए, बच्चों आदि सहित कम गतिशील लोगों की एक बड़ी संख्या इस सुविधा से वंचित है।


# शेयर बाजार फिसला

मुंबई, 20 नवम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर के कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर ऑटो, रियलटी, यूटिलिटी और कमोडिटी जैसे समूहों में हुई बिकवाली के कारण आज शेयर बाजार गिरावट में रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 139.58 अंक टूटकर 65665.15 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.80 अंक लुढ़ककर 19694 अंक पर रहा। बीएसई में छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली देखी गयी जिससे मिडकैप 0.06 प्रतिशत टूटकर 33361.52 अंक पर और स्मॉलकैप 0.39 प्रतिशत फिसलकर 39751.33 अंक पर रहा। बीएसई के अधिकांश समूह गिरावट में रहे जिसमें ऑटो 0.69 प्रतिशत, कमोडिटी 0.66 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स 0.43 प्रतिशत, रियलटी 0.33 प्रतिशत और यूटिलिटी 0.44 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बढ़त में रहने वालों में आईटी 0.64 प्रतिशत, टेक 0.52 प्रतिशत, टेलीकम्युनिकेशंस 0.44 प्रतिशत, हेल्थकेयर 0.31 प्रतिशत और एनर्जी 0.02 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है।

बीएसई में कुल 3980 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1997 गिरावट में और 1840 बढ़त में रहा जबकि 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर जर्मनी का डैक्स 0.26 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.59 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16 प्रतिशत की गिरावट में रहा जबकि हांगकांग 1.86 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स सात अंकों की मामूली गिरावट के साथ 65787.51 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 65844.01 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के दबाव में यह 66547.80 अंक तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 65974.73 अंक की तुलना में 0.21 प्रतिशत अर्थात 139.58 अंक गिरकर 65655.15 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से 19 लाल निशान में और 11 हरे निशान में रही।

एनएसई का निफ्टी लगभग सपाट 19731.15 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 19756.45 अंक के उच्चतम और 19670.50 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। पिछले दिवस के 19731.80 अंक की तुलना में 37.80 अंक अर्थात 0.19 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19694 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 27 को नुकसान हुआ जबकि 21 को लाभ हुआ और दो में कोई बदलाव नहीं हुआ।




| | अंतिम भाव ₹ में | % बदलाव |
|---|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 7,067.30 | -2.11 |
| एम एंड एम | 1,553.85 | -1.91 |
| अल्ट्रा टेक | 8,672.85 | -1.37 |
| बजाज फिनसर्व | 1,598.35 | -1.05 |
| टाटा मोटर्स | 674.05 | -1.02 |
| हिंद यूनिलीवर | 2,505.75 | -0.94 |
| एशियन पेंट्स | 3,139.60 | -0.88 |
| जेएसडब्ल्यू स्टील | 762.70 | -0.76 |
| एल एंड टी | 3,088.15 | -0.70 |
| एक्सिस बैंक | 988.55 | -0.60 |

# आयशर ने लांच की हेवी-ड्यूटी ट्रकों की नॉन-स्टॉप सीरीज

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड की बिजनेस यूनिट आयशर ट्रक्स एंड बसेस ने आज आयशर नॉन-स्टॉप सीरीज के लॉन्च की घोषणा की, जो हैवी ड्यूटी वाले ट्रकों की एक नई सीरीज है जिसे देश में तेजी से बदलती लंबी दूरी के ट्रांसपोर्टेशन के लिए डिज़ाइन किया गया है। चार नए हेवी-ड्यूटी ट्रकों वाली नॉन-स्टॉप सीरिज पॉवरफुल और फ्यूल एफिशिएंट इंजनों से लैस है और फ्लिट ओनर्स को बेहतर परफॉर्मेंस और बेहतर अपटाइम प्रदान करने के लिए एक कनेक्टेड सर्विस इकोसिस्टम द्वारा सपोर्टेट है। आयशर प्रो 6019 एक्सपीटी , टिपर; आयशर प्रो 6048एक्सपी, हॉलेज ट्रक; आयशर प्रो 6055एक्सपी और आयशर प्रो 6055एक्सपी 4गुना2, ट्रैक्टर-ट्रक, आयशर के भारी, मध्यम और हल्के ड्यूटी ट्रकों और बसों की एक्सटेंसिव लाइन-अप के कॉम्प्लीमेंट करता हैं। वीईसीवी के एमडी और सीईओ विनोद अग्रवाल ने कहा, 'हमें एचडी ट्रकों की नॉन-स्टॉप रेंज पेश करने में बहुत गर्व है जो इंडस्ट्री में स्टैंण्डर्ड स्थापित करेगा, जो न केवल हमारे कस्टमरों की सफलता के लिए हमारे डेडिकेशन का रिप्रजेंट करेगा बल्कि हमारे देश में लॉजिस्टिक्स की एफिशियंसी और कॉस्ट में सुधार की दिशा में भी। हमारे इंडस्ट्री के लीडिंग अपटाइम सेंटर और माय आयशर ऐप द्वारा सपोर्टेड, यह नई रेंज आयशर कस्टमरों के लिए अधिक प्रोडक्टिविटी और प्रोफीबिलटी प्रदान करेगी।



वीईसीवी के एचडी ट्रक बिजनेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गगनदीप सिंह गंधोक ने कहा , आयशर अपने ग्राहकों को एक मजबूत हेवी-ड्यूटी पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जो एक कनेक्टेड सर्विस इकोसिस्टम द्वारा सपोर्टेड है जिसके परिणामस्वरूप प्रोडक्टिविटी और प्रॉफिबिलटी में वृद्धि होती है।

# दाल दलहन और मीठे के बाजार में उबाल

**नई दिल्ली,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आवक कम रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में दाल दलहन के साथ ही मीठे के बाजार में तेजी रही जबकि खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 64 रिंगिट गिरकर 3805 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की बढ़त के साथ 51.98 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी और गुड़ में 100-100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही।



दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना और दाल चना 150 -150 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर दाल 150 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द दाल और अरहर दाल 500 रुपए प्रति क्विंटल उबल गयी जबकि मूंग दाल में टिकाव रहा।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल, बुंदेलखंड, गोरखपुर लिंक एवं गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे लगेंगे उद्योग

**लखनऊ,** 20 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने औद्योगिक केंद्रों के लिए स्थलों को चिन्हित कर लिया है। योजना के अनुसार यूपीडा प्रदेश में पांच एक्सप्रेसवेज के किनारे औद्योगिक केंद्रों की स्थापना करेगा।

इनमें आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे एवं गंगा एक्सप्रेसवे शामिल हैं। इस पर योगी सरकार अनुमानित सात हजार करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च करेगी। प्रदेश के कुल 12 जनपदों को जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे पर 11 स्थलों को औद्योगिक गलियारे के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1522 हेक्टेयर है। इस पर करीब 2300 करोड़ के अनुमानित व्यय का अनुमान है। इसी तरह, 7 जनपदों को जोड़ने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे 6 स्थलों को चिन्हित किया गया है। इसका प्रस्तावित क्षेत्रफल 1884 हेक्टेयर है, जिस पर 1500 करोड़ से ज्यादा व्यय का अनुमान है। इसी तरह, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से जुड़े 10 जनपदों में 5 स्थलों का चयन किया गया है। इसका कुल क्षेत्रफल 532 हेक्टेयर है, जिसके विकास पर करीब 650 करोड़ का व्यय अनुमानित है। वहीं, 9 जनपदों को जोड़ने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर औद्योगिक गलियारे के लिए 5 स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिसका प्रस्तावित क्षेत्रफल 1,586 हेक्टेयर है और अनुमानित व्यय 2300 करोड़ होने की संभावना है। पांचवां और अंतिम एक्सप्रेसवे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे है। इसके 4 जनपदों में 2 स्थानों को औद्योगिक केंद्रों के लिए चुना गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 345 हेक्टेयर होगा और अनुमानित व्यय 320 करोड़ होने की संभावना है।



कुल मिलाकर इन पांचों एक्सप्रेसवेज पर 30 स्थलों को चिन्हित किया गया है, जिसका कुल क्षेत्रफल 5,800 हेक्टेयर से ज्यादा है। यूपीडा की ओर से चिन्हित सभी 30 स्थलों से जुड़े 108 ग्रामों को प्रदेश सरकार की ओर से अधिसूचित किया जा चुका है। वहीं, भूमि क्रय के लिए संबंधित 6 जिलाधिकारियों को 200 करोड़ रुपए भी जारी किए जा चुके हैं। साथ ही भूमि क्रय के लिए बुंदेलखंड औद्योगिक प्राधिकरण की तर्ज पर 1,500 करोड़ रुपए अवमुक्त किए जाने का आदेश भी निर्गत किया जा चुका है। जनपद स्तर पर भूमि क्रय के लिए दरों का निर्धारण फिलहाल प्रक्रिया में है।

# खेल जगत

## अवाईस के लिए नामित होने पर सविता ने कहा, यह टीम वर्क का नतीजा है

**बेंगलुरु,** 20 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता ने एफआईएच हॉकी स्टार्स अवार्ड्स में गोलकीपर ऑफ द ईयर श्रेणी में लगातार तीसरी बार चुने जाने पर कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो बार यह पुरस्कार जीतूंगी। सविता, जिन्होंने 2021 और 2022 में एफआईएच पुरस्कार जीते थे। उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धि टीम वर्क का परिणाम है। सविता ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं लगातार दो वर्षों तक यह पुरस्कार जीतूंगा, और अब तीसरी बार इसके करीब हूं। मैं वास्तव में बहुत अच्छा महसूस कर रही हूं। यह मेरे, मेरे परिवार और मेरे साथियों के लिए भी गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, टीम खेल में कोई भी उपलब्धि व्यक्तिगत प्रयासों पर आधारित नहीं होती बल्कि टीम वर्क का परिणाम होती है। आपकी कड़ी मेहनत के लिए पहचाना जाना बहुत अच्छी बात है और यह पूरी टीम को प्रेरित करती है।



# वर्ल्ड कप 2023 की आईसीसी टीम, विराट-रोहित समेत 6 भारतीय को मिली जगह




**नई दिल्ली,** 20 नवंबर (एजेंसियां)। आईसीसी ने वर्ल्ड कप 2023 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट का ऐलान कर दिया है। इस टीम में दमदार प्रदर्शन करने वाले छह भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिसमें भारत के कप्तान रोहित शर्मा, करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली और मोहम्मद शमी का नाम भी शामिल है।

टूर्नामेंट में भारत उपविजेता रहा। अहमदाबाद में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट की हार के साथ उसकी दस मैचों की अजेय जीत का सिलसिला समाप्त होने के बाद टीम के छह खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट की टीम में जगह बनाई। जिसमें अग्रणी रन-स्कोरर और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट कोहली के साथ-साथ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले शमी भी शामिल हैं। 50 ओवर के विश्व कप में लगातार दूसरी बार टूर्नामेंट की टीम में जगह बनाने वाले रोहित शर्मा ने भारत के लिए शीर्ष क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शून्य पर आउट होने के बाद रोहित शर्मा अफगानिस्तान के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए, जहां उन्होंने सिर्फ 84 गेंदों में 131 रनों की तूफानी पारी खेलकर अजेय रहे।

विराट कोहली टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। राहुल ने पूरे टूर्नामेंट में कई महत्वपूर्ण पारियां खेलीं, जैसे चेन्नई में नाबाद 97 रन और साथ ही बेंगलुरु में अपने घरेलू मैदान पर नीदरलैंड पर नियमित जीत में शतक। उन्होंने फाइनल में भारत के लिए सर्वाधिक 66 रन बनाए। लेकिन, इस बार अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए।

जडेजा ने भी गेंद से प्रभावित किया। शमी को भारत की प्लेइंग-11 में देर से शामिल किया गया, लेकिन उसके बाद उन्होंने बड़ा प्रभाव छोड़ा। न्यूजीलैंड पर सेमीफाइनल में सात विकेट लेने की सफलता के बाद उन्होंने विश्व कप नॉकआउट खेल में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। न्यूजीलैंड (5/54) और श्रीलंका (5/18) के खिलाफ शानदार प्रदर्शन ने शमी को विकेट चार्ट में शीर्ष पर पहुंचाने में मदद की।

रोहित की तरह ही बुमराह को लगातार दूसरे विश्व कप में 20 विकेट लेने के बाद शामिल किया गया है। जो 2019 में उनके टैली से दो अधिक है।

नई गेंद से खतरा पैदा करने वाले बुमराह ने भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श और स्टीवन स्मिथ के शुरुआती विकेट चटकाए। टूर्नामेंट की टीम में अन्य खिलाड़ियों में ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और लेग स्पिनर एडम ज़म्पा शामिल हैं, जिन्होंने रविवार को ऑस्ट्रेलिया को छठा विश्व कप खिताब दिलाने में मदद की।

### 2023 वर्ल्ड कप की आईसीसी टीम

क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, डेरिल मिशेल, केएल राहुल, ग्लेन मैक्सवेल, जसप्रीत बुमराह, दिलशान मदुशंका, एडम जम्पा, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी।

## छठी बार वनडे वर्ल्ड कप जीतने पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कहा, 'अविश्वसनीय' व 'अद्भुत अहसास'



**अहमदाबाद,** 19 नवंबर (एजेंसियां)। रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर छठी बार वनडे वर्ल्ड कप का खिताब जीता। इस यादगार जीत को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने %अविश्वसनीय% और अद्भुत अहसास बताया, जबकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने इसे 2015 में अपनी जीत से भी बड़ी उपलब्धि करार दिया। भारत के 240 रनों के जवाब में ट्रैविस हेड की शतकीय पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में छठी बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

इस जीत को ट्रैविस हेड ने एक शानदार दिन करार दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले दो मैच हारने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता है। ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाने में हेड का साथ देने वाले मार्नस लाबुशेन ने कहा कि यह अब तक की सबसे अच्छी उपलब्धि है जिसका वह हिस्सा रहे हैं।

ग्लेन मैक्सवेल, जिन्होंने दोहरा शतक बनाकर ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दिलाई और सेमीफाइनल में जगह पक्की की। वो भी अपनी टीम की इस जीत से काफी खुश नजर आए। वहीं, तेज गेंदबाज हेजलवुड ने कहा कि यह जीत 2015 विश्व कप में उनकी जीत से भी बड़ी है। हेजलवुड ने कहा, मुझे लगता है कि यह (2015 विश्व कप जीत) से भी बड़ा है।

स्टीव स्मिथ ने इसे अविश्वसनीय प्रदर्शन बताया। उन्होंने कहा, यह अविश्वसनीय है और हां, यह शानदार प्रदर्शन था। गेंदबाजों ने माहौल तैयार किया और आज शाम क्षेत्ररक्षण बहुत अच्छा था। खेल को आगे बढ़ाया और अपनी ताकत के अनुसार खेलते रहे। यह हमारे लिए आदर्श शुरुआत नहीं थी, लेकिन हमें खुद पर विश्वास था।

## ओ डॉनेल की भविष्यवाणी, ट्रैविस हेड हैं ऑस्ट्रेलिया के फ्यूचर कप्तान



**नई दिल्ली,** 20 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन ओ डॉनेल का मानना है कि भारत के खिलाफ विश्व कप 2023 फाइनल में 137 रन की शानदार पारी के बाद बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड एक दिन ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे।

रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हेड ने 120 गेंदों में 137 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 15 चौके और चार छक्के शामिल थे। खिताबी मुकाबले में उनकी इस पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 43 ओवरों में 241 रनों का छोटा लक्ष्य चेज कर लिया।

हेड विश्व कप के इतिहास में सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाले चौथे क्रिकेटर बन गए। इससे पहले उन्होंने कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अंतिम चार मुकाबले में यह पुरस्कार जीता था। हेड ने इस साल जून में लंदन के ओवल में भारत के खिलाफ पहली पारी में 174 गेंदों में 163 रनों की तेज पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को पहला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खिताब दिलाया था।

ओ डॉनेल ने एसईएन रेडियो से कहा, मुझे लगता है कि हम ट्रैविस हेड के रूप में अगले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पर विचार कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बनने के लिए शायद उन्हें उनमें से किसी एक प्रारूप को छोड़ना होगा। जिससे उनका वर्क लोड सही से मैनेज हो पाए।

### फाइनल में अपने अर्धशतक पर क्या बोले लाबुशेन?

ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा कि भारत के खिलाफ विश्व कप फाइनल में 241 रनों के सफल चेज के दौरान ट्रैविस हेड के साथ बल्लेबाजी करते समय उनकी मानसिकता ऐसी बल्लेबाजी करने की थी, जैसे कि यह एक टेस्ट मैच हो। सात ओवरों की समाप्ति पर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 47/3 था। फिर, लाबुशेन ने हेड के साथ 192 रन की साझेदारी की। लाबुशेन ने 110 गेंदों में नाबाद 58 रन बनाए और अपनी टीम की जीत पक्क की। इस मैच जिताऊ पारी के बाद लाबुशेन ने कहा, जब मैं बल्लेबाजी के लिए इंतजार कर रहा था तो मैं काफी घबराया हुआ था। लेकिन, जब आप मैदान पर उतरते हैं, तो वास्तव में कुछ भी नहीं बदलता है। लाबुशेन ने कहा, आप गेंद को देख रहे होते हैं और आप बस जोन में आने की कोशिश करते हैं। मेरी मानसिकता यह थी कि आप इसे टेस्ट मैच की तरह लें। जब आप ट्रैविस हेड के साथ बल्लेबाजी कर रहे होते हैं, तो आमतौर पर रन-रेट का कोई दबाव नहीं होता है। जब आप 230 (241) जैसे कम स्कोर का पीछा कर रहे होते हैं, जब तक कि आप वास्तव में संघर्ष नहीं कर रहे हों, रन-रेट का ज्यादा दबाव नहीं होगा। यह सिर्फ अच्छा और सकारात्मक होने के बारे में था। एश्टन एगर के चोटिल होने के बाद लाबुशेन को अंतिम समय में विश्व कप टीम में शामिल किया गया और उन्होंने टूर्नामेंट के विभिन्न चरणों में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसका परिणाम ऑस्ट्रेलिया के लिए छठा विश्व कप खिताब था।

## रोहित, द्रविड़ ने महसूस की फाइनल में दिल तोड़ने वाली हार की टीस

- हमने अपनी ओर से हर मुमकिन कोशिश की : रोहित शर्मा
- हम हम वन डे विश्व कप के केवल फाइनल में अच्छा नहीं खेले
- पिच बिजली के दूधिया प्रकाश में बल्लेबाजी के लिए बेहतर हो गई थी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 20 नवंबर (देशबन्धु)। भारत का लगातार दस जीत के साथ फाइनल में पहुंच कर ऑस्ट्रेलिया से आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के फाइनल में अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में छह विकेट से हार के साथ तीसरी बार यह खिताब जीतने के सपने के टूटने का दर्द यूं तो देश के सभी क्रिकेट प्रेमियों को है। लगातार दस भारत के बाद फाइनल में दिल तोडने वाली हार की सबसे ज्यादा टीस और दर्द टीम के कप्तान रोहित शर्मा और चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने महसूस की। भारत की इस हार के बाद टीम के कप्तान रोहित शर्मा और चीफ कोच राहुल द्रविड़ की आंखों में आंसूं थे।

ट्रेविज हेड के शतक और कप्तान पैट कमिंस की अगुआई में तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति की रफ्तार और धार की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हरा कुल बार आईसीसी वन डे क्रिकेट खिताब जीत कर भारतीय टीम और मेजबान देश के क्रिकेट प्रेमियों को ऐसा %दर्द' दिया जिसकी टीस वह भुलाना उनके लिए कतई आसान नहीं होगा। कप्तान रोहित शर्मा के पांच शतकों के बावजूद भारत 2019 के संस्करण के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मात्र 18 रन से हार गया था। 2023 के संस्करण में खुद अनुकरणीय और दे दनादन अंदाज में बल्लेबाजी कर भारत को अजेय रहकर फाइनल में पहुंचाने के बाद आखिर बाधा पर लडखड़ा कर गिरने से और राहुल द्रविड़ का 2003 में बतौर उपकप्तान ऑस्ट्रेलिया से 125 रन से हारने के बाद इस बार उन्हें बतौर चीफ कोच उससे 2023 के फाइनल में हार से जीत के रेत की तरह मुट्ठी से फिसल जाने की कसक द्रविड़ और रोहित शर्मा से बेहतर शायद ही कौन अन्य समझ सकता। पुरानी कहावत है कामयाबी के लिए पुरुषार्थ के साथ थोड़ा सा भाग्य का भी सात जरूरी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप जीतने के बेहद करीब पहुंचाने इससे चूकने पर भारतीय क्रिकेट टीम ने रविवार रात ठीक ऐसा ही दर्द और टीस महसूस की।



रविवार रात भारत की वन डे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार पर कप्तान रोहित शर्मा और चीफ कोच राहुल द्रविड़ की आखों से छलके आंसूं और फाइनल सहित 11 मैचों में तीन शतकों और छह शतकों सहित कुल सबसे ज्यादा 765 रन बना मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे भारत के विराट कोहली का गमगीन चेहरा बहुत कुछ इन सभी के दिल के दर्द को बयां कर रहा था। भारत की फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार पर निराश कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, %मेरी यह मानना है कि बिजली के दूधिया प्रकाश में पिच बल्लेबाजी के लिहाज से बेहतर हो गई। हम यह जानते थे कि पिच का मिजाज ऐसा रहेगा लेकिन हम इस हार के लिए कोई बहाना नहीं बनाना चाहते। मुझे अपनी भारतीय टीम पर गर्व है कि हमने पूरे वन डे विश्व कप में हमारी टीम छाई रही। हम बस फाइनल में अच्छा नहीं खेले और इसमें नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा। हमने अपनी ओर से हर मुमकिन कोशिश की। मेरे कहने का मतलब यह है कि हमने यदि 20-30 रन और बनाए होते तो बेहतर होता। मेरा मानना है जब विराट और केएल राहुल बल्लेबाजी कर रहे थे तब हमने 25से 30 वें ओवर की बाबत बात की। हमारी निगाहें 270-280 रन का स्कोर बनाने पर लगी थी लेकिन बदकिस्मती से हम बराबर विकेट गंवाते चले गए। वहीं शुरू में तीन विकेट सस्ते में गंवाने के बाद ट्रेविज हेड और मरनस लबुशेन ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़ीभागीदारी कर फाइनल हमें बाहर कर दिया।

### वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 फाइनल में हम अपनी क्षमता के मुताबिक नहीं खेले : द्रविड़

भारत की ऑस्ट्रेलिया के हाथों रविवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप फाइनल में छह विकेट से हार के बाद टीम के चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने अपनी आंखों के आंसुओं को रोकने की पुरजोर कोशिश लेकिन वे बह निकले। द्रविड़ ने भारत की फाइनल में हार के बाद माना कि उनकी टीम एक बेहतर टीम से हारी। द्रविड़ से जब यह पूछा गया कि उनकी टीम सूखी पिच पर 240 रन पर क्यों सिमट तो उन्होंने कहा, %जब भी फाइनल में हमने पारी को संभाल उसे रफ्तार देने की कोशिश तो हमने विकेट गंवा दिया। इसीलिए हमारी पारी रफ्तार नहीं पकड़ सकी। मैं इस बात से इत्तफाक नहीं रखता कि हमारी टीम फाइनल में रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डरी हुई थी। फाइनल में पहले पॉवरप्ले के बाद हमारा स्कोर दो विकेट पर 80 रन था। बदकिस्मती से चाहे वह एडिलेड में टी-20 विश्व कप का सेमीफाइनल हो, ओवल में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल हो या फिर रविवार वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 का फाइनल हम अपनी क्षमता के मुताबिक नहीं खेले और खेल में ऐसा मुमकिन है।'

## भारत जीत का प्रबल दावेदार था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने बाजी मारी : ब्रेट ली

नई दिल्ली, 20 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के महान तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि भारत निश्चित रूप से ट्रॉफी जीतने का प्रबल दावेदार था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की दृढ़ता ने उनसे जीत छीन ली। भारत टूर्नामेंट से पहले प्रबल दावेदार था और उसने प्रतियोगिता में परिचित परिस्थितियों में लगातार 10 मैच जीते।

लेकिन, अहमदाबाद में रविवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से छह विकेट से हार के बाद उनका अजेय क्रम समाप्त हो गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम 240 रन पर सिमट गई। जिसे ऑस्ट्रेलिया ने ट्रैविस हेड की 120 गेंदों में 137 रनों की शानदार पारी की बदौलत 43 ओवर में हासिल कर लिया।



### आंकड़ों को देखे तो मुकाबला भारत को जीतना था

ब्रेट ली ने फॉक्सस्पोर्ट्स.कॉम.एयू से कहा, यदि आप आंकड़ों पर नजर डालें और इस अभियान में क्या हुआ है, तो भारत को जीतना चाहिए था। भारत टूर्नामेंट में पसंदीदा था। लेकिन, कभी हार न मानने की पुरानी ऑस्ट्रेलियाई मानसिकता है और यह बड़े टूर्नामेंटों में बहुत काम आती है। फाइनल मुकाबले के दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि टीम के बीच उस दृढ़ता, समर्पण और आत्म-विश्वास के साथ आप वास्तव में कुछ भी कर सकते हैं।

### लीग चरण में भारत और अफ्रीका से हारा था ऑस्ट्रेलिया

लीग चरण में भारत और दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया के अभियान की शुरुआत खराब रही। लेकिन, उन्होंने श्रीलंका पर जीत के साथ वापसी की, जिससे विश्व कप खिताब जीतने के लिए लगातार नौ मैच जीतने का सिलसिला शुरू हुआ। 2003 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य ली ने फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के शानदार प्रदर्शन का श्रेय कप्तान पैट कमिंस को दिया।

## खराब फील्डिंग और बल्लेबाजी बनी भारत की दुश्मन

**अहमदाबाद,** 20 नवंबर (एजेंसियां)। भारत रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में घरेलू मैदान पर दो पुरुष वनडे विश्व कप खिताब जीतने वाला एकमात्र देश बनने का सुनहरा मौका चूक गया। पूरा देश जिस जीत की उम्मीद कर रहा था, वो एक दर्दनाक हार में बदल गई। भारतीय खिलाड़ियों के आंखों में जो आंसू खुशी के देखने थे, वो गम के दिखे क्योंकि कंगारूओं ने फाइनल मुकाबले में बाजी मारी और भारत का ट्रॉफी जीतने का सपना तोड़ दिया।

ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे सफल खिलाड़ी ट्रैविस हेड (137) रहे, जिन्होंने अपनी शतकीय पारी के दम पर भारत की हार की कहानी लिखी। उनकी शानदार बल्लेबाजी ने भारतीय गेंदबाजों को खूब छकाया। इस मुकाबले में चाहे बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या क्षेत्ररक्षण ऑस्ट्रेलिया पूरी तरह से रोहित एंड कंपनी पर हावी थी। वहीं, भारतीय टीम पिछड़ती नजर आई।

बहुत धीमी और मुश्किल पिच पर पहले बल्लेबाजी करने से भारत पहले ही बैकफुट पर आ गया था। बड़ी मुश्किल से भारत ने 240 का लक्ष्य सेट किया। मगर, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शुरुआती झटके लगने के बावजूद इसे



आसानी से हासिल किया। भारत, जिसने लगातार दस जीत के साथ विश्व कप में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया था। ऐसा लग रहा था कि वह पूरी तरह तैयार था। कोच द्रविड़ ने स्वीकार किया कि टीम मजबूत स्कोर से 30-40 रन पीछे रह गई।

## सार संक्षेप

### डेविस कप 2023 : जोकोविच, मरे, सिनर स्पेन में अंतिम-8 मुकाबले के लिए तैयार

**मलागा (स्पेन)।** रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता और वर्तमान विश्व नंबर-1 नोवाक जोकोविच एक्शन में लौटेंगे क्योंकि उनका लक्ष्य सर्बिया को दूसरा डेविस कप खिताब दिलाना है। डेविस कप फाइनल इस सप्ताह स्पेन के मलागा में खेला जाएगा, जहां आठ टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। टेनिस के विश्व कप के रूप में प्रसिद्ध, डेविस कप के 2023 संस्करण के टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जोकोविच को एंडी मरे की अगुवाई वाली ग्रेट ब्रिटेन से कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा, जो 21 नवंबर से खेला जाएगा। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने सोमवार को बताया कि टूर्नामेंट रोमांचक होने वाला है। जिसमें मौजूदा चैंपियन कनाडा के साथ फिनलैंड, इटली, नीदरलैंड, चेकिया, ऑस्ट्रेलिया, सर्बिया और ग्रेट ब्रिटेन मलागा में अंतिम 8 में शामिल होंगे। जोकोविच और मरे के अलावा, जननिक सिनर भी अपने-अपने देशों के लिए टूर्नामेंट के महत्वपूर्ण चरण में शामिल होंगे। दिलचस्प बात यह है कि जोकोविच ने रविवार को निट्टो एटीपी फाइनल्स में सिनर को हराया था। सर्बियाई दिग्गज, जो इस साल पहले ही तीन ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं, सीजन का अंत शानदार तरीके से करना चाहेंगे। इसके अलावा 2023 टेनिस कैलेंडर अपने अंतिम पड़ाव पर है। डेविस कप के लिए दांव हमेशा की तरह ऊंचे हैं और प्रशंसक कोर्ट पर कुछ आकर्षक लड़ाइयों की उम्मीद कर सकते हैं।

### शेन वॉटसन ने हेड और कमिंस की जमकर की तारीफ

**नई दिल्ली।** दो बार के विश्व कप विजेता शेन वॉटसन ने अहमदाबाद में मेजबान भारत पर ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप फाइनल में यादगार जीत के बाद ट्रैविस हेड और पैट कमिंस की प्रशंसा की है। अहमदाबाद में खेले गए विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर छठी बार ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। इस जीत में ऑस्ट्रेलिया के हीरो रहे ट्रैविस हेड, जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से भी नवाजा गया है। हेड ने पहले रोहित शर्मा का शानदार कैच लपका और भारतीय टीम को बड़ा झटका दिया। फिर, शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम की जीत पक्की की। ऑस्ट्रेलिया के छठे क्रिकेट विश्व कप खिताब के बाद आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट के नए एपिसोड में बोलते हुए वॉटसन ने शुरुआती बल्लेबाजों की निरंतर आक्रामकता की सराहना की। वॉटसन ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हेड एक शानदार बल्लेबाज हैं। वह खेल को आगे बढ़ाता है। एक बार जब वह अपनी लय हासिल कर लेता है, जैसा कि हमने लगभग 50 या 60 रनों के बाद देखा, तो उसे आउट करना काफी मुश्किल हो जाता है। टूर्नामेंट की शुरुआत में दो हार के बाद कमिंस सवालों के घेरे में आ गए। लेकिन वॉटसन ने कमिंस की कप्तानी और रणनीति को सलाम किया है।